राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून


लखनऊ, मंगलवार, 31 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 177, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव 2026 का भव्य आगाज़...03

'नहीं दूंगा, जो करना है कर लो', सिलेंडर मांगने पर एजेंसी मैनेजर ने युवक के साथ की हाथापाई, दर्ज हुई शिकायत...12

# नक्सली हथियार डाल दें, नहीं तो अब गोली का जवाब गोली से देंगे... लोकसभा में बोले अमित शाह



नक्सल मुक्त भारत पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि देश लंबे समय से नक्सलवाद से पीड़ित था. हम नक्सल मुक्त भारत की बात कर रहे हैं. हम आदिवासियों के लिए लड़ रहे हैं। देश के 12 राज्य नक्सलवाद से पीड़ित थे। वामपंथी विचारधारा से इन राज्यों में नक्सलवाद फैला। बस्तर से नक्सलवाद लगभग समाप्त हो गया बस्तर के हर गांव में स्कूल बनाए गए. बस्तर में लाल आतंक की परछाई से विकास नहीं हुआ. जो हथियार उठाएगा उसका हिसाब होगा. शाह ने कहा कि नक्सलियों के लिए विपक्ष को दर्द हो रहा है. आदिवासियों को लेकर कांग्रेस अपने गिरेबां में झांके। पिछली सरकारों ने आदिवासियों का विकास नहीं किया। शाह ने कहा कि जनता का साथ मिलने से नक्सलवाद खत्म हुआ।

**नक्सल विचार में सत्ता बंदूक से निकलती है-शाह**

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को घर-पानी नहीं दिए. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश नक्सलवाद मुक्त हुआ. नक्सलवाद का विकास से कोई मतलब नहीं है. नक्सल विचार में सत्ता बंदूक से निकलती है. नक्सली अपने लोगों का भी खून बहाते हैं. आदिवासियों को बरगलाकर हथियार दिए. आज वामपंथी उग्रवाद खत्म होने में जनाता का भरपूर साथ मिला है।

**रेड कॉरिडोर में नक्सलवाद के चलते गरीबी आई**

शाह ने आगे कहा कि नक्सलियों के आदर्श माओ है. आदिवासी माओ को अपना आदर्श मानने लगे. गरीबी के कारण नक्सलवाद नहीं फैला. रेड कॉरिडोर में नक्सलवाद के चलते गरीबी आई. आदिवासी पढ़ नहीं पाए इसलिए स्कूल जला दिए।

**आदिवासी अभी तक विकास से महरूम क्यों रहे?**

शाह ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि 75 साल में 60 साल तो शासन आपने किया, आदिवासी अभी तक विकास से क्यों महरूम रहे? आदिवासियों का विकास तो अब मोदी जी कर रहे हैं. 60 साल कांग्रेस ने उन्हें घर नहीं दिया, पानी नहीं दिया, स्कूल नहीं बना, बैंक की फैसिलिटी नहीं पहुंचने दिया, इसलिए पहले थोड़ा अपनी गिरेबान में झांककर देखो कि दोषी कौन है।

**कांग्रेस के शासन में माओवादी विचारधारा फैली**

शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में माओवादी विचारधारा फैली. इंदिरा गांधी के राजनीतिक स्वार्थ से नक्सल फैला. 1970 के दशक में नक्सलबाड़ी से नक्सलवाद की शुरुआत हुई. सलवा जुडूम की शुरुआत कांग्रेस नेता ने की. नक्सलियों ने कांग्रेस नेता कर्मा की हत्या की. शाह ने कहा कि 1970 से 2004 के बीच नक्सलवाद देश में फैला. समस्या का समाधान बातचीत से निकलता है, हथियार से नहीं. नक्सलियों के पास ज्यादातर हथियार पुलिस के लूटे हुए हैं।

**'नक्सली हथियार डाल दें.. अब गोली का जवाब गोली से'**

शाह ने कहा कि नक्सली हिंसा करने वालों के दिन अब समाप्त हो गए. मैं 50 बार कह चुका हूं कि नक्सली हथियार डाल दें, नहीं तो सरकार अब गोली का जवाब गोली से देगी. संविधान को कोई चुनौती नहीं दे सकता. बंदूक चलाने वालों से अब कोई बात नहीं. हथियार डालने वालों को सरकार मदद करेगी।

**नक्सलियों से लड़ते हुए 5000 जवान शहीद**

गृह मंत्री ने आगे कहा कि नक्सलियों से लड़ते हुए पांच हजार जवान शहीद हो गए. अर्बन नक्सली मानवता के साथ नहीं. मानवता के दोहरे चरित्र को स्वीकार नहीं करता. उन्होंने कहा कि राजनीतिक इच्छाशक्ति से नक्सलवाद खत्म किया. कुछ लोग चर्चा से नहीं बल से मानते हैं. मोदी सरकार ने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की. 2014 में मोदी जी आए, 2026 में सबकी समाप्ति हो गई।

**सीपीआई (एमएल) ही आज के नक्सली हैं'**

शाह ने कहा कि सीपीआई (एमएल) ही आज के नक्सली हैं. इसका मकसद विकास नहीं है. इसकी विचारधारा दूसरे देश से प्रेरित हैं. 2014 के बाद नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास किया. नक्सल प्रभावित इलाकों में 20 हजार करोड़ रुपये खर्च किए. नक्सल प्रभावित इलाकों में 12500 किमी सड़कें बनीं. आदिवासी इलाकों में 5000 मोबाइल टावर बने. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने नक्सलियों को बचाया।

**3 साल में 706 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए**

कांग्रेस की सरकारों की वजह से इसमें देरी हुई. 3 साल में 706 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए. 2024 से 2026 में 4839 नक्सलियों ने सरेंडर किया. 2208 नक्सली जेल में गए. नक्सली हिंसा करने वालों के दिन अब लद गए।

# बहू पर सास-ससुर के भरण-पोषण की कानूनी बाध्यता नहीं: इलाहाबाद हाईकोर्ट

### ● बेटे की मृत्यु के उपरांत कांस्टेबल बहू से गुजारा भत्ता की मांग में दायर याचिका खारिज

### आपराधिक पुनरीक्षण याचिका में आगरा की फैमिली कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी




**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की कि CrPC की धारा 125 या ब्न्हस्स् की धारा 144 के कानूनी प्रावधानों के तहत बहू पर अपने सास-ससुर के भरण-पोषण की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। यह देखते हुए कि CrPC की धारा 144 के तहत भरण-पोषण का दावा करने का अधिकार एक कानूनी अधिकार है और यह केवल उन व्यक्तियों की श्रेणियों तक ही सीमित है, जिनका उसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया, जस्टिस मदन पाल सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी की कि सास-ससुर उक्त प्रावधान के दायरे में नहीं आते हैं। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि कोई नैतिक दायित्व, चाहे वह कितना भी बाध्यकारी क्यों न लगे, किसी कानूनी आदेश के अभाव में कानूनी दायित्व के रूप में लागू नहीं किया जा सकता।'विधायिका ने अपनी समझदारी से, सास-ससुर को उक्त प्रावधान के दायरे में शामिल नहीं किया। दूसरे शब्दों में, विधायिका की यह मंशा नहीं है कि उक्त प्रावधान के तहत बहू पर उसके सास-ससुर के भरण-पोषण का दायित्व डाला जाए। 'इसके साथ ही पीठ ने एक बुजुर्ग दंपति द्वारा अपनी बहू के खिलाफ दायर की गई एक आपराधिक पुनरीक्षण खारिज की।

याचिकाकर्ताओं ने आगरा के प्रिंसिपल जज, फैमिली कोर्ट द्वारा अगस्त, 2025 में पारित आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें BNSS की धारा 144 के तहत भरण-पोषण की मांग करने वाले उनके आवेदन खारिज कर दिया गया था। माता-पिता ने यह दलील दी कि वे वृद्ध, अनपढ़, निर्धन हैं और अपने दिवंगत बेटे के जीवित रहते पूरी तरह से उसी पर निर्भर हैं। उन्होंने यह तर्क दिया कि उनकी बहू, जो उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है, उसकी अपनी पर्याप्त स्वतंत्र आय है और उसे दिवंगत बेटे के सभी सेवा और रिटायरमेंट लाभ भी प्राप्त हुए हैं। याचिकाकर्ताओं ने यह तर्क दिया कि अपनी वृद्ध सास-ससुर के भरण-पोषण के बहू के नैतिक दायित्व को कानूनी दायित्व के रूप में माना जाना चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया।

कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि रिकॉर्ड पर ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे यह संकेत मिले कि बहू को पुलिस में नौकरी अनुकंपा के आधार पर मिली थी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि दिवंगत बेटे की संपत्ति के उत्तराधिकार से संबंधित दलीलें भरण-पोषण की इन संक्षिप्त कार्यवाहियों में विचार के दायरे में नहीं आती हैं। अतः, फैमिली कोर्ट के आदेश में कोई अवैधता, विकृति या त्रुटि न पाते हुए हाईकोर्ट ने आपराधिक पुनर्विचार याचिका खारिज की।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ग्राम सतगता की महिलाओं ने शराब की दुकान हटाने की मांग की




**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम सतगता की कई महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर गांव से देशी शराब की दुकान हटाने की मांग की। मांग करते हुए उन्होंने कहा कि शराब सेवन के कारण कई गरीब परिवार तबाह हो गए हैं। शराब पीकर पुरुष सदस्य महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं, जिसके चलते महिलाओं में भय व्याप्त है, महिलाएं मेहनत मजदूरी करके जो पैसा लाती है पुरुष उसे छीनकर शराब पी लेते हैं और महिलाओं को परेशान करते हैं। गांव के परिवारों का माहौल खराब होने से छोटे छोटे बच्चे और बच्चियों पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने कई बार प्रार्थना पत्र दिए लेकिन अभी तक दुकान नहीं हटाई गई है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि दुकान को नही हटाया गया तो महिलाएं 1 अप्रैल से आंदोलन करने को विवश होंगी, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। महिला सशक्तिकरण का जो प्रधानमंत्री का विजन है उसे गांव की शराब की दुकानें पलीता लगा रही हैं।

### सरस्वती विद्या मंदिर महरौनी में मनाया जाएगा गणित उत्सव

**ललितपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब ललितपुर के अंतर्गत अध्यक्ष/जिलाधिकारी सत्यप्रकाश एवं उपाध्यक्ष/मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की सहमति एवं निर्देशन में एवं सचिव/जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश मार्गदर्शन में आगामी 31 मार्च 2026 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महरौनी में गणित उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, गणित मॉडल प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने कहा कि समस्त राजकीय, अशासकीय, वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्य को आदेशित कर दिया है कि छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कराया जाए। इस प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के भी कक्षा 6-8 तक के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे।

# पश्चिम एशिया युद्ध के चलते गायिका शकीरा और रैपर कान्ये वेस्ट का कंसर्ट स्थगित, स्वदेशी मेला भी प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते अभी भी हवाई यात्रा प्रभावित है। बरसती मिसाइलों तथा ड्रोन हमलों से सुरक्षा की चिंता भी हावी है। इसके चलते न सिर्फ सामानों की आवाजाही और पर्यटन प्रभावित है। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय गायकों के बहुप्रतिक्षित कंसर्ट और अंतरराष्ट्रीय मेले भी स्थगित या निरस्त करने पड़ रहे हैं। कंसर्ट आयोजन से जुड़े लोगों के अनुसार, अभी भी विश्व की स्थिति ठीक नहीं है। सबसे अधिक चिंता, हवाई यात्रा और उसकी सुरक्षा को लेकर है।

**शकीरा के साथ आने थे 100 से अधिक टीम मेम्बर्स**

कभी भी स्थिति और बिगड़ जाने की आशंका है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर के गायक अभी ज्यादा निकलने से परहेज कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय गायिका व नृत्यांगना शकीरा को ही लें। उनका कंसर्ट 15 अप्रैल को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित था। मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, यह आयोजन अब स्थगित है। क्योंकि, शकीरा के साथ बड़ी टीम चलती है, जिसमें 100 से अधिक लोग शामिल है। साथ ही लॉजिस्टिक भी काफी होता है। उसे दुबई होते हुए भारत आना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में अब आगे कुछ माह में उन आयोजन को कराने पर विचार चल रहा है।


**हजारों टिकट हो गए थे बुक, प्रशंसक हुए निराश**

इसी तरह, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 29 मार्च को ही अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट का लाइव कंसर्ट था, जिसे ऐन वक्त पर स्थगित करना पड़ा था, जिसके हजारों टिकट बुक हो गए हैं। ऐन वक्त पर कंसर्ट स्थगित होने से प्रशंसकों को काफी निराशा भी हुई है। इवेंट एंड इंटरटेंमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष समित गर्ग के अनुसार, युद्ध की स्थिति किसी के लिए भी ठीक नहीं रहती है। शांति और उल्लास के माहौल में आयोजन होते हैं। डर के साए में नहीं। यह अंतरराष्ट्रीय इंवेट आयोजन के लिहाज से खराब समय है। उन्होंने बताया कि कई आयोजन स्थगित हुए हैं और उसे आगे के महीनों के लिए आगे बढ़ाया जा रहा है, उस उम्मीद पर कि माहौल ठीक रहेगा।

**भारत आने में असमंजस महसूस कर रहे**

केवल अंतरराष्ट्रीय गायक व नृत्यांगनाओं के ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेले भी स्थगित किए जा रहे हैं। भारत मंडपम में एक से पांच मई तक अंतरराष्ट्रीय स्वदेशी मेला आयोजित था, जिसमें विभिन्न देशों से निर्माता, विक्रेता, खरीदार शामिल होने थे, जो युद्ध की स्थिति को देखते हुए लाजिस्टिक के साथ खुद भी भारत आने में असमंजस महसूस कर रहे थे। ऐसे में उन्होंने मेले के आयोजक कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) से तिथि बढ़ाने का आग्रह किया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री व चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि काफी निर्माताओं व मेले में भाग लेने आ रहे दूसरे देश के लोगों ने हवाई उड़ानों में दिक्कतों व सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए आयोजन आगे बढ़ाने का आग्रह किया था। जिसके मद्देनजर अब उसे 12 से 15 अगस्त के लिए निर्धारित किया गया है।

# अरविंद केजरीवाल को बरी करने के फैसले के खिलाफ ED ने दिल्ली HC से की अपील



### ● समन का पालन न करने का मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में बार-बार समन जारी होने के बावजूद भी पूछताछ में शामिल नहीं होने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बरी करने के ट्रायल कोर्ट के निर्णय को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। ईडी की अपील याचिका पर बुधवार को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ सुनवाई करेगी। ईडी ने इस मामले में केजरीवाल के खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।

ट्रायल कोर्ट के 22 जनवरी को इस मामले में निर्णय सुनाया था। अपील याचिका में ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल जानबूझकर समन का जवाब नहीं दे रहे थे और जांच में शामिल न होकर आदेशों का पालन नहीं किया। एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया था कि केजरीवाल ने समन पर दिए गए अपने जवाब में बेतुकी आपत्ति उठाई थी और जानबूझकर जांच में शामिल न होने के बहाने बनाए। वहीं, ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल को बरी करते हुए कहा था कि ईडी यह साबित करने में नाकाम रही कि केजरीवाल ने जानबूझकर उन्हें जारी किए गए समन का पालन नहीं किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि इस मामले में अन्य आरोपित केजरीवाल के संपर्क में थे और इससे उन्हें अनुचित लाभ मिला और आम आदमी पार्टी को रिश्वत मिली।

मनी लांड्रिंग मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी थी। शीर्ष अदालत ने मनी लांड्रिंग के मामले में गिरफ्तारी की आवश्यकता और अनिवार्यता से जुड़े सवालों को गहन विचार-विमर्श के लिए एक बड़ी पीठ के पास भेज दिया था। वहीं, आबकारी घोटाला से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में 27 फरवरी को ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल सहित सभी 22 आरोपितों को बरी कर दिया था। सीबीआइ ने उक्त आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

### कोचिंग का मालिक करता था टीचर से छेड़छाड़, हरकतों से परेशान हो शिक्षिका ने छोड़ी नौकरी

**शिक्षिका ने कोचिंग संचालक पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।**

**वेतन के बहाने बुलाकर अभद्र व्यवहार करने का आरोप।**

**आगरा।** यूपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संचालक के खिलाफ शिक्षिका ने उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। शिक्षका का आरोप है कि आरोपित की हरकतों से परेशान होकर नौकरी छोड़नी पड़ी। वेतन देने के बहाने बुलाकर अभद्र व्यवहार किया। पीड़िता की तहरीर पर न्यू आगरा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मऊ रोड निवासी शिक्षिका ने न्यू आगरा थाने में दर्ज मुकदमे में कहा है कि उन्होंने बीते वर्ष 24 सितंबर से 19 नवंबर तक खजान सिंह आइएसएस कोचिंग सेंटर में शिक्षण कार्य किया। कोचिंग संचालक ने मानसिक व शरीरिक रूप से परेशान किया। गलत तरीके से छूते तो कभी अकेले में मिलने के लिए बुलाते। इस कारण नौकरी छोड़ दी। आरोपित ने वेतन का भुगतान नहीं किया। मांगने पर टालमटोल की गई। बीते वर्ष दो दिसंबर की सुबह वेतन देने के लिए बुलाया। इसके बाद अभद्र व्यवहार किया। आरोपित की हरकत से वह घबरा गई और पुलिस से शिकायत की। न्यू आगरा थानाध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटरमीडिएट कॉपियों का मूल्यांकन पूरा, तीसरे सप्ताह आ सकता है रिजल्ट; फिरोजाबाद में डिबार होंगे गैरहाजिर शिक्षक

### ● फिरोजाबाद में यूपी बोर्ड मूल्यांकन कार्य संपन्न हुआ

### हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परिणाम अप्रैल अंत तक संभावित

### अनुपस्थित परीक्षकों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद करेगा कार्रवाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य रविवार को समाप्त हो गया। अब परीक्षार्थियों को परिणाम आने की प्रतीक्षा है। अगले महीने के आखिर तक परिणाम आने की उम्मीद है।

**हाईस्कूल की 1,79715 इंटर की 2,09804 पुस्तिकाएं आवंटित थीं**

जिले में हाईस्कूल की 1,79715 एवं इंटरमीडिएट की 2,09804 उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित की गई थीं। उनके मूल्यांकन कार्य के लिए 1498 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थीं। इसमें से काफी संख्या में परीक्षक उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य करने के लिए केंद्रों पर नहीं पहुंचे। जो परीक्षक ड्यूटी के लिए नहीं पहुंचे, उनके बारे में डीआइओएस कार्यालय से रिपोर्ट माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेज दी गई है।

**अगले महीने के तीसरे सप्ताह तक आ सकता है परीक्षा परिणाम**

मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से शुरू हुई थी और एक अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य था। जिले में यह कार्य समय से तीन दिन पहले पूरा हो गया। माना जा रहा है कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह में बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी कर देगा। डीआइओएस धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मूल्यांकन कार्य की रिपोर्ट प्रतिदिन यूपी बोर्ड के कार्यालय में भेजी जाती रही। जिन परीक्षकों ने मूल्यांकन कार्य नहीं किया, बोर्ड उन्हें डिबार घोषित कर सकता है।

### अवैध देशी शराब के साथ युवक पकड़ा, 45 क्वार्टर बरामद

**कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अधिक मात्रा में देशी शराब लेकर बेचने के उद्देश्य से जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक मैरिज गार्डन के पास घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम थाना बार के ग्राम खेवरा व हाल लेडियापुरा निवासी रामकुमार राजपूत पुत्र प्रताप सिंह बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 200 एमएल के कुल 45 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब को सस्ते दाम पर खरीदकर अधिक कीमत पर बेचने का काम करता है। बरामद शराब के संबंध में कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत न करने पर पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही की गयी।

# दिल्ली में गैंगस्टरों के बीच वर्चस्व की लड़ाई जारी, गैंगवार में नहीं रुक रही हत्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** राजधानी में वर्चस्व को लेकर गैंगस्टरों के बीच आए दिन गैंगवार में हत्या किए जाने का मामले थमने का नाम नहीं ले रहा है। गैंगवार में न केवल गैंगस्टरों से जुड़े बदमाश मारे जा रहे हैं बल्कि उनके परिवार के बेगुनाह सदस्यों व रिश्तेदारों की भी वे लोग हत्या करने से नहीं चूक रहे हैं। लाख कोशिश के बावजूद दिल्ली पुलिस, गैंगवार की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। आंकड़ों को देखें तो राजधानी में होने वाली हत्या की घटनाओं में लगभग 25 प्रतिशत हत्या गैंगवार में होती हैं। दिल्ली के मोस्ट वांटेड गैंगस्टरों में से एक जितेंद्र मान उर्फ गोगी को 24 की सितंबर, 2021 को रोहिणी कोर्ट में टिल्लू के शूटरों ने हत्या कर दी थी। उसके 20 महीने बाद गोगी के कट्टर दुश्मन सुनील बालियान उर्फ टिल्लू ताजपुरिया की 2 मई, 2023 को तिहाड़ जेल के हाई-सिक्योरिटी वार्ड के अंदर बेरहमी से हत्या कर दी गई। गोगी और टिल्लू, दोनों ही दिल्ली और हरियाणा से सटे सीमावर्ती इलाकों में रंगदारी और ज़मीन पर कब्ज़ा करने वाले आपराधिक गिरोह चला रहे थे। उनके बीच गैंगवार अलीपुर में उनके कालेज के दिनों में शुरू हुई। अब तक दोनों गिरोहों के 60 से अधिक लोगों की हत्या की हो चुकी है। दोनों की मौत से दिल्ली पुलिस को लगा कि अब दोनों के बीच गैंगवार का अंत हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 19 मार्च को, रवि भारद्वाज नाम के व्यक्ति की बवाना में उसके घर के अंदर टिल्लू के सदस्यों द्वारा गोली मारकर हत्या गैंगवार का ही नतीजा था। इस हमले में, रवि के पिता और पड़ोस का एक आठ साल का लड़का भी गोलीबारी में घायल हो गया था। बाद में पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन को पकड़ लिया था। पूछताछ से पता चला वे तरुण नाम के एक व्यक्ति के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जिसे गैंगस्टर नवीन बाली ने निर्देश दिया था। नवीन बाली, दीपक पक्कास्मा और हिम्मत चीकू से आदेश ले रहा था।

ये दोनों टिल्लू के करीबी हैं और दोनों विदेश से टिल्लू गिरोह चला रहे हैं। रवि भारद्वाज का दीपक तितर से संबंध था, जो तिहाड़ जेल के अंदर टिल्लू की हत्या करने में शामिल था। यानी दोनों गिरोह एक-दूसरे को निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। जिन लोगों ने टिल्लू की हत्या की, वे पहले से जेल में हैं लेकिन गोगी के कुछ सदस्य अभी भी बाहर हैं। गोगी के मारे जाने के बाद वे लारेंस बिश्नोई के साथ आ गए और तब से टिल्लू गिरोह को निशाना बना रहे हैं।




गोगी के मुख्य सदस्य योगेश टुंडा, दीपक तितर और दिनेश करालिया जेल से गिरोह चला रहे हैं। अलीपुर गांव के रहने वाले गोगी और ताजपुर के टिल्लू के बीच झगड़ा उनके कालेज के दिनों से शुरू हुआ था। 2014 में हुए छात्र संघ चुनावों के दौरान इन दोनों ने अलग-अलग गुटों का समर्थन किया था। इसके अलावा, टिल्लू का एक करीबी साथी दीपक, गोगी की चचेरी बहन का पीछा करता था। वह गोगी को चिढ़ाते हुए कहता था कि वह उसके परिवार का ''दामाद'' बनेगा। जिसके बाद 20 जनवरी, 2015 को दीपक की हत्या कर दी गई। 2016 में, गोगी पुलिस हिरासत से फरार हो गया। उसने अपने खास साथियों कुलदीप उर्फ फज्जा और रोहित मोई के साथ मिलकर एक गैंग बनाया, जिसका मकसद अपने विरोधी टिल्लू को खत्म करना था। हालांकि गुड़गांव में इन तीनों की गिरफ्तार के बाद हालात बदल गए। टिल्लू ने भी कई बड़े गैंगस्टरों के साथ हाथ मिला लिया और अपने नेटवर्क को और भी मजबूत बना लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### ईवीएम और वीवीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने सोमवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम एवं वीवीपैट के रख-रखाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं, निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनी रहे। इस अवसर पर कंट्रोल यूनिट (C) एवं वीवीपैट मशीनों की बैटरी प्रतिस्थापन प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई। पुरानी बैटरियों को निकालकर वापस भेजने की कार्यवाही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराई गई, जिसका उन्होंने अवलोकन भी किया। इससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत, अधिशाषी अभियंता आरईडी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई आयोजित




**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय क्रीमि मुक्ति कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि 100 दिवसीय सघन टीवी खोजी कार्यक्रम का शुभारंभ 24 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। सीडीओ ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, शत-प्रतिशत कवरेज एवं सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मरीजों की पहचान, उपचार, फॉलोअप एवं पोषण सहायता की समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड, टीबी एवं कैंसर रोगियों के चिन्हीकरण हेतु समय समय पर अभियान संचालित किया जाता है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर स्क्रीनिंग तथा पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान को गंभीरता से संचालित करने एवं अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, डीआईओएस, बीएसए सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### हत्यारोपित पिता की तीन नाबालिक बच्चियों का सी.डब्लू.सी ने जाना हाल



**बस्ती।** बस्ती जिले के हर्रैया थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी हत्यारोपी अपने सगे भतीजे की हत्या के आरोप में जेल गए व्यक्ति के तीन नाबालिक बेटियों की सुध लेने सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन की अगुवाई में तीन सदस्य टीम बच्चियों के घर पहुंची। बताते चले कि कुछ दिन पहले आपसी विवाद के चलते चाचा और भतीजे के बीच मारपीट होने के बाद भतीजे की मौत हो गई थी। हत्यारोपित चाचा के पास तीन नाबालिक बेटियां हैं जिनकी आयु क्रमशः 9 साल 7 साल तथा 5 साल है। बच्चियों के माता की मृत्यु कुछ वर्ष पहले ही हो चुकी है। इस समय बच्चे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। सूचना मिलते ही सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष प्रेरक मिश्र ने तीन सदस्यीय टीम डा संतोष श्रीवास्तव, डा अजय श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से बात करने के बाद बच्चों को सीडब्ल्यूसी के संरक्षण में लेने का निर्णय लिया सीडीसी अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने बच्चियों से एकांत में भी वार्ता की।

## किसान के बेटे ने बदली तकदीर, थारू बहुल क्षेत्र के अर्जुन चौधरी बने असिस्टेंट कमिश्नर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद के सुदूर ग्रामीण और थारू बहुल क्षेत्र से एक ऐसी सफलता की कहानी सामने आई है, जिसने न सिर्फ पूरे इलाके का मान बढ़ाया है, बल्कि संघर्ष कर रहे युवाओं के लिए नई राह भी दिखाई है। विकास खंड पचपेड़वा के ग्राम पंचायत विशुनपुर विश्राम के मजरा मसहा निवासी किसान परिवार के होनहार पुत्र अर्जुन कुमार चौधरी, पिता हरी चरन, का चयन प्रतिष्ठित असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर हुआ है। अर्जुन की इस ऐतिहासिक सफलता की खबर मिलते ही गांव, क्षेत्र और जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई देने वालों का उनके घर पर तांता लग गया। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है।

**साधारण पृष्ठभूमि, असाधारण उपलब्धि**

अर्जुन कुमार चौधरी एक साधारण किसान परिवार से आते हैं, जहां संसाधनों की कमी हमेशा चुनौती बनी रही। बावजूद इसके उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। सीमित सुविधाओं और ग्रामीण परिवेश में रहकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन के दम पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

**गांव से शुरू हुई सफलता की यात्रा**

अर्जुन की प्रारम्भिक शिक्षा लव्य विद्या निकेतन, विशुनपुर विश्राम से हुई, जहां से उन्होंने अपनी नींव मजबूत की। इसके बाद उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा गांधी स्मारक विद्यालय, बढ़ाई पुरवा से उत्तीर्ण की। इंटरमीडिएट की पढ़ाई गोंडा से पूरी करने के बाद उन्होंने स्नातक की डिग्री विमला विक्रम महाविद्यालय, पचपेड़वा से हासिल की। शिक्षा के हर पड़ाव पर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ते रहे।

**संघर्ष, मेहनत और संकल्प की मिसाल**

अर्जुन की सफलता के पीछे वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन और मजबूत संकल्प है। ग्रामीण परिवेश में पढ़ाई के दौरान कई चुनौतियां सामने आईं, लेकिन उन्होंने हर मुश्किल को अवसर में बदलते हुए अपने सपनों को साकार किया।

**युवाओं के लिए प्रेरणा**

अर्जुन कुमार चौधरी की यह उपलब्धि आज क्षेत्र के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है। खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों के छात्र-छात्राओं के लिए यह संदेश है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता अवश्य मिलती है।

**गांव में जश्न का माहौल**

अर्जुन के चयन की खबर मिलते ही उनके गांव मसहा सहित पूरे विशुनपुर विश्राम क्षेत्र में जश्न का माहौल है। लोगों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया और अर्जुन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि अर्जुन ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी शहर या संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि सही दिशा और मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है।

## आशीष शुक्ला का हुआ यूपीपीसीएस में चयन

**●आरक्षी से असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी तकः आशीष शुक्ला की सफलता बनी युवाओं के लिए प्रेरणा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद अमेठी के विकासखंड शुकुल बाजार क्षेत्र के ग्राम पूरे शुक्लन निवासी आशीष शुक्ला ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर एक ऐसा मुकाम हासिल किया है, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। आशीष शुक्ला, स्वर्गीय अशोक शुक्ला के पुत्र हैं, अरुण शुक्ला व विकास शुक्ला के भाई हैं जिनका चयन वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी (कॉन्स्टेबल) पद पर हुआ था। सीमित संसाधनों और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद उन्होंने अपने सपनों को जीवित रखा और लगातार प्रयास करते हुए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी के पद पर सफलता प्राप्त की।आशीष शुक्ला की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। एक ओर जहां वे पुलिस विभाग में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर उन्होंने उच्च प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य निर्धारित किया। ड्यूटी के साथ-साथ पढ़ाई करना आसान नहीं होता, लेकिन आशीष ने समय का सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल किया। उनकी इस सफलता के पीछे अनुशासन, निरंतरता और आत्मविश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।बताया जाता है कि आशीष शुक्ला शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उनके पिता स्वर्गीय अशोक शुक्ला का सपना था कि उनका बेटा एक बड़े पद पर पहुंचे और समाज में नाम रोशन करे। आशीष ने अपनी इस उपलब्धि को अपने पिता की स्मृति को समर्पित किया है।आशीष शुक्ला की सफलता की खबर जैसे ही क्षेत्र में पहुंची, गांव और आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गांव में लोग उनके घर पहुंचकर मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर कर रहे हैं। क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।आशीष शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों और मित्रों को दिया है। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में परिवार का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन उनके लिए सबसे बड़ी ताकत रहा। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उन्होंने यह भी कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए।उनकी इस उपलब्धि से यह साबित होता है कि यदि व्यक्ति में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो वह किसी भी परिस्थिति में सफलता प्राप्त कर सकता है। आशीष शुक्ला की यह कहानी उन तमाम युवाओं के लिए एक उदाहरण है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं।

अमेठी जनपद के लिए यह एक गर्व का क्षण है, जब एक साधारण परिवार का बेटा अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर उच्च प्रशासनिक सेवा में पहुंचा है। निश्चित रूप से आशीष शुक्ला की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी और क्षेत्र का नाम रोशन करती रहेगी।

## गोसेवा को लेकर सख्त रुख अनियमितता पर होगी कड़ी कार्रवाई, विपक्ष के आरोपों का भी खंडन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बस्ती।** बस्ती जिले मेंउत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे व्यापक अभियान के बीच गोसेवा को शासन का आधार बताते हुए इसे केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय और सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और समुचित देखभाल के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम प्रदेशभर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उक्त बातें गोसेवा आयोग के अध्यक्ष व राज्यमंत्री महेश शुक्ला नें बताया उन्होंने नें बताया कि वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हजारों गो-आश्रय स्थल संचालित किए जा रहे हैं, जहां लाखों निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आवास, भोजन, पेयजल और पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही सरकार द्वारा गोवंश के भरण-पोषण हेतु निर्धारित धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जा रही है, जिससे न केवल गोसंरक्षण को बढ़ावा मिला है बल्कि पशुपालकों की आय में भी वृद्धि हो रही है।

उन्होंने बताया कि गोशालाओं की निगरानी के लिए आधुनिक व्यवस्था लागू की गई है और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहे। जनपद बस्ती में भी गोसंरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में गोवंश की देखभाल की जा रही है और सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया कि कुछ विपक्षी तत्वों द्वारा गोमांस बिक्री को लेकर द्वेषपूर्ण आरोप लगाए जा रहे हैं, जो तथ्यहीन हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य द्वारा गोवंश को लेकर लगाए गए आरोप भी द्वेषवश प्रतीत होते हैं, जो किसी भी सम्मानित व्यक्ति को शोभा नहीं देते। गौसेवा आयोग ने ऐसे सभी आरोपों का स्पष्ट रूप से खंडन किया है। उन्होंने दोहराया कि गोवंश संरक्षण को लेकर सरकार की नीति पूरी तरह स्पष्ट और प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्यवाही की जायेगी ।

## रंजिश को लेकरमारपीट में बुजुर्ग की मौत, 3 आरोपी गिरफ्तार, एक बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना दुबौलिया क्षेत्र में मारपीट की घटना में घायल हुए एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष दुबौलिया जीवन त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना दुबौलिया पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 53/2026 के तहत कार्रवाई करते हुए इस मामले का खुलासा किया। घटना में सेमरा मुस्तकम गांव निवासी रामकुबेर पुत्र चम्बर मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि अन्य लोग भी घायल हुए थे।

पुलिस ने मामले में संलिप्त चार अभियुक्तों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें बिपिन यादव (उम्र 19 वर्ष), राधेश्याम (उम्र लगभग 60 वर्ष) और रामरीत यादव (उम्र लगभग 43 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी सेमरा मुस्तकम थाना दुबौलिया क्षेत्र के निवासी हैं। इसके अलावा एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तों की निशानदेही पर मारपीट में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद किया गया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी के साथ उपनिरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक परमहंस सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में 80 वर्षीय राम कुबेर की घायल अवस्था में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी परिजनों द्वारा पुलिस के ऊपर आरोप लगाया गया था कि कई बार मामले की जानकारी देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की समय रहते अगर पुलिस ने कार्यवाही की होती तो हो सकता था कि ऐसा मामला न हुआ होता

### कक्षा 5 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी गई विदाई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** - घोरावल शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रेही में कक्षा 5 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों की विदाई एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सियाराम, ग्राम प्रधान गोविंद और शिवदास शास्त्री ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कॉपी और स्टेशनरी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी छात्रों को अंकपत्र भी वितरित किए गए। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कम अंक आने पर घबराने के बजाय अपनी गलतियों से सीख लेकर आगे बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिवाकर तिवारी, संकूल सौरभ कार्तिकेय, अमित पाण्डेय, सरिता देवी, राशनी सिंह, शीला पाल समेत कई शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## बलरामपुर में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**● 25 हजार किशोरियों को लगेगा टीका**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से जनपद में सोमवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अभियान की शुरुआत करते हुए टीकाकरण करा चुकी बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों का टीकाकरण अवश्य कराएं और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विशेष अभियान के तहत जनपद में लगभग 25 हजार किशोरियों को टीका लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने जानकारी दी कि टीकाकरण की सुविधा जिला संयुक्त चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इसका लाभ पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर सिद्धार्थ गुप्ता, श्याम मिश्रा, सुशील श्रीवास्तव, डॉ. रुचि पाण्डेय, सुनीता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## अफवाहों पर न दें ध्यान, जनपद में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता

**● प्रशासन की अपील–पैनिक बाइंग से बचें, स्थिति पूरी तरह सामान्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सुचारु और संतोषजनक बनी हुई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है, बल्कि वर्तमान में मांग से अधिक स्टॉक उपलब्ध है। प्रशासन की 24×7 निगरानी और तेल कंपनियों के साथ बेहतर समन्वय के चलते आपूर्ति व्यवस्था मजबूत बनी हुई है। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जनपद के सभी 88 पेट्रोल पंपों पर आज पेट्रोल का कुल स्टॉक 4,51,823 लीटर और डीजल का कुल स्टॉक 4,79,400 लीटर उपलब्ध है, जो सामान्य जरूरत से कहीं अधिक है।

**पैनिक बाइंग से बढ़ी थी खपत**

पिछले कुछ दिनों में पेट्रोल-डीजल की खपत में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण भ्रामक सूचनाओं के चलते हुई 'पैनिक बाइंग' रहा। 24 मार्च तक जहां पेट्रोल की औसत दैनिक खपत 91,180 लीटर और डीजल की 1,40,400 लीटर थी, वहीं 25 मार्च को यह बढ़कर क्रमशः 2,47,000 लीटर और 3,60,050 लीटर तक पहुंच गई। इसके बाद 26 और 27 मार्च को भी खपत ऊंचे स्तर पर बनी रही। हालांकि 28 मार्च से स्थिति में सुधार देखने को मिला, जब पेट्रोल की खपत घटकर 1,31,930 लीटर और डीजल की 1,98,260 लीटर रह गई। 29 मार्च को भी गिरावट जारी रही और पेट्रोल की खपत 1,22,260 लीटर तथा डीजल की 2,54,665 लीटर दर्ज की गई।

**अब सामान्य हो रही स्थिति**

प्रशासन का कहना है कि खपत में आई गिरावट इस बात का संकेत है कि अब स्थिति सामान्य हो रही है। नागरिकों के सहयोग और प्रशासनिक सतर्कता के कारण आपूर्ति पूरी तरह नियंत्रण में है।

**24 घंटे निगरानी में आपूर्ति व्यवस्था**

जिला प्रशासन द्वारा तेल कंपनियों के साथ लगातार समन्वय बनाकर आपूर्ति श्रृंखला की निगरानी की जा रही है। बढ़ी हुई मांग को देखते हुए अतिरिक्त ईंधन की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय हैं।

**जनता से अपील**

प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर फैल रही अपुष्ट खबरों से बचें। साथ ही अनावश्यक भंडारण से परहेज करते हुए केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल की खरीदारी करें। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि जनपद में ईंधन की कोई कमी नहीं है और सभी नागरिकों को सुगमता से पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

## वार्षिकोत्सव में छात्रों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**●बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व विधायक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बाजार शुकुल, अमेठी।** कस्बा स्थित एस वी सी इंटर कॉलेज में सोमवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। नृत्य, गीत, नाटक और भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राधेश्याम कनौजिया ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को मंच देने का कार्य विद्यालयों से ही प्रारंभ होता है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।कॉलेज के उप प्रबंधक मयंक शुक्ला ने बताया कि श्रीमती विद्यावती छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आयोजित जिसमें 180 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए जिसमें से 30 छात्रों का चयन हुआ है। जिनको इस योजना का लाभ मिलेगा। इन बच्चों की शिक्षण शुल्क विद्यालय की तरफ से निःशुल्क की गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं से विद्यार्थियों को भविष्य की बड़ी परीक्षाओं की तैयारी में कठिनाई नहीं होती।इस अवसर पर प्रबंधक मुकेश शुक्ला, प्रधानाचार्य राकेश शुक्ला, उप प्रधानाचार्य विजय शुक्ला, नेहा गिरी, सोनाली सिंह, हेमलता सिंह, वैभवी पाल, पूजा पाल, लक्ष्मी, पूजा सिंह, पिंकी कश्यप, अवधेश शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

### क्षेत्रीय सेवा योजना कार्यालय गोंडा द्वारा एकदिवसीय वृहद रोजगार मेले का किया गया आयोजन

उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय गोण्डा द्?वारा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभरम्भ् अकबाल बहादुर तिवारी जिलाध्यक्ष (भा0ज0पा0)द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मेले में कुल प्रतिभागी अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिसमें से 572 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया। जिला अध्यक्ष द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के प्राचार्य सहायक निदेशक सेवायोजन तथा सेवायोजन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। रोजगार मेले में उद्योग विभाग एवं कौशल विकास मिशन की योजनाओं का स्टॉल विभाग द्वारा लगाया गया।

## मनरेगा बना 'लूट-योजना': उजियानपुर प्रधान ने सरकारी सिस्टम को जूतों की नोक पर रखा भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में जिले के अधिकारी फेल

**●112 मजदूरों के हक पर चला 'रसूख' का आरा, गरीबों की गाढ़ी कमाई डकार गया तंत्र। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में फेल मुख्य विकास अधिकारी एवं जिलाधिकारी मामले को संज्ञान नहीं ले रहे जिले में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में प्रदेश की योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं दूसरी तरफ जनपद के कुदरहा विकास खंड अंतर्गत उजियानपुर ग्राम पंचायत में इस नीति का सरेआम जनाजा निकाला जा रहा है। यहाँ ग्राम प्रधान ने सरकारी सिस्टम को सीधी चुनौती देते हुए मनरेगा योजना को लूट का अड्डा बना दिया है। गांव के 112 गरीब मजदूरों के खून-पसीने की कमाई अब प्रधान की दबंगई और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

**मजदूरों की मेहनत पर प्रधान का 'डाका'**

ग्रामीणों का आरोप है कि उजियानपुर में विकास कार्यों के नाम पर केवल कागजों के घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं। मनरेगा पोर्टल पर फर्जी मस्टररोल भरकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। 112 ऐसे मजदूरों का नाम सामने आया है जिन्होंने काम तो किया, लेकिन उनकी मजदूरी का पैसा या तो प्रधान के चहेतों के खातों में गया या उसे डकार लिया गया। पीड़ित मजदूरों का कहना है कि जब वे अपने हक की मांग करते हैं, तो उन्हें रसूख का डर दिखाकर चुप करा दिया जाता है।

**सिस्टम को बनाया बंधक**

हैरानी की बात यह है कि मनरेगा जैसी पारदर्शी व्यवस्था को भी ग्राम प्रधान ने अपने निजी फायदे के लिए 'हैक' कर लिया है। बिना काम किए भुगतान निकालना और अपात्रों को लाभ पहुंचाना यहाँ की दिनचर्या बन गई है। यह खेल लंबे समय से चल रहा है, लेकिन मजाल है कि ब्लॉक स्तर का कोई अधिकारी इसकी सुध ले। इससे स्पष्ट होता है कि इस भ्रष्टाचार की जड़ें कहीं न कहीं उच्चाधिकारियों के मौन समर्थन तक फैली हुई हैं।

**किसके रसूख पर फल-फूल रहा है 'विलेन'**

गांव में चर्चा आम है कि आखिर इस भ्रष्टाचार के खेल का असली मास्टरमाइंड कौन है? आखिर किसके संरक्षण में ग्राम प्रधान उत्तर प्रदेश सरकार की साख को बट्टा लगा रहा है? क्या जिला प्रशासन इस गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को जेल भेजेगा, या फिर रसूखदार अपनी पहुँच के दम पर इन 112 गरीबों की 'हाय' को दबा देंगे?

**मजदूरों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

पीड़ित मजदूरों का सब्र अब जवाब दे रहा है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ और आरोपी प्रधान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे विकास भवन का घेराव करेंगे। अब देखना यह है कि बस्ती जिला प्रशासन इन गरीबों के आंसू पोंछता है या भ्रष्टाचार का यह गंदा खेल ऐसे ही चलता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भक्ति भाव से हुई भगवान जगन्नाथ की पूजा, घर-घर गूंजे मंगल गीत



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को भगवान जगन्नाथ की पूजा पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ की गई। सनातन धर्मावलंबी परिवारों में घर-घर विधि-विधान से पूजा-अर्चना हुई। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिरों में पहुंचकर महिलाओं ने मंगल गीत गाए और भगवान की स्तुति की। घरों में भगवान जगन्नाथ के चित्र को सुसज्जित कर नए अन्न का भोग अर्पित किया गया। पूजन के बाद हवन कर प्रसाद वितरित किया गया। कई स्थानों पर सामूहिक भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। बाबा बालेश्वर धाम के प्रधान पुजारी पं. झिलमिल महाराज ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की पूजा सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पूजा में पवित्रता और श्रद्धा का विशेष महत्व होता है। सच्चे मन से की गई आराधना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

### शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान, कार्यक्रम में दिखा गर्व और कृतज्ञता का भाव



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बालाजी नगर मोहल्ला में सोमवार को गौरव सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहीदों और पूर्व सैनिकों के परिजनों को सम्मानित कर उनके त्याग और बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के संरक्षक एवं पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने शहीदों के परिजनों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सैनिकों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता, उनका बलिदान सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं सेवानिवृत्त नौसैनिक उग्रसेन सिंह ने बताया कि संस्था सैनिकों और समाज की सेवा के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवारों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है और यह आयोजन कृतज्ञता व्यक्त करने का एक माध्यम है। इस दौरान कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त रामेश्वर सिंह की पत्नी श्रीमती देवी, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद हुए सैनिक की पत्नी निर्मला सिंह, शहीद बलवंत सिंह की पत्नी तुलसा देवी तथा शहीद रवि नारायण सिंह के पुत्र बसंत सिंह को सम्मानित किया गया। इसके अलावा कई पूर्व सैनिकों को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश शर्मा ने किया। इस मौके पर मंजू सिंह, राजेश सिंह, अमित सिंह, प्रमोद सिंह, तेज बहादुर सिंह, राकेश द्विवेदी और बबलू सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कंपोजिट स्कूल दाउदपुर में चोरों ने ताला तोड़कर किया कंप्यूटर व सामान चोरी

#### शिक्षा के मंदिर को भी चोरों ने नहीं बक्शा




**सीतापुर** नेशनल हाईवे स्थित लखनऊ सीतापुर मार्ग पर जिले के सरकारी विद्यालय में कंप्यूटर व बर्तन आदि सामान चोरों ने किया गायब! कंपोजिट स्कूल दाउदपुर ब्लाक कसमंडा जिला सीतापुर बीती रात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर स्कूल के कमरे में रखें बेस कीमती कंप्यूटर यूपीएस बैट्री सीपीयू भारत गैस सिलेंडर बर्तन लाखों रुपए का सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका यासमीन बेगम रोज की तरह जब सोमवार की सुबह विद्यालय पहुंची तो स्कूल के पांच कमरों के ताले टूटे मिले, चोरी की सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दर्ज कर दी गई, शिक्षा के मंदिर को भी चोरों ने नहीं बक्शा विद्यालय मे रखे लाखों के सामान को चोरी कर ले गए।

# यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव 2026 का भव्य आगाज़, लखनऊ बना फिल्म जगत का केंद्र

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**संवाददाता प्रगति यादव**













**लखनऊ,** 30 मार्च 2026। राजधानी लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में सोमवार को यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय इस प्रतिष्ठित आयोजन का उद्देश्य फिल्म उद्योग, शिक्षा जगत और उभरती प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहां सिनेमा के वर्तमान और भविष्य पर सार्थक संवाद हो सके। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कॉन्क्लेव के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से फिल्म निर्माण का प्रमुख केंद्र बन रहा है। राज्य सरकार द्वारा फिल्म नीति, शूटिंग लोकेशनों की उपलब्धता और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**दिग्गज कलाकारों और गणमान्य व्यक्तियों की रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में फिल्म और टीवी जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। इनमें जाकिर हुसैन, राजेश जैस, आदित्य श्रीवास्तव प्रमुख रूप से शामिल रहे। इन कलाकारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवा प्रतिभाओं को संघर्ष, समर्पण और निरंतर सीखने का संदेश दिया। इसके अलावा पूर्व डीजीपी सूर्य कुमार शुक्ला, अमित आर्यन, सोहन मास्टर, धीरज सिंह, रमेश शुक्ला, दुर्गेश पाठक, आलोक सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

**एफटीआईआई की सक्रिय भागीदारी, फिल्म शिक्षा पर विशेष जोर**

कॉन्क्लेव में Film and Television Institute of India (एफटीआईआई) की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। संस्थान के कुलपति धीरज सिंह और रणनीति प्रमुख संतोष ओझा ने फिल्म शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आधुनिक तकनीक, स्किल डेवलपमेंट और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से नए फिल्मकारों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि एफटीआईआई जैसे संस्थान भारतीय सिनेमा की गुणवत्ता और नवाचार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने राज्य में फिल्म शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

**फिल्म इंडस्ट्री और शिक्षा के बीच मजबूत तालमेल पर चर्चा**

कॉन्क्लेव के विभिन्न सत्रों में फिल्म निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र (Film Ecosystem) को सुदृढ़ करने पर गहन चर्चा हुई। इसमें निम्न प्रमुख बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया:

» फिल्म निर्माण में नई तकनीकों का उपयोग

» क्षेत्रीय सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाना

» युवा प्रतिभाओं के लिए प्रशिक्षण और अवसर

» फिल्म संस्थानों और इंडस्ट्री के बीच सहयोग बढ़ाना

» उत्तर प्रदेश को फिल्म शूटिंग हब के रूप में विकसित करना

विशेषज्ञों ने कहा कि यदि शिक्षा, तकनीक और उद्योग के बीच मजबूत तालमेल स्थापित हो जाए, तो भारत का फिल्म उद्योग विश्व स्तर पर नई पहचान बना सकता है।

**युवा प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर**

कॉन्क्लेव में बड़ी संख्या में फिल्म छात्र, कलाकार और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स शामिल हुए। यह मंच उन्हें न केवल सीखने का अवसर दे रहा है, बल्कि इंडस्ट्री के दिग्गजों से सीधे संवाद का भी मौका प्रदान कर रहा है। वर्कशॉप, पैनल डिस्कशन और इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को फिल्म निर्माण के विभिन्न पहलुओं—जैसे निर्देशन, अभिनय, पटकथा लेखन, संपादन और प्रोडक्शन—की गहन जानकारी दी जा रही है।

**दो दिवसीय आयोजन, कई अहम सत्रों का होगा आयोजन**

स्थानः उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ, तिथिः 30-31 मार्च 2026

दो दिवसीय इस कॉन्क्लेव में आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण सत्र, मास्टरक्लास और नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे।

यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव 2026 न केवल फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश को फिल्म निर्माण के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक मजबूत कदम है। इस आयोजन से निश्चित रूप से नई प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी और भारतीय सिनेमा को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

# जाखलौन स्टेशन व रेलखंड का रेल संरक्षा आयुक्त ने किया सघन निरीक्षण



रेल खण्ड का निरीक्षण करते अधिकारी

**● तीसरी लाइन परियोजना में सुरक्षा, तकनीक और धरोहर संरक्षण पर विशेष जोर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत जाखलौन रेलवे स्टेशन एवं जाखलौन-धौर्रा रेलखंड का रेल संरक्षा आयुक्त (पूर्वोत्तर क्षेत्र) प्रणजीव सक्सेना द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) राजकुमार वानखेड़े, मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जाखलौन स्टेशन परिसर, ओएफसी रूम, एएसएम रूम एवं रिले रूम का बारीकी से अवलोकन किया गया। रेल संरक्षा आयुक्त ने सुरक्षा मानकों, सिग्नलिंग व्यवस्था एवं संचालन प्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही जाखलौन-धौर्रा रेलखंड पर स्थित लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट, ट्रैक एवं अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने ट्रैक की गुणवत्ता, संरक्षा व्यवस्था एवं संचालन की दक्षता का परीक्षण कर परियोजना के मानकों को परखा। निरीक्षण के दौरान आधुनिक तकनीक के उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इस रेलखंड में ट्रैक पर पैडिंग की उन्नत तकनीक अपनाई गई है, जिससे ट्रेनों के संचालन के दौरान कंपन में कमी आती है और आसपास स्थित ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित होता है। इसी क्रम में बिलमोरी (चांदपुर) स्थित प्राचीन बेलमणि जैन मंदिर सहित अन्य धरोहर स्थलों का भी अवलोकन किया गया, ताकि रेल परियोजना के चलते इन पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इस अवसर पर सीएसआईआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.नसीम अख्तर भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह निरीक्षण तीसरी लाइन परियोजना को सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण व धरोहर अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भागवत कथा श्रवण से मिलती है जन्म जन्मांतर के पुण्यों की फलश्रुतिः पं. बृजनंदन शास्त्री

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के छमनीखेड़ा गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। कथा व्यास पं. बृजनंदन शास्त्री ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने का अवसर हर किसी को नहीं मिलता। इसके लिए कई जन्मों के पुण्य कर्मों का संचित फल होना जरूरी है। उन्होंने समझाया कि किसी भी शुभ कार्य से पहले मन का तैयार होना आवश्यक है। जब मन तैयार होता है तभी कार्य की दिशा और व्यवस्था अपने आप बनने लगती है। भागवत कथा भी उसी श्रेणी का दिव्य आयोजन है। इसमें बैठने और सुनने की प्रेरणा भी ईश्वर की कृपा से मिलती है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान की भक्ति, सत्कर्म और मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके विचारों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। पूरा पंडाल भक्ति रस में डूबा नजर आया। कथा व्यास ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि गांव के लोगों ने मिलकर बहुत ही सुंदर और अनुशासित व्यवस्था की है। यह सामूहिक सहयोग और आस्था का श्रेष्ठ उदाहरण है। आयोजन समिति के संरक्षक केशव प्रसाद तिवारी ने बताया कि कथा का आयोजन 4 अप्रैल तक दोपहर तीन बजे से प्रतिदिन जारी रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ लेने की अपील की। इस आयोजन को सफल बनाने में गुड्डू तिवारी, दीपू तिवारी, बसंत तिवारी, हेमंत तिवारी, गौरव, अनूप तिवारी, रतन तिवारी, बच्चू, प्रमोद, धनंजय, अंजनी तिवारी और रविशंकर उर्फ टेनी सहित समस्त ग्रामीणों का सराहनीय योगदान है। इस मौके पर ग्राम प्रधान ऋतुराज सिंह, बच्चू भैया, रज्जन तिवारी, आनंद, मोनू, सत्यम तिवारी, लाला, नेहा, ज्योती, रूचि, प्राची सहित आस पास के तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

## दबंग पड़ोसी ने बुरी नीयत से घर में अकेली महिला के साथ किया छेड़छाड़ विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी..

**रायबरेली...** गुरबख्श गंज थाना क्षेत्र के पूरे दुनिया मजरे कोरिहर की सुमन पत्नी राधे ने बताया कि मेरे पति बाहर मेहनत मजदूरी के वास्ते रहते हैं मैं घर में अकेली रहती हूं इसी का फायदा उठाते हुए आज दोपहर जब मैं खाना बना रही थी तब गांव के ही दबंग किस्म के युवक अमरदेव पुत्र गंगा मुझे अकेली पाकर बुरी नीयत से घर में घुसकर छेड़खानी करने लगा मैंने अपने बचाव में विरोध करते हुए शोर मचाया आवाज सुनकर मोहल्ले के काफी लोग घर की ओर आने लगे लोगों को घर की ओर आता देख अमर देव ने मुझे बद्दी बद्दी गलियां देते हुए भाग निकला और कहा कि तुझे जान से मार देंगे डरी सहमी सुमन गुरबक्श गंज थाने में आरोपी के खिलाफ बुरी नीयत से छेड़खानी तथा जान से मारने की धमकी की तहरीर दी है और कहा है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार करके कानूनी कार्यवाही की जाए मुझे आरोपी की धमकी से अपने जान और माल का खतरा लग रहा है।

## मलिहाबाद में साइबर ठगी का बड़ा मामलाः डॉक्टर अपॉइंटमेंट के बहाने युवक से 41 हजार रुपये की ठगी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ जनपद के मलिहाबाद थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है, जिसने एक बार फिर ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे को उजागर कर दिया है। जालसाजों ने बेहद चालाकी से डॉक्टर का अपॉइंटमेंट बुक कराने का झांसा देकर एक युवक के बैंक खाते से 41,000 रुपये निकाल लिए। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम घुसौली निवासी राज कपूर ने बताया कि रविवार दोपहर वह अपनी बीमारी के इलाज के लिए किसी डॉक्टर से अपॉइंटमेंट बुक करने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें इंटरनेट के माध्यम से एक मोबाइल नंबर मिला, जिसे उन्होंने डॉक्टर या संबंधित सेवा का आधिकारिक नंबर समझकर उस पर संपर्क किया।

जब राज कपूर ने उस नंबर पर कॉल किया, तो सामने वाले व्यक्ति ने बड़ी ही आत्मविश्वास भरी आवाज में खुद को संबंधित चिकित्सा सेवा से जुड़ा कर्मचारी बताया। उसने राज कपूर को भरोसा दिलाया कि वह उनका अपॉइंटमेंट तुरंत कन्फर्म करवा देगा। बातचीत के दौरान जालसाज ने बहुत ही सामान्य प्रक्रिया का हवाला देते हुए कहा कि अपॉइंटमेंट कन्फर्म करने के लिए उन्हें केवल 5 रुपये का एक छोटा सा ट्रांजेक्शन गूगल पे यूपीआई के माध्यम से करना होगा।


राज कपूर को यह प्रक्रिया सामान्य लगी और उन्हें किसी प्रकार का संदेह नहीं हुआ। उन्होंने जालसाज के बताए गए निर्देशों का पालन करते हुए तुरंत 5 रुपये का ट्रांजेक्शन कर दिया। लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि यही छोटी सी गलती उनके लिए भारी पड़ने वाली है। ट्रांजेक्शन करने के कुछ ही समय बाद राज कपूर के मोबाइल पर बैंक खाते से पैसे कटने के लगातार संदेश आने लगे। जब उन्होंने अपने खाते की जांच की, तो उनके होश उड़ गए। उनके खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 41,000 रुपये निकाले जा चुके थे। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। ठगी का एहसास होते ही राज कपूर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पूरी घटना की जानकारी संबंधित विभाग को दी, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह साइबर अपराधियों का नया तरीका है, जिसमें वे लोगों को छोटी राशि का ट्रांजेक्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं और उसी के जरिए उनके बैंकिंग सिस्टम तक पहुंच बना लेते हैं। इसके बाद वे खाते से बड़ी रकम निकाल लेते हैं। पुलिस ने इस घटना के बाद आम जनता से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा है कि किसी भी अनजान नंबर पर कॉल करके या इंटरनेट पर मिले नंबरों पर भरोसा करने से पहले उसकी सत्यता जरूर जांच लें। साथ ही, किसी भी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर यूपीआई, ओटीपी या बैंकिंग से जुड़ी कोई भी जानकारी साझा न करें। यह घटना न सिर्फ एक व्यक्ति के साथ हुई ठगी है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है कि डिजिटल युग में सावधानी और जागरूकता कितनी जरूरी है। अगर समय रहते लोग सतर्क नहीं हुए, तो ऐसे साइबर अपराध और भी बढ़ सकते हैं।

## बाबा सदनशाह के 108वें उर्स का आज होगा आगाज

**● सजेगी मुशायरे की महफिल**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



बाबा सदनशाह की दरगाह

**ललितपुर।** जनपद की गंगा-जमुनी तहजीब के केन्द्र और विख्यात सूफी संत हजरत बाबा सदनशाह रहमतुल्लाह अलैह का 108वां सालाना उर्स अपने पूरे शबाब पर है। आज रात से इस रूहानी सफर का आगाज एक विशाल ऑल इंडिया मुशायरे से होने जा रहा है। 1 अप्रैल से कब्वालियों का दौर शुरू होगा। 4 अप्रैल को सामूहिक विवाह (इज्तिमाई निकाह) के साथ संपन्न होगा।

**शिरकत करेंगे देश के मशहूर फनकार**

उर्स कमेटी के जनरल सेकेट्री मोहम्मद नसीम ने बताया कि आज होने वाले मुशायरे में दुनिया के नामचीन चेहरों का जमावड़ा रहेगा। मुशायरे में अपनी शायरी का जादू बिखेरने के लिए शिरकत कर रहे हैं जिसमें शायरशकील आजमी (मुंबई) मशहूर फिल्म गीतकार, नदीम देवबंद प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय शायर, हाशिम फिरोजावादी अपनी खास शैली के लिए प्रसिद्ध। इब्राहीम अली जीशान (जयपुर) राजस्थान की बुलंद आवाज, कमर अब्बास (लखनऊ) अदबी शहर लखनऊ के नुमाइंदा शायर डा.जलीलुर्रहमान (बुरहानपुर) संजीदा शायरी के हस्ताक्षर मुकेश आलम (लुधियाना, पंजाब) पंजाबी और उर्दू का संगम, मोहन मुन्तजिर (नैनीताल) वादियों की ताजी हवा जैसे कलाम, इस्माइल नजर (देवास) मालवा के मशहूर शायर। असरार चंदेरवी बुंदेलखंड की शान, शाहनवाज असीमी (उज्जैन, रूहानी कलाम के माहिर नूर धौलपुरी (धौलपुर) जज्बाती शायरी के फनकार, निजामत अल्तमस अब्बास उभरते हुए युवा शायर। अबरार दानिश (मोहदा) अपनी बेबाक शायरी के लिए जाने जाते हैं। कन्वीनर करीम असर ललितपुर रहेंगे।

**कव्वाली और रूहानी रस्में**

मुशायरे के बाद 1 अप्रैल से 3 अप्रैल तक कव्वालियों का सिलसिला चलेगा। आज मुंबई के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त टीवी सिंगर जुनैद सुल्तानी अपनी रूहानी आवाज में सूफियाना कलाम पेश करेंगे। देशभर से आने वाले जायरीन बाबा की दरगाह पर जियारत कर मन्नतें मांगेंगे।

**तीस जोड़ों का होगा निकाह**

जब इज्तिमाई शादियां (सामूहिक विवाह) आयोजित की जाएंगी। अब तक 30 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। कमेटी के सदर ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त जनपदवासियों से सहयोग की अपील की है।

## शौच को गए युवक पर तेंदुए ने किया हमला

**आधे घंटे तक तेंदुए से भिड़ा युवक, गंभीर घायल**



घायल का उपचार कराते परिजन

**तालबेहट।** जखोरा क्षेत्र के बादीवर गांव में रविवार शाम एक युवक पर तेंदुए ने हमला कर दिया। युवक ने साहस दिखाते हुए काफी देर तक तेंदुए से संघर्ष किया, लेकिन हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से गांव और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार रामसजीवन यादव (32) पुत्र जगराम सिंह निवासी बादीवर रविवार शाम करीब 7 बजे शौच के लिए सड़क किनारे जंगल की ओर गए थे। उसी दौरान जंगल के पास घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उन पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक ने करीब आधे घंटे तक हिम्मत के साथ तेंदुए से मुकाबला किया। इस दौरान तेंदुए ने उनके शरीर पर कई गहरे घाव कर दिए। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायल युवक को बचाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने और इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की द्वितीय अंतरविभागीय बैठक संपन्न

**● सीडीओ ने दिए सख्त निर्देश, वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए समन्वित कार्रवाई पर जोर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





बैठक में अधिकारियों से वार्ता करते सीडीओ

**ललितपुर।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रथम चरण को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में द्वितीय अंतरविभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत सीएमओ के प्रस्तावना संबोधन से हुई, जिसमें बताया गया कि वर्ष 2026 के इस प्रथम चक्र में सभी विभागों के समन्वय से संचारी एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु व्यापक गतिविधियां संचालित की जाएंगी तथा जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने जानकारी दी कि सभी विभागों के माइक्रोप्लान तैयार कर लिए गए हैं और संबंधित विभागों को तिथिवार व क्षेत्रवार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एंटी-लार्वा दवा उपलब्ध करा दी गई है तथा हाईरिस्क क्षेत्रों की सूची भी विभागों को सौंप दी गई है, जहां लार्वासाइड छिड़काव, फॉगिंग, नालियों की सफाई एवं जलभराव निस्तारण जैसे कार्य किए जाएंगे।

पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डा. सौरभ सक्सेना ने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए हीट वेव से बचाव के उपाय बताए और बताया कि संभावित रोगियों का डेटा आशा कार्यकर्ताओं द्वारा ई-कवच पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने निर्देश दिए कि पिछले अभियानों में पाई गई कमियों को दूर करते हुए इस बार सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने नगर क्षेत्रों में नगर विकास विभाग तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग को वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु शत-प्रतिशत लक्ष्य के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे जनपद की रैंकिंग में सुधार हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, कृषि, पशुपालन, पंचायती राज, नगर विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, माध्यमिक शिक्षा विभाग सहित जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षक, मलेरिया अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, किसानों ने कर्ज माफी व मुआवजे की उठाई मांग

**● प्रशासन से सर्वे कराकर राहत दिलाने की अपील, ज्ञापन सौंपा**



**ललितपुर।** जिले में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। कई क्षेत्रों में 80 प्रतिशत तक नुकसान होने की बात सामने आ रही है, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसको लेकर प्रभावित किसानों ने प्रशासन से कर्ज माफी एवं उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई है। किसानों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि जिन किसानों की फसलें ओलावृष्टि से पूरी तरह या अत्यधिक क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनके संपूर्ण कर्ज को माफ किया जाए। साथ ही प्रभावित परिवारों को भरण-पोषण एवं राहत सामग्री भी उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने मांग की है कि तत्काल लेखपाल, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा गांव-गांव जाकर सर्वे कराया जाए, ताकि वास्तविक नुकसान का आंकलन कर शीघ्र मुआवजा वितरित किया जा सके। ज्ञापन में प्रशासन से जल्द से जल्द राहत कार्य शुरू करने की अपील की गई है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते मदद नहीं मिली तो उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है। ज्ञापन देते समय एड. हरदयाल सिंह लोधी, कैलाश नारायण, जानकी प्रसाद बौद्ध, देवसिंह राजपूत, शशिकान्त लोधी, गजराज, प्रभुदयाल, कैलाश, सुन्दरलाल, अजय सिंह, मंगल, परशुराम, प्रेम, सिरनाम, राघवेन्द्र, रानू विदुआ, अनुराग सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# तेलंगाना का क्रांतिकारी कदम: बुजुर्गों के सम्मान और सुरक्षा का नया युग

**[ पैरेंटल सपोर्ट बिल-2026: जिम्मेदारी, नैतिकता और कानूनी ताकत का नया मापदंड ]**

**[ बुजुर्गों का सम्मान: अब सिर्फ संस्कार नहीं, बल्कि कानूनी हक और सामाजिक आदर्श भी ]**

माता-पिता के प्रति संवेदनशीलता अब कानून की ताकत से जुड़ गई है। तेलंगाना सरकार ने 'पैरेंटल सपोर्ट बिल-2026' के जरिए स्पष्ट कर दिया है कि वृद्ध माता-पिता को अकेला और बेसहारा छोड़ना अब महंगी कीमत चुकाने जैसा अपराध होगा। यह केवल कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि समाज में नैतिक चेतना, पारिवारिक जिम्मेदारी और सम्मान की पुनर्स्थापना का साहसिक संदेश है। अब कोई भी अपने दायित्व से मुंह नहीं मोड़ सकता–यदि कोई अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहता है, तो उसके वेतन से 15 प्रतिशत या अधिकतम 10,000 रुपये काटकर सीधे माता-पिता के बैंक खाते में जमा किए जाएंगे। यह प्रावधान सरकारी कर्मचारियों, निजी क्षेत्र के कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों–विधायकों और सांसदों–सभी पर समान रूप से लागू होगा, जिससे कानून का प्रभाव हर वर्ग में समान रूप से महसूस होगा। आज की तेज़ रफ्तार जिंदगी और व्यक्तिगत स्वार्थ ने अक्सर माता-पिता को केवल बोझ जैसा महसूस करा दिया है। शहरों की चमक-दमक, नौकरी की प्रतिस्पर्धा और आधुनिक जीवनशैली ने पारिवारिक रिश्तों की जड़ों को कमजोर कर दिया है। ऐसे दौर में तेलंगाना का यह कानून युवाओं के लिए सख्त चेतावनी की तरह है कि माता-पिता की उपेक्षा अब महंगी पड़ेगी। अब माता-पिता की लिखित शिकायत पर जिला स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी और हर महीने कटौती की गई राशि सीधे उनके खाते में नियमित रूप से पहुंचेगी। यह कदम केवल आर्थिक दबाव नहीं बल्कि भावनात्मक, सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी की गहन याद दिलाने वाला है।

इस बिल की सबसे बड़ी ताकत शिकायत निपटारे की सरल, निष्पक्ष और समयबद्ध प्रक्रिया है। वृद्ध माता-पिता को केवल जिला कलेक्टर के समक्ष लिखित आवेदन देना पर्याप्त होगा। कलेक्टर दोनों पक्षों को सुनने के बाद अधिकतम 60 दिनों के अंदर मामले का निपटारा करेगा और यदि उपेक्षा सिद्ध हुई तो वेतन कटौती का आदेश जारी करेगा। यदि कलेक्टर समय पर निर्णय नहीं ले पाता या कोई पक्ष असंतुष्ट हो तो अपील के लिए सीनियर सिटीजन कमीशन गठित किया जाएगा। इससे लंबी अदालती प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी, बुजुर्गों को तुरंत आर्थिक सुरक्षा प्राप्त होगी और उनकी गरिमा व आत्मसम्मान बरकरार रहेगा। तेलंगाना सरकार ने इस बिल के जरिए न केवल कानूनी दंड और आर्थिक प्रावधान तय किए हैं, बल्कि समाज में एक नई नैतिक चेतना और पारिवारिक संस्कृति को भी प्रोत्साहित किया है। यह कानून समाज में पारिवारिक जिम्मेदारी की नई चेतना जगाता है। साथ ही, यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों के व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं और व्यस्त जीवनशैली के बावजूद माता-पिता की देखभाल प्राथमिकता बनी रहे। सरकारी, निजी और नेतृत्वकारी सभी वर्गों में समान जिम्मेदारी तय कर समाज में पारिवारिक मूल्यों और नैतिकता की गहरी समझ विकसित होती है। भारतीय संस्कृति में माता-पिता हमेशा से सर्वोच्च स्थान पर रहे हैं और उन्हें देवता का दर्जा प्राप्त रहा है। उन्होंने जीवन भर कठोर परिश्रम किया और अपने बच्चों के भविष्य को संवारने में कभी कोई कमी नहीं छोड़ी। लेकिन आज की तेज़ भागती जिंदगी और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं ने इन अमूल्य मूल्यों को कमजोर कर दिया है। तेलंगाना सरकार ने इस विधेयक के जरिए सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को कानूनी मजबूती दी है। अब हर कर्मचारी के लिए यह अनिवार्य होगा कि वह अपने वेतन का एक निश्चित हिस्सा माता-पिता की देखभाल और सम्मान के लिए सुरक्षित रखे। इस प्रकार यह कानून आर्थिक सहायता के साथ-साथ पारिवारिक मूल्यों को भी मजबूत करता है।

जनप्रतिनिधियों को इस बिल के दायरे में लाना समाज और नेतृत्व की सच्ची जवाबदेही का प्रतीक है। जो नेता समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन करते हैं, उन्हें सबसे पहले अपने घर में माता-पिता के प्रति कर्तव्य निभाना चाहिए। जब विधायक, सांसद और अन्य जनप्रतिनिधि स्वयं इस कानून का पालन करेंगे, तो आम नागरिक भी स्वतः प्रेरित होंगे और परिवारिक जिम्मेदारी को गंभीरता से समझेंगे। यह कदम केवल व्यक्तिगत पालन को सुनिश्चित नहीं करता, बल्कि नेतृत्व की जवाबदेही को मज़बूत बनाकर पूरे समाज में नैतिकता, जिम्मेदारी और पारिवारिक मूल्य की गहरी भावना पैदा करता है। निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को इस कानून में शामिल करना इसे पूरी तरह क्रांतिकारी और समाज परिवर्तनकारी बनाता है। पहले केवल सरकारी क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित रहता था, लेकिन अब पूरे समाज में समान कानूनी मानक लागू होंगे। माता-पिता की उपेक्षा अब व्यक्तिगत या पारिवारिक मामला नहीं रहेगी, बल्कि इसे सीधे कानून का उल्लंघन माना जाएगा। यह कदम स्पष्ट संदेश देता है कि बुजुर्गों की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं होगी। हर व्यक्ति को अपने माता-पिता की देखभाल, सम्मान और सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इससे पूरे समाज में बुजुर्गों की उपेक्षा अस्वीकार्य हो जाएगी।

तेलंगाना का यह साहसिक और दूरदर्शी निर्णय पूरे देश के लिए प्रेरणा और उदाहरण बन चुका है। अन्य राज्यों को भी तुरंत इस विधेयक को अपनाना चाहिए ताकि बुजुर्गों की पीड़ा, उपेक्षा और हतोत्साह को रोका जा सके। जब तक माता-पिता सुरक्षित, सम्मानित और पूरी देखभाल में नहीं रहेंगे, तब तक समाज का वास्तविक, स्थिर और समग्र विकास अधूरा रहेगा। यह कानून केवल सामाजिक और कानूनी जिम्मेदारी नहीं बनाता, बल्कि यह नैतिकता, परिवारिक संस्कार और विकास के बीच सशक्त संतुलन स्थापित करने का शक्तिशाली संदेश भी देता है। माता-पिता की सेवा और सम्मान जीवन की परम प्राथमिकता और सर्वोच्च संस्कार हैं। तेलंगाना सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि समाज की असली शक्ति परिवार की मजबूत नींव में ही निहित है। इस बिल से न केवल बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लौटेगी, बल्कि पूरे समाज में पारिवारिक बंधन भी फिर से प्रगाढ़ और अटूट होंगे। राष्ट्र की सच्ची गरिमा उसके बुजुर्गों के सम्मान और सुरक्षा में झलकती है। आइए हम सब मिलकर इस ऐतिहासिक पहल का गर्व से समर्थन करें और अपने माता-पिता को वह सच्चा सम्मान, सुरक्षा और प्यार लौटाएं, जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। तेलंगाना का यह साहसिक और दूरदर्शी कदम केवल कानून नहीं, बल्कि समाज में नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की अनोखी मिसाल भी है।

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

# घर के अदृश्य संविधान में स्त्री का संशोधन

**'सबकी जिम्मेदारी' अब सचमुच सबकी**

**रिश्तों की पुनर्संरचना: स्त्री का शांत हस्ताक्षर**

सुबह की रसोई में उबलती चाय की भाप के साथ एक और चीज़ उठ रही है–खामोश विद्रोह। यह विद्रोह दरवाज़े पटककर नहीं, बल्कि दरवाज़े धीरे से बंद करके होता है। महिलाएँ अब घर छोड़ नहीं रहीं, नौकरी छोड़ नहीं रहीं, पर 'सब कुछ संभालने' की अदृश्य जिम्मेदारी से पीछे हट रही हैं। इसे ही घर से 'क्वाइट क्विटिंग' कहा जा रहा है। यह लापरवाही नहीं, आत्मरक्षा है; असंवेदनशीलता नहीं, संतुलन की माँग है। दशकों से घर की दीवारों में कैद वह मानसिक बोझ, जिसे कर्तव्य कहकर सामान्य बना दिया गया था, अब प्रश्नों के कटघरे में है। यह नई लहर बिना नारों के, बिना मंचों के, सीधे रसोई और बैठक के बीच जन्म ले रही है।

'क्वाइट क्विटिंग' शब्द कार्यस्थल से आया, पर घर के भीतर इसका अर्थ कहीं अधिक गहरा है। दफ्तर में कर्मचारी अतिरिक्त काम छोड़ता है, यहाँ महिला अतिरिक्त भावनात्मक और संज्ञानात्मक श्रम छोड़ रही है। मेंटल लोड वह अदृश्य सूची है जो उसके दिमाग में हर समय चलती रहती है–बच्चों की परियोजना, सास की दवा, पति की मीटिंग, त्योहार की तैयारी, रिश्तों की मरम्मत। समय उपयोग सर्वेक्षण 2024 के आँकड़े बताते हैं कि भारतीय महिलाएँ प्रतिदिन पुरुषों से कई घंटे अधिक अवैतनिक श्रम करती हैं। महिलाएँ रोजाना 289 मिनट अनपेड घरेलू कामों पर और 137 मिनट देखभाल पर खर्च करती हैं जबकि पुरुष केवल 88 और 75 मिनट। यह सिर्फ समय नहीं, ऊर्जा और पहचान की कीमत भी है। यही असमानता अब प्रतिरोध को जन्म दे रही है।

महामारी ने इस असंतुलन को निर्वस्त्र कर दिया। घर ही दफ्तर बना, दफ्तर ही घर, और महिला दोनों की प्रबंधक। लैपटॉप की स्क्रीन के पीछे वह मीटिंग में थी, और कैमरे के बाहर रसोई में। इसी दौर में सोशल मीडिया ने वैश्विक संवाद खोला। हजारों भारतीय महिलाएँ लिखने लगीं कि वे 'परफेक्ट' होने की दौड़ से बाहर निकलना चाहती हैं। नई पीढ़ी की मिलेनियल और जेन-ज़ेड महिलाएँ अपनी माताओं की थकान को विरासत नहीं बनाना चाहतीं। वे समझ चुकी हैं कि त्याग का अनंत महिमामंडन असल में असमानता को स्थायी बनाता है। इसलिए यह बदलाव भावनात्मक जागरण से उपजा है।

व्यवहार में यह विद्रोह बेहद सूक्ष्म है। महिला चाय बनाएगी, पर सबके दिमाग का अलार्म नहीं बनेगी। वह याद दिलाना बंद कर देगी, आयोजन का बोझ साझा कर देगी, हर निर्णय की धुरी बनने से इंकार कर देगी। शुरुआत में परिवार चौंकता है, कभी नाराज़ भी होता है। 'तुम बदल गई हो' जैसे वाक्य तीर की तरह आते हैं। पर धीरे-धीरे घर के अन्य सदस्य भी जिम्मेदारी का स्वाद चखते हैं। बच्चे खुद अपना बैग तैयार करने लगते हैं, पति दवाइयों की सूची संभालने लगता है। यह बदलाव टकराव से नहीं, अभ्यास से आता है, और यहीं इसकी शक्ति छिपी है।

इस खामोश क्रांति के सामाजिक प्रभाव दूरगामी हैं। परिवार की शक्ति-संरचना बदल रही है। पुरुष पहली बार समझ रहे हैं कि घर चलाना केवल शारीरिक श्रम नहीं, निरंतर मानसिक योजना भी है। बच्चों में आत्मनिर्भरता बढ़ रही है क्योंकि माँ हर समस्या का तत्काल समाधान नहीं दे रही। महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य सुधर रहा है; चिंता और थकान में कमी दिख रही है। जब वे हर समय 'ऑन' नहीं रहतीं, तब उनकी रचनात्मकता और पेशेवर दक्षता भी बढ़ती है। यह विद्रोह रिश्तों को तोड़ने नहीं, उन्हें अधिक न्यायपूर्ण बनाने की दिशा में है।

फिर भी यह राह बिल्कुल सरल नहीं। समाज अब भी आदर्श पत्नी और त्यागमयी माँ के पुराने साँचे से बाहर सोचने को सहज नहीं है। अपराधबोध सबसे बड़ी दीवार बनकर खड़ा हो जाता है–क्या मैं स्वार्थी बन रही हूँ? रिश्तेदारों के सवाल, पड़ोस की फुसफुसाहट और परिवार की अनकही अपेक्षाएँ मिलकर भारी दबाव रचती हैं। अनेक महिलाएँ खुली घोषणा नहीं करतीं, बल्कि चुपचाप अपनी भूमिका की सीमाएँ तय करने लगती हैं। यह अनकहा विद्रोह है, जिसे इतिहास शायद सुर्खियों में दर्ज न करे, पर घरों की फिज़ा बदलने की क्षमता रखता है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी चेताते हैं कि समय पर संतुलन न साधा जाए तो थकान और टूटन अवश्यंभावी है।

आने वाले वर्षों में यह लहर और स्पष्ट होगी। नीतिगत स्तर पर पितृत्व अवकाश, घरेलू श्रम की स्वीकृति और कार्य-जीवन संतुलन पर बहसें गंभीर होंगी। पर असली बदलाव तब आएगा, जब हर घर में काम और भावनात्मक श्रम बराबरी से बाँटे जाएँगे। पुरुषों को भी संवेदनशीलता और जिम्मेदार योजना की आदत विकसित करनी होगी। घर साझेदारी का जीवंत स्थान बनेगा, एकतरफा सेवा का मंच नहीं। जब जिम्मेदारियाँ न्यायपूर्ण ढंग से साझा होंगी, तब प्रेम भी संतुलित और सम्मानपूर्ण होगा। यह क्रांति नकारात्मक नहीं, रिश्तों को स्वस्थ बनाने की सतत प्रक्रिया है, जो धीरे-धीरे संस्कृति की दिशा बदल देगी।

घर से 'क्वाइट क्विटिंग' प्रतिशोध की पुकार नहीं, आत्मसम्मान की सशक्त व्याकरण है। महिलाएँ स्पष्ट कर रही हैं कि वे घर की केंद्रबिंदु तो रहेंगी, पर अकेली आधारशिला नहीं। वे रिश्ते निभाएँगी, मगर अपनी अस्मिता की कीमत पर नहीं। जब मेंटल लोड बराबरी से बाँटा जाएगा, तभी घर का सुकून भी समान रूप से खिलेगा। यह मौन परिवर्तन आने वाले दशक में भारतीय परिवार की परिभाषा पुनर्लिख सकता है। अब समय है कि हम इस बदलाव को समझें, स्वीकारें और सक्रिय समर्थन दें। क्योंकि घर की चौखट पर जन्मी बराबरी ही समाज की असली प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है।

**कृति आरके जैन**

# महावीर स्वामी: मानवता के सच्चे मार्गदर्शक

महावीर जयंती भारत के प्रमुख धार्मिक और आध्यात्मिक पर्वों में से एक है, जो जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। यह केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों, नैतिकता और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश देने वाला पर्व है। इस दिन न केवल जैन समुदाय, बल्कि सभी धर्मों के लोग भगवान महावीर के उपदेशों को याद करते हैं और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं। महावीर जयंती हमें यह सिखाती है कि सच्चा धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि वह हमारे व्यवहार, सोच और जीवन शैली में झलकना चाहिए। भगवान महावीर का जन्म लगभग 599 ईसा पूर्व वैशाली के समीप कुंडलपुर में एक क्षत्रिय परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम वर्धमान था। बचपन से ही उनमें असाधारण साहस, करुणा और संवेदनशीलता थी। वे राजसी वैभव में पले-बढ़े, लेकिन उनका मन सांसारिक सुखों में नहीं लगा। तीस वर्ष की आयु में उन्होंने राज-पाट, परिवार और सभी सुख-सुविधाओं का त्याग कर सन्यास धारण कर लिया और सत्य की खोज में निकल पड़े। यह त्याग ही उनके महान व्यक्तित्व की पहली झलक थी, जिसने उन्हें साधारण मनुष्य से महान आत्मा बना दिया। महावीर स्वामी ने लगभग बारह वर्षों तक कठोर तपस्या और साधना की। इस दौरान उन्होंने अनेक कष्टों को सहन किया, लेकिन कभी विचलित नहीं हुए। अंततः उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई, जिसे 'कैवल्य ज्ञान' कहा जाता है। इसके बाद उन्होंने अपने अनुभवों और ज्ञान को समाज के सामने प्रस्तुत किया और लोगों को सच्चे जीवन का मार्ग दिखाया। उन्होंने कभी स्वयं को भगवान नहीं कहा, बल्कि यह बताया कि हर व्यक्ति अपने प्रयासों से आत्मज्ञान प्राप्त कर सकता है। यह विचार उस समय के लिए अत्यंत क्रांतिकारी था और आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

भगवान महावीर के उपदेशों का मूल आधार अहिंसा है। उन्होंने कहा कि किसी भी जीव को कष्ट पहुँचाना सबसे बड़ा पाप है। उन्होंने न केवल शारीरिक हिंसा, बल्कि विचारों और शब्दों में भी अहिंसा का पालन करने की शिक्षा दी। उनके अनुसार, यदि हम किसी के प्रति बुरा सोचते हैं, तो वह भी एक प्रकार की हिंसा है। इसी के साथ उन्होंने सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे सिद्धांतों का भी प्रचार किया। ये पाँच महाव्रत आज भी जैन धर्म की आधारशिला हैं और मानव जीवन को संतुलित और नैतिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महावीर जयंती का पर्व इन शिक्षाओं को याद करने और उन्हें जीवन में उतारने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, भगवान महावीर की प्रतिमाओं का अभिषेक किया जाता है और शोभा यात्राएँ निकाली जाती हैं। श्रद्धालु भक्ति गीत गाते हैं, प्रवचन सुनते हैं और दान-पुण्य के कार्य करते हैं। कई लोग इस दिन उपवास रखते हैं और आत्मचिंतन में समय बिताते हैं। यह सब केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि आत्मशुद्धि और आत्मविकास के साधन हैं।

महावीर जयंती का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के युग में, जब समाज में हिंसा, असहिष्णुता और स्वार्थ बढ़ते जा रहे हैं, महावीर के उपदेश हमें शांति और संतुलन का मार्ग दिखाते हैं। उनका 'जियो और जीने दो' का संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। यह हमें सिखाता है कि हमें न केवल अपने जीवन का सम्मान करना चाहिए, बल्कि दूसरों के जीवन का भी आदर करना चाहिए। इसके अलावा, महावीर स्वामी ने पर्यावरण संरक्षण का भी अप्रत्यक्ष रूप से संदेश दिया। जब वे कहते हैं कि हर जीव महत्वपूर्ण है, तो इसमें पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और प्रकृति के सभी तत्व शामिल होते हैं। आज जब दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है, उनके विचार हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा देते हैं। यदि हम उनके सिद्धांतों का पालन करें, तो न केवल समाज में शांति स्थापित हो सकती है, बल्कि प्रकृति का संतुलन भी बना रह सकता है।

महावीर जयंती हमें आत्मसंयम का भी महत्व सिखाती है। आज के भौतिकवादी युग में लोग अधिक से अधिक संपत्ति और सुख-सुविधाएँ प्राप्त करने की होड़ में लगे हैं। लेकिन महावीर स्वामी ने अपरिग्रह का संदेश देकर बताया कि आवश्यकता से अधिक संग्रह करना भी एक प्रकार का बंधन है। सच्चा सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि भीतर की शांति और संतोष में होता है। यह विचार हमें जीवन को सरल और संतुलित बनाने की प्रेरणा देता है। इस पर्व का एक और महत्वपूर्ण पहलू है समानता और मानवता का संदेश। महावीर स्वामी ने जाति, वर्ग और लिंग के भेदभाव को नकारते हुए सभी को समान माना। उनके अनुसार, हर व्यक्ति में आत्मा समान है और सभी को सम्मान और अधिकार मिलना चाहिए। यह विचार आज भी समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के लिए प्रेरणा देता है। अंततः, महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन है। यह हमें अपने भीतर झाँकने, अपने दोषों को पहचानने और उन्हें सुधारने का अवसर देती है। यह पर्व हमें यह याद दिलाता है कि सच्चा धर्म बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि हमारे आचरण और विचारों में होता है। यदि हम भगवान महावीर के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाएँ, तो न केवल हमारा जीवन बेहतर हो सकता है, बल्कि समाज भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकता है। इस प्रकार महावीर जयंती एक ऐसा पर्व है, जो हमें आध्यात्मिक ऊँचाइयों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है और मानवता के सच्चे मार्ग पर चलने का संदेश देता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# संपादकीय

## महायुद्ध में प्रयुक्त गोला बारूद के विकरण से पर्यावरण में होंगे जहरीले परिणाम

वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों ने बार-बार चेतावनी दी है कि यदि युद्धों में प्रयुक्त हथियारों और उनके पर्यावरणीय प्रभावों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो ग्लोबल वार्मिंग की समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। युद्ध के गोला बारूद के विकरण से पर्यावरण तथा ग्लोबल वार्मिंग में जहरीले परिणाम होने की आशंका बलवती हो चुकी है और इसके दूरगामी परिणाम की भी संभावना भी होगी, और प्रभावित क्षेत्र में निवासियों की आने वाली पीढ़ी भी इनके भयानक नतीजों से वंचित नहीं रह पाएंगी। युद्ध केवल सीमाओं का सीमित संघर्ष नहीं होता, यह धरती, आकाश और जीवन की समूची संरचना पर गहरा प्रभाव व प्रहार करता है।

आधुनिक युद्धों में इस्तेमाल होने वाला बारूद, मिसाइलें, बम और रासायनिक तत्व केवल तत्काल विनाश तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इनके प्रभाव दूरगामी और अदृश्य रूप से पर्यावरण तथा वैश्विक जलवायु को प्रभावित करते हैं। जब किसी युद्ध क्षेत्र में विस्फोट होते हैं तो भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और सूक्ष्म कण (पार्टिकुलेट मैटर) वायुमंडल में फैल जाते हैं, जो सीधे-सीधे ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाते हैं। ईरान, अमेरिका, इजरायल, फिलिस्तीन और रूस-यूक्रेन जैसे संघर्ष क्षेत्रों में लगातार हो रहे हमलों ने न केवल मानव जीवन को संकट में डाला है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी बुरी तरह झकझोर दिया है। युद्ध के दौरान जलते हुए तेल के कुएं, ध्वस्त होती औद्योगिक इकाइयाँ और धुएँ से भरे आसमान एक ऐसे विषाक्त वातावरण का निर्माण करते हैं, जिसमें सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। यह जहरीली हवा केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वायुमंडलीय धाराओं के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुँच जाती है, जिससे वैश्विक स्तर पर प्रदूषण बढ़ता है और जलवायु परिवर्तन की गति तेज होती है। बारूद में प्रयुक्त रसायन मिट्टी और जल स्रोतों में मिलकर उन्हें भी विषाक्त बना देते हैं, जिससे कृषि भूमि की उर्वरता घटती है और खाद्य सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न होता है। युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई और आगजनी भी होती है, जिससे कार्बन अवशोषण की प्राकृतिक क्षमता कम हो जाती है और वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर बढ़ता है। यह स्थिति ग्लोबल वार्मिंग को और अधिक गंभीर बना देती है, जिसके परिणामस्वरूप तापमान में वृद्धि, असामान्य वर्षा, सूखा और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ने लगती हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले आधुनिक हथियारों में यूरेनियम और अन्य रेडियोधर्मी तत्व भी शामिल होते हैं, जिनका प्रभाव पीढ़ियों तक बना रहता है और पारिस्थितिकी तंत्र को स्थायी क्षति पहुँचाता है। इन तत्वों के कारण मिट्टी और पानी लंबे समय तक प्रदूषित रहते हैं, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है, जैसे कैंसर और जन्मजात विकृतियाँ। युद्ध के दौरान होने वाले विस्फोटों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण भी वन्यजीवों के जीवन को प्रभावित करता है, जिससे उनकी प्राकृतिक प्रवृत्तियाँ बदल जाती हैं और कई प्रजातियाँ विलुप्ति के कगार पर पहुँच जाती हैं। इसके अतिरिक्त, युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर विस्थापन होता है, जिससे शरणार्थी संकट उत्पन्न होता है और नए क्षेत्रों पर पर्यावरणीय दबाव बढ़ता है, क्योंकि अचानक बढ़ी जनसंख्या के कारण संसाधनों का अत्यधिक दोहन होने लगता है। वैश्विक स्तर पर यदि इन युद्धों का सिलसिला इसी प्रकार चलता रहा, तो यह केवल राजनीतिक या आर्थिक संकट नहीं रहेगा, बल्कि एक गहरा पर्यावरणीय संकट बन जाएगा, जिसका प्रभाव पूरी मानवता को भुगतना पड़ेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व के राष्ट्र केवल शक्ति प्रदर्शन और वर्चस्व की राजनीति से ऊपर उठकर पर्यावरण संरक्षण और शांति की दिशा में ठोस कदम उठाएं, क्योंकि एक प्रदूषित और असंतुलित पृथ्वी पर किसी भी राष्ट्र की विजय का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। अंततः यह समझना होगा कि युद्ध की जीत अस्थायी हो सकती है, लेकिन उससे होने वाला पर्यावरणीय नुकसान स्थायी होता है, और यदि हमने समय रहते इस दिशा में ध्यान नहीं दिया, तो आने वाली पीढ़ियों को एक ऐसी पृथ्वी विरासत में मिलेगी, जहाँ जीवन की गुणवत्ता अत्यंत निम्न होगी और प्राकृतिक संसाधन समाप्ति के कगार पर होंगे, इसलिए शांति ही वह एकमात्र मार्ग है, जो पर्यावरण को सुरक्षित रख सकती है और मानवता को एक स्थायी भविष्य प्रदान कर सकती है।

**संजीव ठाकुर**

# पांच राज्यों के चुनाव में कानून व्यवस्था सबसे बड़ी कसौटी, आरोप-प्रत्यारोप के बीच लोकतंत्र की परीक्षा

देश के पांच महत्वपूर्ण राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों ने राजनीतिक तापमान को चरम पर पहुंचा दिया है। पश्चिम बंगाल असम तमिलनाडु केरल और पुडुचेरी में चुनावी गतिविधियां तेज हैं, लेकिन इस बार सबसे अधिक चर्चा कानून व्यवस्था को लेकर हो रही है। राजनीतिक दलों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि क्या चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो पाएंगे या नहीं।

सबसे अधिक विवाद और तनाव पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि राज्य में प्रशासनिक तंत्र निष्पक्ष नहीं है और मतदाताओं को डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। इन आरोपों के बाद मामला भारत निर्वाचन आयोग तक पहुंच चुका है। यह स्थिति कानून व्यवस्था की दृष्टि से चिंताजनक मानी जा रही है क्योंकि जब सत्तारूढ़ दल पर ही इस प्रकार के आरोप लगते हैं तो चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

दूसरी ओर ममता बनर्जी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए विपक्ष पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया है। राज्य में पहले भी चुनावों के दौरान हिंसा और तनाव की घटनाएं सामने आती रही हैं। इस बार भी पूरक मतदाता सूची को लेकर असमंजस और लाखों नामों पर विचाराधीन स्थिति ने प्रशासनिक चुनौती को और बढ़ा दिया है। स्पष्ट है कि बंगाल में कानून व्यवस्था चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है और इसे संभालना प्रशासन के लिए बड़ी परीक्षा है। पूर्वोत्तर के राज्य असम में भी स्थिति पूरी तरह शांत नहीं कही जा सकती। यहां कांग्रेस और एआईयूडीएफ कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की घटना सामने आई है, जिसने चुनावी माहौल में तनाव का संकेत दिया है। यह घटना दर्शाती है कि जमीनी स्तर पर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा कभी-कभी टकराव का रूप ले लेती है। हालांकि राज्य में सत्तारूढ़ पक्ष लगातार यह दावा कर रहा है कि कानून व्यवस्था पहले की तुलना में बेहतर हुई है, लेकिन इस तरह की घटनाएं चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े करती हैं।

तमिलनाडु में स्थिति अपेक्षाकृत शांत दिखती है, लेकिन यहां भी राजनीतिक गतिविधियां काफी तेज हैं। नामांकन, रैलियां और जनसंपर्क कार्यक्रमों के बीच प्रशासन के सामने चुनौती यह है कि कहीं भी अव्यवस्था या टकराव की स्थिति न बने। विभिन्न दलों के नेताओं के बीच बयानबाजी जरूर तेज है, परंतु अभी तक बड़े स्तर पर हिंसक घटनाओं की खबर नहीं है। यह राज्य परंपरागत रूप से अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण चुनावों के लिए जाना जाता है, लेकिन सतर्कता यहां भी जरूरी है क्योंकि चुनावी प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है।

दक्षिण भारत के ही केरल में चुनावी प्रक्रिया एक अलग ही स्वरूप में नजर आती है। यहां राजनीतिक चेतना उच्च स्तर की मानी जाती है और मतदाता सक्रिय रूप से भागीदारी करते हैं। इस बार भी बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की गई है, जो लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। हालांकि यहां प्रत्यक्ष हिंसा की घटनाएं कम देखने को मिलती हैं, फिर भी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और वैचारिक टकराव लगातार जारी रहता है। कानून व्यवस्था की दृष्टि से राज्य अपेक्षाकृत संतुलित नजर आता है, लेकिन प्रशासन को पूरी सतर्कता बनाए रखनी होती है।

पुडुचेरी में चुनावी गतिविधियां सीमित दायरे में होती हैं, लेकिन यहां भी राजनीतिक समीकरण काफी जटिल होते हैं। छोटे क्षेत्रफल के बावजूद यहां गठबंधन राजनीति का प्रभाव अधिक है। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतनी पड़ती है, क्योंकि छोटी घटनाएं भी बड़े विवाद का रूप ले सकती हैं। हालांकि अब तक यहां से किसी बड़ी हिंसक घटना की सूचना नहीं है, लेकिन चुनावी माहौल को देखते हुए सावधानी आवश्यक है।

इन पांचों राज्यों की स्थिति का समग्र विश्लेषण यह बताता है कि जहां एक ओर लोकतंत्र का उत्सव मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था एक गंभीर चुनौती के रूप में सामने आई है। चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं होते, बल्कि यह जनता के विश्वास और प्रशासन की निष्पक्षता की भी परीक्षा होते हैं। यदि मतदाता भयमुक्त होकर मतदान नहीं कर पाएंगे तो चुनाव का मूल उद्देश्य ही कमजोर पड़ जाएगा।

राजनीतिक दलों को भी यह समझना होगा कि आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से अधिक महत्वपूर्ण शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है। प्रशासन और भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका इस समय सबसे अहम हो जाती है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर मतदाता बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। अंततः यह कहा जा सकता है कि इन चुनावों में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा है। कानून व्यवस्था की स्थिति ही तय करेगी कि यह चुनाव लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक बनेंगे या फिर अव्यवस्था की मिसाल। देश की नजरें इन पांच राज्यों पर टिकी हैं और उम्मीद की जा रही है कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न होंगे, जिससे लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# नेपाल की नई आस: युवा नेतृत्व के सामने अवसर और चुनौती

रामनवमी के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 35 वर्षीय बालेन्द्र शाह का नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक प्रतीकात्मक परिवर्तन का संकेत है। यह उस देश में उम्मीदों के पुनर्जागरण का क्षण है, जो लंबे समय से राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार और दिशा-भ्रम की स्थिति से जूझ रहा है। बालेन्द्र शाह के नेतृत्व में गठित यह युवा सरकार, जिसमें अधिकांश मंत्री 40 वर्ष से कम आयु के हैं, नेपाल की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत देती है। नेपाल का आधुनिक राजनीतिक इतिहास उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। लगभग 240 वर्षों तक एकमात्र हिंदू राष्ट्र के रूप में स्थापित रहने के बाद, 2008 में राजशाही का अंत हुआ और देश ने संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य का स्वरूप ग्रहण किया। यह परिवर्तन जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप एक सशक्त, समृद्ध और लोकतांत्रिक नेपाल के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया था। किंतु विडंबना यह रही कि इसके बाद का दौर राजनीतिक अस्थिरता, अल्पकालिक सरकारों और बढ़ते भ्रष्टाचार से घिरा रहा। 1990 के बाद से बत्तीस बार सरकारों का बनना और गिरना, लोकतांत्रिक संस्थाओं की कमजोरी को उजागर करता है। कोई भी सरकार अपना पूर्ण कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी, जिससे नीतिगत निरंतरता बाधित हुई और विकास की गति प्रभावित हुई। इस अस्थिरता के बीच बाहरी शक्तियों का प्रभाव भी बढ़ा, विशेषकर चीन का, जिसने नेपाल की नीतिगत दिशा और क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित किया। परिणामस्वरूप, भारत के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों में अपेक्षित प्रगाढ़ता नहीं आ सकी। आज नेपाल आर्थिक चुनौतियों, बढ़ते बेरोज़गारी संकट और युवाओं के पलायन जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है। ऐसे समय में बालेन्द्र शाह की युवा सरकार से अपेक्षाएं स्वाभाविक रूप से अधिक हैं। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि कार्यशैली और दृष्टिकोण में बदलाव की परीक्षा भी है। बालेन्द्र शाह द्वारा श्रीराम को साक्षी मानकर शासन की शुरुआत करना एक सांस्कृतिक संदेश भर नहीं, बल्कि नैतिकता, मर्यादा और जवाबदेही के मूल्यों को आत्मसात करने का संकेत भी है। किंतु प्रतीकों से आगे बढ़कर ठोस नीतिगत निर्णय और प्रभावी क्रियान्वयन ही इस सरकार की वास्तविक कसौटी होंगे। इस युवा नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार की जड़ों को समाप्त करना, प्रशासनिक पारदर्शिता स्थापित करना और राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना है। साथ ही, संतुलित विदेश नीति के माध्यम से भारत और चीन दोनों के साथ व्यावहारिक और राष्ट्रीय हितों पर आधारित संबंध विकसित करना भी आवश्यक होगा। विशेष रूप से भारत के साथ आर्थिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक सहयोग को नई ऊर्जा देना नेपाल के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि यह सरकार युवाओं की आकांक्षाओं को समझते हुए रोजगार सृजन, शिक्षा और उद्यमिता को प्राथमिकता दे। यदि यह सरकार अपनी ऊर्जा, नवीन सोच और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करती है, तो वह न केवल नेपाल की आंतरिक चुनौतियों को दूर कर सकती है, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी एक आदर्श प्रस्तुत कर सकती है। स्पष्ट है कि बालेन्द्र शाह सरकार के पास अवसर भी है और चुनौती भी। यह समय केवल आशाओं का नहीं, बल्कि परिणाम देने का है। यदि यह युवा नेतृत्व अपने वादों पर खरा उतरता है, तो नेपाल एक बार फिर स्थिरता, समृद्धि और स्वाभिमान की राह पर अग्रसर हो सकता है। अन्यथा, यह अवसर भी इतिहास के अनेक अधूरे प्रयासों की सूची में शामिल होकर रह जाएगा।

**अरविंद रावल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हनुमान जन्मोत्सव को भव्य बनाने के लिए बैठक संपन्न



**सिकरीगंज, गोरखपुर।** आगामी 2 अप्रैल को मनाए जाने वाले हनुमान जयंती के अवसर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप देने के लिए सोमवार को सिकरीगंज क्षेत्र के भटपुरवा हनुमान मंदिर परिसर में श्री हनुमंत मंडली के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अरुण कुमार शर्मा ने की। बैठक में आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इसे शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और आकर्षक ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कीर्तन, भजन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों को पहले से अधिक भव्य रूप दिया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी तय की गईं। बैठक में जिलाजीत शर्मा, पिंटू शर्मा, केशभान शर्मा, देवानंद शर्मा, चिंटू शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं हनुमान भक्त उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प

### जिला कारागार व बालगृह का निरीक्षण, सुरक्षा व व्यवस्थाएं परखी



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, जिला जज धनेन्द्र प्रताप सिंह, सीजेएम मंजू कुमारी तथा पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने सोमवार को जिला कारागार और राजकीय बालगृह का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के स्वास्थ्य, भोजन और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने, सीसीटीवी कैमरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा बंदियों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके बाद अधिकारियों ने राजकीय बालगृह का निरीक्षण कर वहां रह रहे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, खानपान और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों ने बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### गौरा विधायक ने सम्पर्क मार्ग काविधि विधान से पूजन अर्चन कर किया शिलान्यास




**मनकापुर गोण्डा** – सतेंद्र नाथ मेमोरियल इंटर कॉलेज, नरैचा (छपिया) में विधायक प्रभात कुमार वर्मा द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र गौरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सैदनपुर के मजरा सैदनपुर खास संपर्क मार्ग का भव्य शिलान्यास/भूमि पूजन किया गया।गौरा विधायक ने अपने सम्बोधन मे बताया कि यह सम्पर्क मार्ग लगभग 2300 मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 1 करोड़ 30 लाख की लागत से किया जाएगा। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।इस अवसर पर प्रबंधक अनिल वर्मा , मंडल अध्यक्ष राम चन्दर वर्मा , प्रधान जक्शन तिवारी , प्रधान विष्णु प्रताप सिंह , दया शंकर पाण्डेय , सालिक राम वर्मा , प्रधान सुनील वर्मा , प्रधान बाबूलाल वर्मा , विनय कुमार वर्मा , नन्हे वर्मा , रंजीत वर्मा , मनोज शुक्ला, मस्तराम वर्मा , पवन पासवान , जय प्रकाश वर्मा , सुरेश वर्मा , पप्पू वर्मा , राजन सिंह , इरशाद अहमद सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खजनी बार चुनाव में कांटे की टक्कर: 1 वोट से जीते सत्यप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ़ 'मल्लू लाल', पूरी पैनल घोषित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर।** तहसील बार एसोसिएशन खजनी के वार्षिक चुनाव में इस बार रोमांच चरम पर रहा। अध्यक्ष पद पर बेहद कांटे की टक्कर देखने को मिली, जहां एडवोकेट सत्यप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ मल्लू लाल ने महज 1 मत के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर सभी को चौंका दिया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एडवोकेट कृपाशंकर सिंह को पराजित करते हुए कुल 46 मत हासिल कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर भी मुकाबला दिलचस्प रहा, जहां एडवोकेट ईश्वर चंद्र सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी एडवोकेट कृष्ण मुरारी को 24 मतों के बड़े अंतर से हराकर जीत दर्ज की। वहीं महामंत्री पद पर एडवोकेट चंद्रमौली शर्मा ने एडवोकेट शिव कुमार को 11 मतों से पराजित कर मंत्री पद हासिल किया। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 3, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 2 तथा महामंत्री पद के लिए 2 प्रत्याशी मैदान में थे, जिससे मुकाबला पूरी तरह त्रिकोणीय और द्विपक्षीय बन गया था। मतदान के दौरान अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखा गया और पूरे दिन गहमागहमी का माहौल बना रहा।

इसी बीच कुछ पदों पर निर्विरोध निर्वाचन भी हुआ। उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट दिनेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट पन्ने लाल यादव तथा संयुक्त मंत्री पद पर एडवोकेट अजय कुमार सिंह को बिना मुकाबले निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई, जिसे तहसील के एल्डर्स कमेटी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं–रामप्रीत यादव, कृष्णानंद शुक्ला, दरगाह प्रसाद आजाद, मारकंडे राम तिवारी और सुदामा प्रसाद–के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। मतदान के बाद मतगणना अपराह्न करीब 4:30 बजे पूरी हुई, जिसके बाद परिणाम घोषित किए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शेष पदों के साथ शपथ ग्रहण समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। इस चुनाव परिणाम ने बार एसोसिएशन की राजनीति में नई ऊर्जा और नेतृत्व को जन्म दिया है, जिससे अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल है।

## महेशपुर के लाल ने किया कमाल, नायब तहसीलदार बने त्रिपुरेश मणि



**रुद्रपुर, देवरिया।** क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी कौशलेंद्र मणि त्रिपाठी के पुत्र त्रिपुरेश मणि त्रिपाठी का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में नायब तहसीलदार पद पर चयन हुआ है। उनकी सफलता से गांव में खुशी का माहौल है और घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। त्रिपुरेश मणि बचपन से ही मेधावी रहे हैं। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में तीन बार साक्षात्कार तक पहुंचकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वर्तमान में उन्होंने पीसीएस परीक्षा भी दी है, जिसमें उनके चयन की संभावना जताई जा रही है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गोरखपुर में हुई है। उनके पिता गोरखपुर में पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक पद पर तैनात हैं। उनकी सफलता पर ग्रामवासियों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## गोला क्षेत्र केपंचायत भवन का ताला तोड़ लाखों के सामान चोरों ने उड़ाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ग़ोला गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्रब के ग्राम सभा जिगनी बुजुर्ग में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामले में अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर कंप्यूटर समेत कई कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान शांति देवी ने गोला थाने में दी गई लिखित तहरीर में बताया कि 25-26 मार्च की रात चोरों ने पंचायत भवन को निशाना बनाया। मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर सीधे सचिव कक्ष तक पहुंचे और वहां रखा कंप्यूटर सेट, इनवर्टर, बैटरी समेत अन्य जरूरी उपकरण उठा ले गए। सुबह जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी गांव में पानी की टंकी का मोटर, बैटरी और सार्वजनिक शौचालय के नल चोरी हो चुके हैं। लगातार हो रही चोरियों से गांव के लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व की घटनाओं का अब तक खुलासा नहीं हो सका है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। सूचना मिलने पर गोला पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 और 331(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरी की घटनाओं का खुलासा करने और दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो चोरों का आतंक और बढ़ सकता है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन लगातार हो रही घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

## वायरल स्टंट का खामियाजा: 5 युवक दबोचे, 5 बाइक सीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की सख्ती लगातार बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में थाना गुलरिहा पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे मोटरसाइकिल स्टंट के वीडियो का संज्ञान लेते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने खतरनाक स्टंट कर रहे 5 युवकों को चिन्हित कर हिरासत में लिया है और उनकी 5 मोटरसाइकिलों को सीज कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गुलरिहा के नेतृत्व में गठित टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान की। इसके बाद आरोपियों को पकड़कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही की गई। हिरासत में लिए गए आरोपियों में शिवा मिश्रा (थाना कैंपियरगंज), अंकित कुमार वर्मा (थाना गुलरिहा), आदर्श वर्मा, शक्ति वर्मा और पीयूष सोनकर (सभी थाना चिलुआताल क्षेत्र) शामिल हैं। ये सभी युवक सार्वजनिक सड़कों पर बाइक से खतरनाक स्टंट करते हुए पाए गए, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ रही थी। पुलिस के अनुसार, इस तरह के स्टंट न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन हैं बल्कि गंभीर दुर्घटनाओं को भी न्योता देते हैं। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले ऐसे वीडियो पर लगातार नजर रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई में थाना गुलरिहा की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम में थानाध्यक्ष उ0नि0 इत्यानंद पाण्डेय, उ0नि0 मदन मोहन मिश्रा, उ0नि0 विकास कुमार मिश्रा, उ0नि0 राहुल कुमार, उ0नि0 आयुष द्विवेदी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। गौरतलब है कि हाल के दिनों में युवाओं में सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने के लिए स्टंटबाजी का चलन बढ़ा है, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। पुलिस ने आम जनता, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपनी व दूसरों की जान को खतरे में न डालें।

## ग़ोला पानी भरने को लेकर विवाद बना हिंसक, महिला पर लाठी-डंडों से हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला गोरखपुर** – गोला थाना क्षेत्र के ग्राम अवरूस में एक महिला के साथ पानी भरने के दौरान मारपीट और अभद्रता का गंभीर मामला सामने आया है। मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जिसमें महिला को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटकर घायल कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अवरूस निवासी प्रेमशिला पत्नी बुजभान चौहान रोज़ की तरह गांव के सार्वजनिक नल पर पानी लेने गई थीं। इसी दौरान उनके देवर अक्षय लाल पुत्र स्व. रामआसरे वहां पहुंच गए और किसी बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब प्रेमशिला ने इसका विरोध किया, तो विवाद ने उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि अक्षय लाल के साथ उनकी पत्नी पूजा, बिरगु पुत्र राजबली, बेलभवती पत्नी बिरगुनाथ, मनोज, सत्य और नीरज पुत्रगण बिरगुनाथ ने एकजुट होकर महिला पर हमला कर दिया। सभी आरोपियों ने मिलकर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की, जिससे प्रेमशिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल महिला ने किसी तरह खुद को संभाला और थाने पहुंचकर पूरी घटना की लिखित शिकायत दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर गोला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सातों नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 191(2), 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और सभी आरोपों की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और पीड़िता को न्याय दिलाया जाएगा। गांव में इस घटना के बाद लोगों में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे-छोटे विवाद अब हिंसक झगड़ों में बदलते जा रहे हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

## संचारी रोग नियंत्रण को लेकर सभी विभाग समन्वय से करें कार्य- सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक संचालित होने वाले दस्तक अभियान की तैयारी को लेकर सोमवार को विकास भवन के गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार, फाइलेरिया और कालाजार की रोकथाम के लिए स्वच्छता अभियान, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और घर-घर सर्वे अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से युद्ध स्तर पर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि तालाबों और नालों में एंटी लार्वा का छिड़काव, कूड़े का समुचित निस्तारण, झाड़ियों की कटाई और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए। स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता, रैली और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए। सीडीओ ने हैंडपंप के पानी की जांच कराने तथा नगर निकायों में ओवरहेड टैंकों की नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए, ताकि जलजनित रोगों की रोकथाम की जा सके। हाई रिस्क क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा दस्तक अभियान के दौरान घर-घर सर्वे कर मच्छर और लार्वा वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर कार्रवाई करने को कहा गया। रोगियों के निःशुल्क परिवहन के लिए एंबुलेंस सेवा उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में चिकित्सा, नगर विकास, पंचायतीराज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, शिक्षा, कृषि और पशुपालन समेत 13 विभागों के अधिकारियों को अभियान के प्रभावी संचालन के लिए समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## उच्च शिक्षा मंत्री से शिक्षकों की मुलाकात, समस्याओं के समाधान का मिला आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय से गोरखपुर सर्किट हाउस में शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उच्च शिक्षा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाया। मंत्री ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी पेंशन योजना में शामिल शिक्षकों की एनपीएस कटौती को ओपीएस खाते में समायोजित करने, एनपीएस खातों में राज्यांश समय से जमा कराने, कैरियर एडवांसमेंट स्कीम में शोध पत्रों की अनिवार्यता को यूजीसी मानकों के अनुसार संशोधित करने, अनुदानित महाविद्यालयों में स्थानांतरण प्रक्रिया को समयबद्ध करने तथा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों के विनियमितीकरण की मांग उठाई। इसके अलावा मेडिकल अवकाश बहाल करने, राजकीय महाविद्यालयों में लंबित पदोन्नति के लिए डीपीसी शीघ्र कराने, शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, परीक्षा कार्यों का पारिश्रमिक समय से भुगतान कराने तथा अनुदानित महाविद्यालयों के प्रोन्नत प्रोफेसरों को विश्वविद्यालय की समितियों में समान अवसर देने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी बिंदुओं पर विभागीय स्तर पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में प्रो. लोकेश त्रिपाठी, डॉ. निरंकार राम त्रिपाठी, प्रो. अनन्त कीर्ति तिवारी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### दुबई में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**रामलक्षन,देवरिया।** गौरीबाजार ब्लॉक अंतर्गत बर्दगोनिया ग्राम सभा निवासी 25 वर्षीय अभिषेक प्रजापति पुत्र अच्छेलाल प्रजापति की दुबई में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस दुखद खबर के मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि अभिषेक रविवार रात भोजन करने के बाद सोने चले गए थे, लेकिन सोमवार सुबह काफी देर तक नहीं उठे। इसके बाद साथ में काम करने वाले लोगों ने जब उन्हें देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी कंपनी के माध्यम से सोमवार को परिजनों को दी गई। मौत के कारणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है, जिससे परिजन गहरे सदमे में हैं और पूरे मामले की सच्चाई जानने के लिए परेशान हैं। मृतक की माता रमावती देवी दहाड़े मार मार कर मूर्छित हो जा रही थी। मृतक की पत्नी प्रिया को जैसे ही मौत की खबर मिली रो-रोकर मूर्छित हो जा रही थी। अगल-बगल की महिलाएं संभाल रही थी मृतक के दो बच्चे आर्या 3 वर्ष और अनन्या 6 माह की है।

## लंभुआ की बेटियों ने लहराया परचम,पीसीएस परीक्षा में सफलता से क्षेत्र हुआ गौरवान्वित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुलतानपुर / लंभुआ** – तहसील क्षेत्र की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) परीक्षा के घोषित परिणाम में क्षेत्र की दो बेटियों ने शानदार सफलता हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लंभुआ तहसील के गोपीनाथपुर गांव निवासी किसान गौरी शंकर दूबे की पुत्री शिवांकी द्विवेदी ने पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल की है, जिनको वर्क ऑफिसर में 16वीं रैंक प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। शिवांकी की प्रारंभिक शिक्षा स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोपालपुर मधैया से हुई। इसके बाद उन्होंने लखनऊ से बीएससी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी गणित में टॉप किया। उनकी मेधा को देखते हुए उन्हें तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में सम्मानित भी किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि शिवांकी का चयन बिहार पीसीएस में भी हो चुका है। उनके पिता गांव में रहकर खेती-किसानी करते हैं, जबकि उनके दो भाई उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं। दिल्ली में रहकर उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की। वहीं, लंभुआ क्षेत्र के होलापुर गांव की अदिति पांडेय ने भी पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए नायब तहसीलदार पद हासिल किया है। अदिति एक शिक्षित परिवार से संबंध रखती हैं। उनके बड़े पिता ओम प्रकाश पांडेय सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी हैं, जबकि उनकी बड़ी बहन कानपुर में एसीपी पद पर तैनात हैं। परिणाम घोषित होने के बाद दोनों परिवारों में उत्सव जैसा माहौल है। गांव में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और क्षेत्रवासियों में गर्व की भावना देखने को मिल रही है।

## लोक कल्याण व सेवा के लिए लक्ष्मण गांधी का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लंभुआ, सुलतानपुर।** क्षेत्र में बीते ढाई दशक से समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण गांधी को दधीचि फाउंडेशन द्वारा शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दधीचि फाउंडेशन के अध्यक्ष राम प्रकाश मिश्रा 'दधीचि' ने बताया कि लक्ष्मण गांधी के कार्यों की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता, जल संरक्षण अभियान, दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण, निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने तथा स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं की स्थापना जैसे अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन सभी कार्यों का अवलोकन करने के बाद संस्था ने उनके समर्पण, निष्ठा और समाज सेवा के प्रति अथक प्रयासों को देखते हुए सर्वसम्मति से उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया। अस्वस्थता के चलते लक्ष्मण गांधी को यह सम्मान उनके आवास पर जाकर प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर लक्ष्मण गांधी ने दधीचि फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे क्षेत्रवासियों का है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान से सामाजिक जिम्मेदारियां और बढ़ जाती हैं और वे क्षेत्र के विकास एवं लोक कल्याण के लिए जीवन भर समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय संत समाज कल्याण कमेटी (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सच्चिदानन्द पाठक एवं दीपक मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन योजना हुआ फेल 'हाथी का दांत' साबित हो रही पानी की टंकियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'जल जीवन मिशन' योजना जनपद के हरैया सतघरवा विकासखंड में दम तोड़ती नजर आ रही है। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के दावे यहां धरातल पर पूरी तरह फेल साबित हो रहे हैं। क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में करोड़ों की लागत से बनी पानी की टंकियां पिछले पाँच वर्षों से शोपीस बनी हुई हैं, जबकि ग्रामीण आज भी शुद्ध पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

**करोड़ों खर्च, फिर भी प्यासे ग्रामीण**

विकासखंड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत महादेव अतरपरी, देवपुरा, कमदा और उदईपुर गनवारिया बलदेव नगर कोंडरी बसंतपुर शिवानगर काशीपुर भुसैलिया टेढ़वा कमदा में करीब पाँच साल पहले जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकियों का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब उन्हें घर बैठे शुद्ध जल मिलेगा, लेकिन पाइपलाइन और सप्लाई की बदहाली ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। आलम यह है कि टंकियां खड़ी तो हैं, लेकिन उनमें पानी का नामोनिशान नहीं है।

**अधिकारियों की लापरवाही से योजना हुई फेल**

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से सरकार की इस बड़ी योजना को पलीता लगाया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा हुए लंबा समय बीत गया, लेकिन अब तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं की जा सकी। ग्रामीण इसे सरकारी धन की बर्बादी और 'हाथी के दांत' बता रहे हैं, जो केवल देखने के लिए हैं, काम के नहीं।

**प्रशासन से जल्द बहाली की मांग**

भीषण गर्मी की दस्तक के बीच ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि इन बंद पड़ी टंकियों की जांच कराई जाए और जल्द से जल्द जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## नारी सुरक्षा का संकल्प: लम्भुआ पुलिस का मिशन शक्ति अभियान बना जनजागरण की मिसाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लम्भुआ, सुलतानपुर।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लम्भुआ पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस पहल के तहत थाना लम्भुआ की एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति प्रभारी टीम ने क्षेत्र के पंडित कृष्णानंद इंटर कॉलेज, लम्भुआ में छात्राओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों और उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस टीम ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं और बालिकाएं बिना किसी भय के इन सेवाओं का उपयोग कर सकती हैं। साथ ही, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहने और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया। इसके अलावा साइबर अपराधों में बढ़ोतरी को देखते हुए छात्राओं को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय भी समझाए गए। पुलिस ने 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (विमेन पावर हेल्पलाइन), 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी साझा की। अभियान के तहत थाना परिसर में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी जानकारी दी गई और उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं से उनकी समस्याएं पूछी गई, हालांकि इस दौरान किसी ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं–जैसे कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और राष्ट्रीय पोषण मिशन– की जानकारी भी दी गई और लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। लम्भुआ पुलिस का यह अभियान नारी सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। संदेश स्पष्ट है कि जागरूकता ही सुरक्षा की सबसे मजबूत कुंजी है।

## संक्षिप्त खबरें

### एडीएम ने किया गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी


**तिलहर- शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार ने मंडी समिति में लगे गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्र प्रभारियों को किसानों का शत प्रतिशत गेहूं खरीदने के कड़े निर्देश दिए। किसानों को गेहूं की उपज का समर्थन मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शासन द्वारा मंडी समिति परिसर में 19 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। निरीक्षण करने पहुंचे अपर जिलाधिकारी को क्रय केंद्रों पर खरीद न मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चेताया किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा केंद्र पर गेहूं लेकर आने वाले किसानों को वहां से वापस न किया जाए। मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी गेहूं में अधिक नमी होने के कारण खरीद में समस्या उत्पन्न हो रही है जिस पर अपर जिलाधिकारी ने किसानों से अपना गेहूं सुखाकर लाने की अपील की उन्होंने कहा प्रशासन उनके गेहूं सरकार द्वारा जारी किए गए समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एडीएम ने केंद्र प्रभारियों को गेहूं लेकर आने वाले किसानों के लिए क्रय केंद्रों पर बैठने तथा पानी की समुचित व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए।

### सेवानिवृत शिक्षकों की विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**सिद्धार्थनगर।** शिक्षण सत्र के समाप्ति पर दो शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय बढ़नी में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मण्डलीय महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पांडेय व ब्लॉक अध्यक्ष बढ़नी जावेद आलम ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंगवस्त्र व धार्मिक ग्रन्थ भेंटकर सम्मानित किया। ब्लॉक शोहरतगढ़ के कम्पोजिट विद्यालय परसिया के शिक्षक व संगठन के ऑडिटर मणिकांत उपाध्याय व बढ़नी ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय बरगदवा के शिक्षक बच्चन राम के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। उप्रप्राशिसंघ मण्डलीय महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की निर्धारित सेवाकाल की एक प्रक्रिया है। सेवानिवृत्त शिक्षकों के अनुभव व अन्य बातों की सीख व प्रेरणा लेकर बेहतर कार्य किया जा सकता है। इस अवसर पर जावेद आलम, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, निसार अहमद, राजू चौबे, नूपुर श्रीवास्तव, शालिनी, रामसेवक, प्रदीप उपाध्याय आदि उपस्थित शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का माल्यार्पण किया।

### फिरोजाबाद में फोन पर बात करने के बाद कार मैकेनिक ने फंदे से लटक कर जान दी, मिल रही थीं धमकियां



**फिरोजाबाद।** कार मैकेनिक ने रविवार रात 11 बजे थाना उत्तर में बोधाश्रम स्थित किराए के मकान में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। घरवालों ने बताया कि आखिरी बार उसे किसी का फोन आया। इसके बाद उसने फंदे से लटक कर आत्महत्या की है। आगरा में ताजगंज थानाक्षेत्र के नामनेर निवासी 39 वर्षीय गौरव मां-बाप का इकलौता बेटा था। वह थाना उत्तर में मुहल्ला बोधाश्रम में कई वर्ष से किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहता था और कार मोडिफाइड करने का काम करता था। दो दिन पहले पत्नी यशोदा दोनों बेटों के साथ लाइनपार में मुहल्ला नगला विष्णु स्थित मायके में गई थी। घर में गौरव और मां मीरा थीं। रविवार रात 10 बजे उसने ससुर रामकिशन से बात की। इसके बाद साढ़ू से बात कर कहा कि मां की तबीयत खराब है। तीन सौ रुपये डाल दो। इस पर साढ़ू ने पांच सौ रुपये दिए थे। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर एक फोन आया। बात करने के बाद वह परेशान हो गया। इसके बाद उसने ऐसा कदम उठाया। ससुर ने बताया कि उसने किसी से पैसा लिया था। तीन दिन पहले भी उसने फोन पर धमकी दी थी। आशंका है कि उसी ने फोन कर धमकाया, जिससे परेशान होकर गौरव ने ऐसा कदम उठाया। इंस्पेक्टर अंजीश कुमार ने बताया कि अभी वजह स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

# शादी की मांग को लेकर युवक टावर पर चढ़ा, पांच घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
सुरेंद्र सिंघल





**तिलहर।** आज एक हाई वोल्टेज ड्रामे के दौरान लोगों को शोले पिक्चर का वह दृश्य याद आ गया जिसमें बसंती (हेमा मालिनी) के प्यार में पागल बीरू (धर्मेंद्र) बसंती के परिवार द्वारा शादी से बना करने पर पानी की टंकी पर चढ़ गया था ऐसा ही एक मामला आज उस समय हुआ जब तिलहर शाहजहांपुर हाईवे किनारे कछियानी खेड़ा मंदिर के समीप लगे बीएसएनएल के टावर पर एक युवक चढ़ गया और उसने एलान किया कि यदि उसकी प्रेमिका के घर वालों ने शादी के लिए हां नहीं की तो वह ऊपर से कूद कर अपनी जान दे देगा यह जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव, प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवक को समझाने का प्रयास किया लेकिन युवक अपनी जिद पर अड़ा रहा। थाना अंतर्गत ग्राम कपसेड़ा निवासी रामू कश्यप का जैतीपुर थाना क्षेत्र की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था बताते हैं की युवती के परिवार वाले इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे इसी से आहत होकर युवक सोमवार की दोपहर 12:00 बजे हाईवे किनारे स्थित एक टावर पर चढ़ गया और शादी की मांग करने लगा। वहां पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने युवक को समझाने का प्रयास किया लेकिन उसका कहना था जब तक लड़की के परिवार वाले शादी के लिए राजा मंदी नहीं देते तब तक वह नीचे नहीं उतरेगा और ऊपर से कूद कर अपनी जान दे देगा इस दौरान वहां पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई जिससे अफरैद अफ्रीका माहौल हो गया और हाईवे का यातायात बंद होने लगा जिसे सुचारु करने में पूरी पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पांच घंटे की के बाद पुलिस के अधिकारियों ने जैतीपुर से युवती के पिता तथा भाई सहित परिवार के सभी लोगों को वहां बुलवाया परिवार के सदस्यों द्वारा फोन पर ही युवक को शादी की सहमति प्रदान की गई।फोन पर युवती के परिवार वालों से बात कराई उनके द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद युवक टावर से नीचे उतरा तब पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने बताया पांच घंटे तक टावर पर चढ़े रहने के कारण युवक का स्वास्थ्य खराब हो गया था उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है उन्होंने कहा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए युवक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

## वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह सनातनी मर्यादा की याद दिलाता विधायक शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय क्यारा में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं कक्षा आठवीं के छात्र -छात्राओं के विदाई समारोह की बेला पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिथरी चैनपुर विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि जिला खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह, ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इंचार्ज प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा विद्यालय एक फूलों की बगिया के समान होते हैं। जहां रहते हैं, वहां महकते और चहकते हैं। वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह एक प्राचीन एवं सनातनी परंपरा है।जीवन में आगे बढ़ने की सूचक है।विदाई इसका हंसकर सहर्ष स्वीकार करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। छात्र -छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के संदर्भ में कहा आज हमारे विद्यालय कान्वेंट स्कूलों जैसे बन गये हैं। हमारे शिक्षक शिक्षा के साथ -साथ सांस्कृतिक,सामिजक जनजीवन के प्रति भी छात्र- छात्राओं को जागरूक कर रहे हैं।सभी शिक्षकों, अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में बच्चों के नामांकन कराने के लिए प्रयास करने चाहिए। तथा गांव- गांव सर्वशिक्षा अभियान की रैलियां निकालने का आह्वान किया।परीक्षा में सफल छात्र -छात्राओं को पुरूस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षिका मीनाक्षी,संगीता चौरसिया ने किया।इस दौरान ब्लाक प्रमुख क्यारा अरविंद चौहान, मुकेश सिंह चौहान,केपी सिंह, पुष्पा कुमारी, सीमा शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, विशाल अग्रवाल, ममता रानी सहित तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

## संजय प्लेस कैफे में देर रात लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने बचाई पांच लोगों की जान

**आगरा।** संजय प्लेस स्थित ब्लॉक नंबर 25 में सोमवार देर रात एक कैफे में अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार, घटना रात करीब 12:45 बजे की है, जब शॉप नंबर 15 में स्थित कैफे से धुआं उठता देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

**कड़ी मेहनत के बाद पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला**

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान कैफे की चौथी मंजिल पर फंसे पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। समय रहते फायर टीम की कार्रवाई से जानमाल का बड़ा नुकसान होने से बच गया।

## अफवाहों पर न दें ध्यान, जनपद में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता

● **प्रशासन की अपील–पैनिक बाइंग से बचें, स्थिति पूरी तरह सामान्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सुचारु और संतोषजनक बनी हुई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है, बल्कि वर्तमान में मांग से अधिक स्टॉक उपलब्ध है। प्रशासन की 24×7 निगरानी और तेल कंपनियों के साथ बेहतर समन्वय के चलते आपूर्ति व्यवस्था मजबूत बनी हुई है। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जनपद के सभी 88 पेट्रोल पंपों पर आज पेट्रोल का कुल स्टॉक 4,51,823 लीटर और डीजल का कुल स्टॉक 4,79,400 लीटर उपलब्ध है, जो सामान्य जरूरत से कहीं अधिक है।


**पैनिक बाइंग से बढ़ी थी खपत**

पिछले कुछ दिनों में पेट्रोल-डीजल की खपत में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण भ्रामक सूचनाओं के चलते हुई 'पैनिक बाइंग' रहा। 24 मार्च तक जहां पेट्रोल की औसत दैनिक खपत 91,180 लीटर और डीजल की 1,40,400 लीटर थी, वहीं 25 मार्च को यह बढ़कर क्रमशः 2,47,000 लीटर और 3,60,050 लीटर तक पहुंच गई। इसके बाद 26 और 27 मार्च को भी खपत ऊंचे स्तर पर बनी रही। हालांकि 28 मार्च से स्थिति में सुधार देखने को मिला, जब पेट्रोल की खपत घटकर 1,31,930 लीटर और डीजल की 1,98,260 लीटर रह गई। 29 मार्च को भी गिरावट जारी रही और पेट्रोल की खपत 1,22,260 लीटर तथा डीजल की 2,54,665 लीटर दर्ज की गई।

**अब सामान्य हो रही स्थिति** प्रशासन का कहना है कि खपत में आई गिरावट इस बात का संकेत है कि अब स्थिति सामान्य हो रही है। नागरिकों के सहयोग और प्रशासनिक सतर्कता के कारण आपूर्ति पूरी तरह नियंत्रण में है।

**24 घंटे निगरानी में आपूर्ति व्यवस्था**

जिला प्रशासन द्वारा तेल कंपनियों के साथ लगातार समन्वय बनाकर आपूर्ति श्रृंखला




की निगरानी की जा रही है। बढ़ी हुई मांग को देखते हुए अतिरिक्त ईंधन की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय हैं।

**जनता से अपील**

प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर फैल रही अपुष्ट खबरों से बचें। साथ ही अनावश्यक भंडारण से परहेज करते हुए केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल की खरीदारी करें। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि जनपद में ईंधन की कोई कमी नहीं है और सभी नागरिकों को सुगमता से पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

## अग्निवीर भर्ती रैली 2026, एकलव्य स्टेडियम की ओर नहीं जा पाएंगे हल्के और भारी वाहन; 20 दिन तक ये रहेगा रूट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा।** एमजी रोड, यमुना किनारा और ग्वालियर हाईवे समेत अन्य मार्गों से एकलव्य स्टेडियम की ओर आने वाले हल्के व भारी वाहनों का मार्ग 20 दिन तक परिवर्तित रहेगा। मंगलवार शाम से 19 अप्रैल तक हल्के चार पहिया और भारी वाहन स्टेडियम की ओर प्रतिबंधित रहेंगे। डीसीपी यातायात सोनम कुमार ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का आवागमन शाम से देर रात तक जारी रहता है। जिसके बाद सुबह से भर्ती प्रक्रिया आरंभ होती है। स्टेडियम ग्वालियर हाईवे पर स्थित है। जिसे देखते हुए हल्के व भारी वाहनों का मार्ग परिवर्तन रहेगा।

**ये रहेगी व्यवस्था**

» भगवान टाकीज चौराहा से एमजी रोड एवं ग्वालियर रोड (क्लब चौराहा से रोहता नहर चौराहा तक) के मध्य भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा, भगवान टाकीज चौराहा से शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहन अन्य वैकल्पिक मार्गों से शहर में होकर जा सकेंगे।

» फतेहाबाद रोड से आने वाले भारी वाहन इनर रिंग रोड होकर फिरोजाबाद, मथुरा व अलीगढ़ आदि गंतव्य को जा सकेंगे। इसी तरह शमसाबाद से जवाहर पुल होकर आने वाले भारी वाहन भी इनर रिंग रोड होकर फिरोजाबाद, मथुरा एवं अलीगढ़ होकर जा सकेंगे।

» ग्वालियर की ओर से शहर आने वाले भारी वाहन रोहता नहर चौराहा से पथौली नहर चौराहा होकर तथा रोहता नहर चौराहा से देवरी पुलिया, जवाहर पुल से शमशाबाद रोड होकर जाएंगे।

» ग्वालियर रोड से महानगर आगरा होकर जाने वाले भारी वाहन गांव बाद स्थित दक्षिणी बाइपास से अपने गंतव्य (मथुरा आदि)को जा सकेंगे।

» फतेहाबाद रोड, शमशाबाद रोड, यमुना किनारा रोड़ की ओर से आने वाले भारी वाहन क्लब चौराहा होकर ग्वालियर रोड की ओर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन तोरा चौकी, थाना एकता, जवाहर पुल, देवरी पुलिया, रोहता चौराहा होकर जा सकेंगे।

» मधु नगर चौराहे से सदर बाजार की ओर किसी भी प्रकार के भारी वाहन को नहीं आने दिया जाएगा।

**हल्के वाहनों के आवागमन की व्यवस्था**

» क्लब चौराहा (पीडब्लूडी चौराहा) से अल्लाहबक्श चौराहा और अल्लाहबक्श चौराहा से क्लब चौराहा से एकलव्य स्टेडियम के सामने सभी प्रकार के हल्के एवं भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा

» ग्वालियर रोड की ओर से आने वाले हल्के (चार पहिया, तीन पहिया एवं दोपहिया) वाहन सोलंकी मार्केट चौराहा से होकर ताराचंद पार्क तिराहा से टैंक चौराहा होकर जा सकेंगे।

» एमजी रोड से सदर बाजार की ओर जाने वाले हल्के (चार पहिया, तीन पहिया एवं दो पहिया) वाहन क्लब चौराहा से जीपीओ चौराहा एवं तारघर चौराहा होकर जा सकेंगे।

» फतेहाबाद रोड़, शमशाबाद रोड़, यमुना किनारा मार्ग की ओर से आने वाले हल्के वाहन (चार पहिया, तीन पहिया एवं दो पहिया) क्लब चौराहा होकर ग्वालियर रोड़ की ओर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन तारघर चौराहा से नंद टाकीज चौराहा, आरएमओ तिराहा, मधुनगर होकर जा सकेंगे।

## एस एस पी के वार्षिक निरीक्षण की समस्त तैयारियां पूर्ण नहीं आए



**बरेली/**जनपद के सीमावर्ती थाना क्यों लड़ियां के वार्षिक निरीक्षण हेतु 30 मार्च की तिथि निर्धारित की गई इस निरीक्षण के लिए इतिहास के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने एक सप्ताह लगकर पूरी तरह थाने को साफ सफाई से लेकर रंगाई पुताई अधिकारी पूर्ण किए गए इसी दौरान बनाए गए नए माल खाने का भी फीता काटकर उद्घाटन होना था परंतु सभी तैयारियां पूर्ण होने के बावजूद भी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य थाना का निरीक्षण करने नहीं आए जिसके कारण पुलिस को मायूसी हाथ लगी सभी ने बड़ी जोर शोर से निरीक्षण की तैयारी की थी जो सभी धरी की धरी रह गई और सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एक समारोह में सम्मिलित होने राजस्थान गए हुए होने के कारण क्यों लड़ियां थाने का निरीक्षण कार्यक्रम रद्द हुआ है।

## करिज्मा स्टार नाइट में बॉलीवुड के मशहूर कलाकार आदित्य नारायण ने संगीत से बांधा शमां



● **फेमस गीतों पर खूब थिरके विद्यार्थी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** खण्डेलवाल कॉलेज बरेली केसीएमटी में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम करिज्मा स्टार नाइट 2026 में बॉलीवुड के मशहूर सिंगर आदित्य नारायण ने अपने फेमस गीतों से किया धमाकेदार शुभारंभ। आदित्य नारायण के मशहूर मधुर गीतों में मैं निकला गड्डी लेकर राम जी की चाल देखो दुआओं में याद रखना, मैं डूबा रहूं कभी ना कभी जैसे 10 से अधिक फेमस गीतों से दर्शकों में उत्साह जोश इस कदर भर दिया कि दर्शकों का मन मोह लिया।

पूरा पंडाल वह-वह के गंज से उठा फैशन शो के दौरान रैंप वॉक पर विद्यार्थियों ने फैशन के जलवे बिखेरे किया मंत्र मुग्ध एवं संगीत में संध्या में बिखरे रंग व आकर्षक कार्यक्रम से खूब लुभाया विद्यार्थियों ने इस अवसर पर खूब मनोरंजन किया और कॉलेज परिसर को बहुत सुंदर तरह से सजा कर सजाया गया और विद्यार्थियों के लिए विभिन्न तरह के पकवान व्यंजनों के स्टाल लगाए गए , लकी ड्रा के माध्यम से बंपर इनामों ने भी विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया । इस आयोजन में चार चांद लगाए। खूब इनाम जीतकर विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान संस्था की ओर से चेयरमैन गिरधर गोपाल, प्रबंध निदेशक डॉ. विनय खण्डेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार, प्राचार्य डॉ. आर.के. सिंह द्वारा किया।

## कांग्रेस ओ.बी.सी विभाग द्वारा आयोजित सामाजिक न्याय भागीदारी सम्मेलन सफल बनाने हेतु बैठक

● **पिछड़ी जाति के लोग कांग्रेस से जुड़ें और अपने अधिकारों को जाने- वंशीधर गंगवार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** कांग्रेस ओ. बी. सी. विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डाश अनिल जयहिंद के निर्देशन में 19 अप्रैल 2026 (रविवार) को आई. एम.ए.हाल बरेली में 'सामाजिक न्याय भागीदारी सम्मेलन' का आयोजन किया गया है जिसमें कांग्रेस के देश और प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण, सामाजिक व पिछड़े वर्ग चिंतक भाग लेंगे। प्रेमनगर धर्मकांटा स्थित ओ. बी. सी. कांग्रेस कार्यालय पर बैठक का वृहद आयोजन हुआ जिसमें वंशीधर गंगवार जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछड़ी जाति के लोग कांग्रेस से जुड़ें और अपने अधिकारों को जाने और 19 अप्रैल का सम्मेलन ऐतिहासिक होगा द्यनरेश कश्यप तजपुरा ने कहा की भाजपा पिछड़ी जाति विरोधी है। पियूष प्रजापति और डाश दत्तराम गंगवार ने कहा कि शासन करना कांग्रेस को आता हैऔर युवाओं को नौकरी देने व उद्योग लगाने -सरकारी कार्यालयों को खोलेने का कार्य कांग्रेस ने किया तथा बंद करने का कार्य भाजपा ने किया।

गोपाल मौर्य वार्ड अध्यक्ष 25 ने कहा कि बरेली का सम्मेलन देश,प्रदेश को नई दिशा देगा द्य महानगर अध्यक्ष हरिओम शाक्य एडवोकेट ने ओजस्वी भाषण में कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश में हजारों विद्यालय बंद कर दिये और बैकवर्ड के बच्चे पढ़ाई से वंचित कर दिये द्यसम्मेलन के आयोजक मास्टर छोटेलाल गंगवार पूर्व विधायक ने अपने संबोधन में सम्मेलन को सफल बनाने हेतु मंडल में जन जन तक पैगाम पहुंचाने और कांग्रेस के झंडे के साथ आने की अपील की कार्यक्रम का संचालन सलमान ज़मीर ने किया।

## यमुंना में पानी बढ़ते ही डगमगा गए पीपे, एक करोड़ से बना था पांटून पुल; पोइया घाट पर फंस रहे वाहन



● **यमुना का जल स्तर बढ़ने से आगरा के पोइया घाट पर एक सप्ताह पहले शुरू हुआ पैंटून पुल प्रभावित हुआ। पीपे उठने से यातायात बाधित हुआ और जाम लग गया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा।** यमुना का जल स्तर बढ़ने से पोइया घाट पर एक सप्ताह पहले शुरू हुआ पैंटून पुल जवाब दे गया। पैंटून पुल के पीपा उठने से उनके ऊपर चलने के लिए की गई व्यवस्था बिगड़ गई। जिसके कारण जाम लग गया। ठेकेदार ने उसे ठीक किया, इसके बाद आवागमन शुरू हो सका। इस दौरान ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। पोइया घाट पर लगभग एक सप्ताह पहले पैंटून पुल का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य और विधायक डा. धर्मपाल सिंह ने फीटा काटकर किया था। रविवार शाम सात बजे के लगभग पुल पर आवागमन प्रभावित हो गया।

ठेकेदार तुलाराम का कहना है कि यमुना का जल स्तर कई फीट बढ़ गया। जिसके कारण पुल पर आवागमन प्रभावित हो गया। उन्होंने बताया कि 10 मिनट के लिए आवागमन बंद हुआ था। इसके बाद उसे ठीक कर दिया गया। खंदौली की ओर से आवागमन शुरू कराया गया। अब निरंतर चल रहा है।

ठेकेदार ने बताया कि पुल पर शराबियों ने भी अड्डा बना लिया है। वे कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हैं। डायल 112 पर पुलिस को मारपीट किए जाने की सूचना दी गई, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। लोग पिकनिक मनाने परिवार के साथ भी पहुंच रहे हैं। असामाजिक तत्वों के चलते अप्रिय घटना भी हो सकती है।

## पीसीएस 2024 परिणामः आगरा की बेटियों ने लहराया परचम, तीन बनीं अधिकारी; जैस्मिन बनीं डिप्टी कलेक्टर



**आगरा।** यूपीपीएससी परीक्षा के परिणाम रविवार देर रात घोषित कर दिए गए। आगरा से दो दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया। इनमें बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

**35 वीं रैंक हासिल कर डिप्टी कलेक्टर बनीं जैस्मिन वर्मा**

शास्त्रीपुरम निवासी जैस्मिन वर्मा ने 35वीं रैंक हासिल कर डिप्टी कलेक्टर पद प्राप्त किया है। बेलनगंज निवासी वैष्णवी शर्मा ने 57वीं रैंक हासिल कर तहसीलदार का पद पाया है। दयालबाग निवासी हिमिका ने 180वीं रैंक प्राप्त कर असिस्टेंट कमिश्नर (ट्रेड टैक्स) पद हासिल किया है।

**पांच में से तीन का चयन**

सेंटर फॉर एंबीशन के संचालक अमित सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान से पांच अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू दिया था, जिनमें से तीन का चयन हुआ है। ये तीनों अभ्यर्थी भी उनके कोचिंग सेंटर के छात्र हैं। शहर की इन तीन बेटियों की सफलता ने न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे शहर को गौरवान्वित किया है। अच्छी रैंक हासिल करना कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है।

## दुष्कर्म के झूठे आरोप से 4.5 साल बाद युवक बरी, आगरा कोर्ट के आदेश से युवती के खिलाफ हुई एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा।** दुष्कर्म और जान से मारने की कोशिश के मुकदमे में युवक को साढ़े चार साल जेल में बिताने पड़े। सत्र परीक्षण में उसके ऊपर लगाए गए आरोप साबित नहीं हुए। मेडिकल रिपोर्ट में भी युवती से दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 19 मामले में सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने युवक को बरी करते हुए फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वाली युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश हरीपर्वत थाना पुलिस को दिए। न्यायालय के आदेश पर इंस्पेक्टर हरीपर्वत ने युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**युवक को साढ़े चार साल जेल में रहना पड़ा, कोर्ट ने जताई नाराजगी**

नगला बैनी निवासी आरती ने एक दिसंबर 2021 को हरीपर्वत थाने में गाधा पाड़ा माल



गोदाम के पास रहने वाले वरुण के खिलाफ दुष्कर्म व जान से मारने की कोशिश करने का मुकदमा दर्ज कराया था। युवती ने दर्ज मुकदमे में कहा था कि युवक से उसकी आठ साल से जान पहचान थी।

युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। वरुण से शादी करने के लिए कहा तो 30 नवंबर 2021 को सर्या पार्क में बुलाकर जान से मारने की नियत से नशीला पदार्थ खिला दिया।

**हत्या के प्रयास का भी था आरोप,**

**न्यायालय में नहीं हो सकी आरोपों की पुष्टि**

पुलिस ने वरुण को गिरफ्तार किया, न्यायालय से उसे जेल भेजा गया। पुलिस की ओर से वरुण के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय ने 11 जुलाई 2022 को मुकदमे को सत्र परीक्षण के लिए दर्ज किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 19 की अदालत में वरुण के ऊपर लगाए गए आरोप साबित नहीं हुए।

# संक्षिप्त खबरें

## भदोही की नन्हीं तीरंदाज अद्रिति का राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन



**भदोही।** जनपद की उभरती प्रतिभा अद्रिति सिंह ने राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। आंध्र प्रदेश के गुंटूर स्थित वशीरेड्डी वेंकटदरी इंटरनेशनल टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में आयोजित सातवीं एनटीपीसी चेरीपूरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल किड्स राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में अद्रिति ने 254 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। देवनाथपुर लक्ष्मण पट्टी निवासी अनुरोध सिंह की पुत्री अद्रिति सिंह 10 वर्ष से कम आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाली भदोही की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। उनका प्रशिक्षण श्री दयाल आर्चरी अकादमी, देवनाथपुर में प्रशिक्षक वैभव दीक्षित के मार्गदर्शन में हो रहा है। भदोही जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विशंभर दयाल ने कहा कि अद्रिति भविष्य में मिशन ओलंपिक 2036 में जिले व देश का नाम रोशन कर सकती हैं। वहीं संघ के सचिव अशोक कुमार गुप्ता (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक) ने इसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि आने वाले समय में यहां के तीरंदाज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां छुएंगे। अद्रिति की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता सहित सुमन गुप्ता, कमलेश कुमार, आलोक कुमार, विवेक कुमार श्रीवास्तव, नीलम मौर्य व नीतू यादव समेत कई लोगों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## प्रतिबंधित पशु हत्या प्रयास में ललई गिरफ्तार

**भदोही।** ज्ञानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं की हत्या के प्रयास में शामिल गिरोह के एक आरोपी ललई निवासी डभका को गिरफ्तार किया है। उसे चकवाघनश्याम नहर के किनारे से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर आवारा पशुओं को पकड़कर उनका मांस बेचता था। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## नाबालिग किशोरी लापता, शादी के झांसे में ले जाने का आरोप

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार किशोरी 28 मार्च को दोपहर करीब 2:30 बजे घर से अचानक गायब हो गई। परिजनों का आरोप है कि बीते कुछ दिनों से किशोरी दो अज्ञात मोबाइल नंबरों पर बातचीत कर रही थी। आशंका जताई जा रही है कि गांव के ही एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। काफी तलाश और रिश्तेदारों से संपर्क के बावजूद किशोरी का कोई पता नहीं चल सका। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश के लिए टीम गठित कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

## कालीन कंपनी में बुनकर की पत्नी से दुष्कर्म, दो पर प्राथमिकी

**गोपीगंज।** थानाक्षेत्र के एक कालीन कंपनी में बुनकर की पत्नी से दुष्कर्म के आरोप में कंपनी के ही दो मजदूरों हीरालाल निवासी गढ़िया कर्वी चित्रकूट और विवेकानंद सिंह निवासी गढ़वा झारखंड पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि बुनकर की अनुपस्थिति में दो मजदूरों ने उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। झिलिया पुल के पास स्थित कालीन कंपनी में एक बुनकर कालीन बुनाई का काम करता था। वह कंपनी के ही सर्वेंट क्वार्टर में रहता है। बुनकर पति दो दिन के लिए गया था, आरोपी कम्पनी में कार्य करते थे। बुनकर दो दिन के लिए बाहर गया था। आरोप है कि इसी बीच मौका पाकर कंपनी में कार्यरत हीरालाल और विवेकानंद सिंह ने बुनकर की पत्नी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पति के आने के बाद घटना की जानकारी दी। इसके बाद बुनकर ने कोतवाली पहुंचकर दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। घटना के बाद से दोनों आरोपी भाग गए हैं। क्षेत्राधिकारी प्रभात राय ने बताया कि दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक को गिरफ्तार कर लिया गया है दूसरे की तलाश जारी है। पीड़िता को मेडिकल कराया जा रहा है।

# 121 किलो गांजा के साथ अंतरराज्यीय गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज।** भदोही जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गोपीगंज पुलिस, स्वाट टीम व सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान अंतरराज्यीय गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है।एएसपी शुभम अग्रवाल ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामलें का खुलासा किया।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में सोमवार को मुखबिर की सूचना पर ज्ञानपुर स्टेशन रोड के पास रेलवे की खाली जमीन के समीप घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने समरजीत यादव निवासी महबूबपुर थाना भदोही तथा प्रदीप सरोज निवासी राईपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर लिया।


तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से टाटा पंच कार में रखे तीन बोरों से कुल 121 किलो 450 ग्राम अवैध गांजा, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद की गई।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से सस्ते दाम में गांजा खरीदकर अन्य जनपदों में ऊंचे दाम पर बेचते थे और इसी से मुनाफा कमाकर ऐशो-आराम की जिंदगी जीते थे। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी संगठित तरीके से तस्करी में संलिप्त थे।

इस संबंध में थाना गोपीगंज में मु0अ0सं0 126/2026 के तहत धारा 8/20/25 एनडीपीएस एक्ट व 207 मोटर वाहन अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध अजय विक्रम यादव, उपनिरीक्षक कैलाश सिंह (चौकी प्रभारी मंडी), उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार मिश्रा (चौकी प्रभारी कस्बा गोपीगंज), उपनिरीक्षक उमेश सिंह, कांस्टेबल अगम कुमार, कांस्टेबल सुनील वर्मा तथा चालक हेड कांस्टेबल रामविलास शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त स्वाट सर्विलांस टीम में उपनिरीक्षक राजकुमार पाण्डेय (प्रभारी), हेड कांस्टेबल राधेश्याम कुशवाहा, हेड कांस्टेबल धीरेन्द्र श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल बृजेश सूर्यवंशी, हेड कांस्टेबल नागेन्द्र यादव, कांस्टेबल गोपाल खरवार, कांस्टेबल नीरज यादव, कांस्टेबल राघवेन्द्र कुशवाहा, कांस्टेबल मन्नू सिंह, कांस्टेबल सुनील पाल, कांस्टेबल सुनील कन्नौजिया, कांस्टेबल हिमांशु सिंह एवं कांस्टेबल दीपक यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गोपीगंज मे तीन अप्रैल को होगा पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ




**गोपीगंज।** नैतिक,बौद्धिक एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान के उद्देश्य से गायत्री परिवार ट्रस्ट गोपीगंज द्वारा तीन अप्रैल (शुक्रवार) को भव्य पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम डाक्टर्स कॉलोनी स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ यज्ञशाला में संपन्न होगा। आयोजकों के अनुसार,यह आयोजन श्रीगंगोत्री हरिद्वार के तत्वावधान में तथा पूज्य गुरुदेव पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में किया जा रहा है। कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है।सुबह 6 बजे से 9 बजे तक भुवन्ति गायत्री जप, 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संगीत संस्कार सत्र, सायं 5 बजे से रात 7 बजे तक कथा, भजन एवं वीथि भजन का आयोजन किया जाएगा। गायत्री परिवार के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य व्यक्ति, परिवार एवं समाज का समग्र निर्माण करना है। साधना, स्वाध्याय, संयम और सेवा को जीवन के प्रमुख स्तंभ बताते हुए मानव में देवत्व के विकास और धरती पर स्वर्ग के अवतरण का संदेश दिया जायेगा।

## आंगनबाड़ी व्यवस्था को मिली मजबूती,346 नियुक्ति पत्र व स्मार्टफोन वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास को सशक्त बनाने की दिशा में सोमवार को बड़ा कदम उठाते हुए मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार से 18,440 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही 69,804 कार्यकत्रियों/मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन, लगभग दो लाख ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस तथा 450 करोड़ रुपये की लागत से 3,170 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भदोही कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया, जहां जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल समेत नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं व कार्यकत्रियों ने कार्यक्रम को देखा।



जनपद भदोही में 346 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, जबकि 33 मुख्य सेविकाओं एवं 1492 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन प्रदान किए गए। इसके साथ ही नेवादा कला, कस्तुरीपुर, कंसापुर व डंगहर सहित 20 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का लोकार्पण भी किया गया।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी व्यवस्था बच्चों के पोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की आधारशिला है। उन्होंने सभी से अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व निष्पक्ष रही है, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिला है। विधायक दीनानाथ भास्कर ने भी नव चयनित कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाएं मौजूद रहीं।

## 20 वर्षों से कार्यरत प्रधानाध्यापक सहित दो शिक्षक हुए सेवानिवृत्त, विदाई समारोह में छलके आँसू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुरियावां।** अभोली ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय मतेथू में सोमवार को भावनाओं से भरा विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार गुप्ता सहित दो शिक्षकों को सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त किया गया। इस दौरान पूरे विद्यालय परिसर में एक भावुक माहौल देखने को मिला और बच्चों से लेकर शिक्षकों तक की आंखें नम हो गईं। करीब दो दशकों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं देने वाले प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार गुप्ता ने विद्यालय के विकास और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कार्यकाल में विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता के साथ-साथ अनुशासन और संस्कारों पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसकी क्षेत्र में सराहना होती रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भावुक और यादगार बना दिया। छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर और गुब्बारों से विद्यालय को सजाकर अपने प्रिय शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। अपने विदाई



संबोधन में प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार गुप्ता ने कहा कि मतेथू गांव और यहां के लोगों का स्नेह और सहयोग उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार के साथ बिताए गए पल हमेशा उनकी स्मृतियों में जीवित रहेंगे।

सहकर्मी शिक्षकों और ग्रामवासियों ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामराज सिंह, पवन दुबे, संतोष सिंह,अजय त्रिपाठी, शिवपूजन गिरी, सहायक अध्यापक कौशल कुमार सिंह, पंकज सिंह, रविंद्र पांडेय, अनुराग श्रीवास्तव, अनुराधा सिंह, राजधर, विनोद कुमार, दिनेश, स्वर्ण सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

## शादी के विवाद में मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार

**भदोही।** औराई थाना क्षेत्र के लीलाधरपुर गांव में शादी के दौरान रास्ते को लेकर हुए विवाद में मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 29 मार्च को एक शादी समारोह के दौरान रास्ता अवरुद्ध होने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर दिलदार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर औराई थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में कार्रवाई करते हुए औराई पुलिस ने लीलाधरपुर गांव से लियाकत अली, इजराइल अली, सलीम अली, समीम अली, असरफ, वकील व शमशेर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक विजय कुमार सरोज, उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

## साइकिल पाकर खिले मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे

● ड्रमंडगंज स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में वार्षिक परीक्षा का वितरण किया गया पुरस्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के देवहट ग्राम पंचायत के ड्रमंडगंज बाजार स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामानुज डिग्री कॉलेज के प्राचार्य शंभू नाथ मिश्रा रहे। छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि धीरज मिश्र,इंदू पटेल व सोनू सिंह द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र ऐश्वर्य सिंह गहरवार तथा प्राथमिक स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले अंकित कुमार कुशवाहा तथा नर्सरी स्तर पर सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र बाल



कृष्ण पाल को रेंजर साइकिल मेडल व प्रमाण पत्र दिया गया। इसी प्रकार कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अस्तित्व पटेल अंकित कुमार यश तिवारी नुसरत अंसारी दिव्या प्रिया राजपूत राजवीर सोनी अमीना बानो तथा अयांश पाल को रिपोर्ट कार्ड व मेडल प्रदान कर पुरस्कार दिया गया है। स्कूल के संचालक दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं इसी तरह से स्थान प्राप्त करते रहें और विद्यालय का नाम रोशन करें। यह विद्यालय के लिए बहुत ही प्रसन्नता का विषय है। स्कूल के प्रधानाचार्य उमर खान ने कहा कि बच्चों को यह शिक्षा प्रदान किया गया है कि हमारे छात्र एवं छात्र हमेशा लगन निष्ठा के साथ अध्ययन करते रहें जिससे विद्यालय अनुराग क्षेत्र में आगे बढ़ता रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों को हमेशा मेहनत करने करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। जिससे बच्चे आगे चलकर देश का गौरव बन सकें।पुरस्कार समापन के बाद विद्यालय के संचालक ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पंकज द्विवेदी ने किया।इस दौरान समाजसेवी धीरज मिश्रा, सोनू सिंह, कमलेश सिंह, इंदूपटेल, बीडीसी सुशील पटेल, रामलाल सरोज, सभाजीत चौबे, अनिरुद्ध सिंह, विनय सिंह, सुमित केसरी, गौरी सिंह, दिव्या सिंह सहित आदि शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'एक जनपद एक उत्पाद योजनाः आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम' विषय पर आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रथम दिवस अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला, मुख्य अतिथि प्रोफेसर विवेक पांडेय, प्राचार्य, हंडिया पी जी कॉलेज हंडिया, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राकेश कुमार तिवारी, प्रोफेसर , अर्थशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा पारंपरिक रीति से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं निहारिका , रोशनी ,जाह्नवी आदि के द्वारा सरस्वती वंदना,मंगलाचरण एवं मनमोहक स्वागत गीत एवं मंगलाचरण गीत प्रस्तुत किया गया, जिससे सभागार भक्ति एवं उत्साह के वातावरण से ओत-प्रोत हो गया। इसके उपरांत महाविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया गया, जिसने संस्थान की गौरवशाली परंपरा का भावपूर्ण परिचय कराया।उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर विवेक पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'एक जनपद एक उत्पाद' (ह्ष्ठह्क्क) योजना स्थानीय कला, शिल्प एवं उद्योगों को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राकेश कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा संस्थानों को कौशल विकास एवं उद्यमिता के साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ.माधवी शुक्ला ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगोष्ठी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं स्थानीय संसाधनों के प्रति जागरूकता विकसित करते हैं।

इस अवसर पर विषय प्रवर्तन डॉ. दीपक कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, हंडिया पी.जी. कॉलेज, हंडिया द्वारा किया गया। उन्होंने अपने प्रवर्तन व्याख्यान में ह्ष्ठह्क्क योजना के उद्देश्यों, इसकी उपयोगिता तथा आत्मनिर्भर भारत के संदर्भ में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को विस्तार से स्पष्ट किया।संगोष्ठी के संयोजक श्री चंदन कुमार द्विवेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा संगोष्ठी के उद्देश्य एवं विभिन्न तकनीकी सत्रों में ऑनलाइन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ तरुण कुमार उपाध्याय, असिस्टेंट प्रोफेसर, श्री बलदेव पी जी कॉलेज बड़ागांव वाराणसी , ऑफलाइन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ पंकज कुमार सोनी असिस्टेंट प्रोफेसर काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी ने।की जिसमें भिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों ने अपने विचार साझा किए।प्रथम दिवस में आयोजित तकनीकी सत्र में विभिन्न विद्वानों डॉ.सोमेंद्र,डॉ.रविंद्र ,डॉ. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ गरिमा उपाध्याय ,डॉ अंशु मिश्रा एवं प्रोफेसर संगीता द्विवेदी, बसंत कन्या महाविद्यालय वाराणसी के साथ शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें ह्ष्ठह्क्क योजना के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों के संवर्धन, विपणन, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम का संचालन डॉ दीप नारायण एवं धन्यवाद ज्ञापन आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ चन्दन साहू ने किया । प्रथम दिवस का आयोजन अत्यंत सफल एवं ज्ञानवर्धक रहा, जिसने प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रेरित किया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापक एवं कर्मचारीगण के साथ ही महाविद्यालय के स्नातकोत्तर वर्ग के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## विद्यालयो मे मनाया गया वार्षिकोत्सव

**सीखड़, मीरजापुर।** विकास खण्ड अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय धनैता में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। खैरा उच्च प्राथमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा रहे वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय धनैता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार राय रहे। दोनों विद्यालयों में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, बच्चों का कार्यक्रम देख उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों भावा विभोर हो गए। इस अवसर पर खैरा विद्यालय की प्रधानाचार्य माधुरी देवी, आनंद प्रकाश सिंह, संतोष सिंह, रामेश्वर सिंह, मोहनलाल वहीं धनैता विद्यालय में प्रधानाचार्य राकेश सिंह, डॉ. अर्पण चौबे, ग्राम प्रधान सरोज सिंह, निराशा सिंह, डॉ. मीना पांडेय, विनोद सिंह, जिलाजित सिंह, अन्य शिक्षक गण छात्र छात्राओ सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुकेश राय,एसपी पाठक गोपीनाथ मिश्रा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दो मड़हो में आग लगने से चार भैंसों के झुलसने के अलावा लाखों रूपये का सामान जलकर हुआ राख



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के हलिया ग्राम पंचायत के कुबरा मजरे में सोमवार को लगभग 12 बजे दिन संदिग्ध परिस्थितियों में दो मड़हो में आग लगने से चार भैंसों के झुलसने के अलावा लाखों रुपए का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्राम सभा हलिया के महादेव मोहल्ला निवासी दो सगे भाई रामनारायन व अवध नरायन मौर्य कुबरा मजरे में रिहायशी मड़हा लगाकर खेती-बाड़ी तथा पशुपालन करते हैं सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक मड़हे में आग लग गई जब तक अगल-बगल के लोग कुछ समझ पाते तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बगल में स्थित दूसरे मड़हे को भी अपनी चपेट में ले लिया बगल में स्थित ग्रामीणों ने डिब्बा बाल्टी की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन जब तक लोग आग पर काबू पाते दोनों मड़हे में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया वही मडहे में बधी रामनरायन की चार भैंसे झुलस गई जिसमें एक भैंस मरणा सन्न हो गई है वही 10 प्लास्टिक पाइप, दो सेक्शन पाइप, एक साइकिल, एक कराहा तथा गृहस्थी सारा सामान जलकर राख हो गया।

वहीं अवधनरायन मौर्य के मड़हे में रखा 10 हॉर्स पावर का इंजन ,एक छोटा टुल्लू, चार कराहा, 13 बोरी सरसों तथा गृहस्ती का सारा सामान जल गया रामनरायन ने बताया कि अगलगी की घटना के समय दोनों भाई मौके पर मौजूद नहीं थे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची ग्राम प्रधान भटवारी राजेश मौर्य ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी मौके पर टीम ने बचे कुचे आग पर पानी डालकर खाना पूर्तिकर वापस चली गई सूचना पर ग्राम प्रधान हलिया शिव बाबू सेठ मौके पर पहुंचकर पांच हजार रुपये की मदत देते हुए हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

# विद्यालय में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** जनपद के विकास खंड सुरियावां अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चकवकुसही में दिनांक 30 मार्च 2026 को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया, साथ ही छात्र गुरुप्रीत यादव को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का मन मोह





लिया। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा उनके प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश रघुवंशी बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्राम प्रधान दिनेश कुमार उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नितेश कुमार उपाध्याय ने किया कार्यक्रम में सहायक अध्यापक प्रशांत कुमार, शिक्षामित्र देवेन्द्र कुमार पांडेय अभिभावक शीतला चौहान, धीरज सिंह, रेखा देवी, सुगना देवी के समस्त ग्रामवसी उपस्थित रहें।

# मां दुर्गा का श्रृंगार, भंडारा एवं देवी जागरण का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** क्षेत्र के दुर्गा खोह स्थित मां दुर्गा जी मंदिर पर एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रविवार रात मां दुर्गा जी का भव्य श्रृंगार किया गया इसके पश्चात मंदिर पर विशाल भंडारा एवं देवी जागरण का भव्य आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।साथ ही वाराणसी से आए कलाकारों ने देवी गीत,पचरा आदि भजन मनमोहक प्रस्तुती देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



वाराणसी कि कलाकार पिंकी मिश्रा ने 'निमिया की डार मईया झूलेली झूलनवा हो कि झूमि झूमि ना ', 'दरबार में तेरी मईया' आदि गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी, विजय बागी और संदीप संत ने भी एक से बढ़ एक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक बृजनंदन कुशवाहा,संजय साहू, प्रदीप रस्तोगी,ब्रह्मानंद कुशवाहा,बबलू सेठ,अमित गुप्ता,चंद्रहास गुप्ता,पारस गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## हाईकोर्ट के सामने से अधिवक्ता-वरिष्ठ पत्रकार की बाइक चोरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के सामने से सोमवार दोपहर एक अधिवक्ता की मोटरसाइकिल दिन दहाड़े चोरों ने उड़ा दी। अधिवक्ता अपने साथियों के संग बाहर निकले तो जानकारी हुई कि उनकी मोटरसाइकिल गायब है। उन्होंने आसपास बहुत खोजबीन की लेकिन गायब बाइक के बारे में कुछ पता नहीं चला। धूमनगंज थाना क्षेत्र के आनंदपुरम कॉलोनी, कसारी-मसारी, चकिया निवासी मनीष द्विवेदी इलाहाबाद हाई कोर्ट में वकालत करते हैं साथ ही वह ए अखबार के ब्यूरो चीफ भी है। अधिवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार मनीष द्विवेदी सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे अपनी नीले रंग की मोटरसाइकिल (नंबर UP 70 EP 0450) से से इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंचे थे। इलाहाबाद हाई कोर्ट के गेट नंबर 5 ए के सामने वह अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करके अंदर अपने मुकदमे की पैरवी के लिए चले गए। मुकदमे खत्म होने के बाद शाम को जब वह घर जाने के लिए हाई कोर्ट परिसर से बाहर निकले तो देखा उन्होंने कि उनकी बाइक उसे स्थान से गायब थी। आसपास बहुत खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसके बाद उन्होंने कंट्रोल रूम में सूचना दी और फिर कैंट थाने में जाकर लिखित तहरीर दी।

## समाज की एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण ही हमारे क्षेत्र की सबसे बड़ी शक्ति- संतोष आर्मी



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की जन-जन की आस्था और भावनाओं से निरंतर जुड़े समाजवादी पार्टी के, प्रदेश उपाध्यक्ष सपा (सैनिक प्रकोष्ठ) एवं सैनिक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन संतोष आर्मी हौदहा ग्रामसभा में आयोजित मां दुर्गा के पावन भंडारे में उपस्थित हुए। संतोष आर्मी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण ही हमारे क्षेत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी के सुखद भविष्य और समृद्धि के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बृजेश पटेल, बलवंत पटेल, रवि पटेल, विशाल पटेल, सभाजीत, मेजर हरिशंकर, अनिल कुमार एवं सूरज पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।


## महंत 108 बलबीर गिरि महाराज ने कैंब्रिज विद्यालय के वार्षिक पत्रिका 'ऋयसा' का विमोचन

**ब्यूरो प्रयागराज।** महंत 108 बलबीर गिरि महाराज कैंब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज शंकरगढ़ प्रयागराज के वार्षिक पत्रिका 'ऋयसा' का विमोचन महंत 108 श्री बलबीर गिरि जी महाराज पीठाधीश्वर-बाघम्बरी गद्दी प्रयागराज (लेटे हुए हनुमान जी) ने सोमवार को अपने कर कमलों से किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने प्राचीन श्री बाघम्बरेश्वर महादेव, माँ बागेश्वरी देवी जी के दर्शन कर महंत जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात मठ में उपस्थित गौशाला और अन्य पालतू जीवों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महंत जी ने कहा कि मनुष्य जीवन में विद्या , गौ और कन्या दान महत्वपूर्ण दान है जिसमें विद्यादान सर्वश्रेष्ठ दान है।

आगे महंत जी ने पूछा कि विद्यालय का नाम कैंब्रिज क्यों रखा गया और इस पत्रिका का नाम ऋृयसा रखने के पीछे का क्या कारण है? जिस पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी जी ने बताया कि विद्यालय का नाम कैंब्रिज, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से प्रेरित होकर रखा गया जबकि ऋृयसा पत्रिका का शाब्दिक अर्थ है- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद । बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष विभवनाथ भारती ने बाघम्बरी मठ के इतिहास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि बाबा बालकेसर गिरि जी ने इस मठ की स्थापना मुगल काल में (लगभग 16वीं-17वीं शताब्दी के दौरान) की थी । बालकिसन गिरि जी एक सिद्ध संत थे। कहा जाता है कि संत जी बाघ पर बैठकर तपस्या करते थे जिस कारण इस स्थान का नाम बाघम्बरी गद्दी पड़ा। लगभग 500 साल पहले संत जी का शरीर तपस्या करते हुए शांत हो गया जिनके वियोग में उस बाघ ने अपने प्राण त्याग दिए। आज भी एक बाघ का शांत शरीर उसी स्थिति में सुरक्षित है। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठ ने महंत जी को बताया कि कैंब्रिज विद्यालय के छात्र आज अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश में अपना परचम लहरा रहे हैं।

# प्रयागराज में 'मौत का मांझा' बना आफत, शादी से पहले युवक की गर्दन कटी बाल-बाल बची जान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**झूंसी प्रयागराज।** शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला प्रयागराज के पुरानी झूंसी इलाके का है, जहां शादी की खुशियां उस समय मातम में बदलते-बदलते बचीं, जब एक युवक की गर्दन चाइनीज मांझे से बुरी तरह कट गई। मिली जानकारी के अनुसार, पुरानी झूंसी निवासी मोहम्मद साहिल के घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। घर में उत्सव का माहौल था और महज 2-4 दिन बाद उसकी शादी होने वाली थी। रविवार की शाम करीब 6 बजे तक साहिल घर पर सजावट का काम देख रहा था। इसके बाद वह कपड़े खरीदने के लिए अपने मामा इम्तियाज के साथ बाइक से शहर की ओर निकला।

शाम करीब 7 बजे जैसे ही वे ईसीसी कॉलेज के सामने पहुंचे, तभी अचानक हवा में तना हुआ प्रतिबंधित चाइनीज मांझा सामने आ गया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, मांझा सीधे साहिल की गर्दन में उलझ गया। बाइक चला रहे मामा इम्तियाज ने तुरंत वाहन रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक मांझा साहिल की गर्दन में गहराई तक कट चुका था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मांझा इतना धारदार था कि कुछ ही सेकंड में साहिल की गर्दन बुरी तरह जख्मी हो गई और वह खून से लथपथ हो गया। आनन-फानन में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गर्दन पर कई टांके लगाए। समय रहते इलाज मिलने से उसकी जान बच गई, लेकिन हालत गंभीर बनी रही।

यह घटना एक बार फिर प्रशासनिक दावों की पोल खोलती है। प्रदेश में प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा खुलेआम बिक रहा है और लोगों की जान के लिए खतरा बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर सख्त प्रतिबंध के स्पष्ट निर्देश दिए हैं, इसके बावजूद बाजारों में इसकी बिक्री जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह प्रयागराज में पहली घटना नहीं है। आए दिन इस तरह के हादसे सामने आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की की कूटरचित वेबसाइट www.upmsp-edu.in बनाकर अवैध रूप से विद्यार्थियों से ठगी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में एवं अपर पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना प्रयागराज पर पंजीकृत मु0 अ0 सं0 -46/ 2025 धारा-318 (4)/ 319 (2)/ 338/ 336(3)/ 340 (2)/ 61 (2)/ 112 भा0 न्या 0 सं0 व 66 (D)/ 74 / 84 (सी) आई 0टी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1. सत्येन्द्र बर्नवाल पुत्र बैजनाथ प्रसाद निवासी रमजीता थाना कुचाइकोट जिला गोपालगंज बिहार, हालपता- 602 फ्लोर-6 मिगसन कियान वसुन्धरा सेक्टर-14, थाना इंद्रापुरम गाजियाबाद 2. मोनू गुप्ता पुत्र स्व जगन्नाथ गुप्ता निवासी जमुरतगंज मोतीनगर थाना पुराकलन्दर जिला फ़ैजाबाद, हालपता 555/39 महाराजापुराम केशरीखेड़ा थाना कृष्णा नगर कमिश्नरेट लखनऊ को साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम द्वारा दिनांक-29.03.2026 को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित 02 अभियुक्तों को दिनांक-25.03.2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

**घटना का विवरण।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओरिजिनल वेबसाइट www.upmsp.edu.in की कूटरचितवेबसाइट www.upmsp.edu.in बनाकर एवं वेबसाइट पर अवैध रूप विद्यार्थियों / अभिभावको को अनुचित भुगतान के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह के काल सेन्टर का पर्दाफाश किये जाने के सम्बन्ध में।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगणो से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि हम लोग द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की ओरिजिनल वेबसाइट www.upmsp.edu.in की कूटरचित वेबसाइट www.upmsp-edu.in बनाकर तथा उ0प्र0 व अन्य प्रदेशो के भिन्न- 2 विश्वविद्यालय व तकनीकि शिक्षा बोर्ड की कूटरचित अंक पत्र,डिग्री,डिप्लोमा व प्रव्रजन प्रमाण पत्र बनाकर सम्पूर्ण भारत वर्ष में एजूकेशनल संस्थान/छात्र/छात्राओं को वितरित करते है।

गिरोह के अन्य सदस्यों द्वारा फर्जी अंक पत्र,डिग्री,डिप्लोमा व प्रव्रजन प्रमाण पत्र मांग के अनुरूप स्वयं बनाकर व कलर प्रिंटआउट निकालकर फर्जी मोहर लगाकर दे देते थे। अभियुक्त सत्येन्द्र बर्नवाल द्वारा कूटरचित वेबसाइट www.upmsp-edu.in तैयार करने का काम किया गया था। अभियुक्त मोनू गुप्ता द्वारा छात्र/छात्राओं से पैसे लेकर फर्जी अंक पत्र, डिग्री, डिप्लोमा व प्रव्रजन प्रमाण पत्र मांग के अनुरूप उपलब्ध कराने का काम किया जाता था।

# बंगाल एसआईआर: जाँच के बाद डॉक्टर से पुलिसकर्मी तक के नाम गायब, वोट नहीं दे पाएँगे लाखों वोटर?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज-** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट की एसआईआर प्रक्रिया में एडजुडिकेशन यानी जाँच के बाद संदेह दूर होने का दावा किया गया था, लेकिन इससे हालात और उलझने लगे हैं। अंडर एडजुडिकेशन यानी जाँच के अधीन रखे गए हाई कोर्ट के पूर्व जज, बीएलओ से लेकर डॉक्टर, वकील, पुलिसकर्मी तक के नाम काटे जाने की रिपोर्टें आ रही हैं। हाई कोर्ट के पूर्व जज के नाम काटे जाने के मामले में विवाद होने पर भले ही उनका नाम जोड़ दिया गया हो, लेकिन क्या बाक़ी मामलों में ऐसा है? क्या नाम काटे गए लोगों को ट्रिब्यूनल में सुनवाई को मौक़ा मिल रहा है? यदि अब तक ट्रिब्यूनल ही नहीं बना है तो क्या लाखों लोग मतदाता सूची और वोट देने के अधिकार से वंचित नहीं हो जाएँगे? ये सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं कि राज्य में अंडर एडजुडिकेशन रहे मतदाताओं के बड़े पैमाने पर नाम कटने के मामले सामने आए हैं। राज्य में कुल 60 लाख से ज्यादा मामले 'अंडर एडजुडिकेशन' यानी जांच के अधीन थे। 705 न्यायिक अधिकारियों की टीम ने अब तक 37 लाख मामलों का फ़ैसला कर लिया है। दो सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी हो चुकी हैं। चुनाव आयोग ने यह साफ़ नहीं किया है कि अब तक कितने नाम हटा दिए गए हैं, लेकिन मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अब तक पूरे राज्य में 15 लाख से ज्यादा नाम हटाए जा चुके हैं। राज्य में सबसे ज़्यादा मुर्शिदाबाद में 11 लाख और मालदा में 8.28 लाख मामले जांच के अधीन थे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 19 ट्रिब्यूनल बनने थे, जो 23 जिलों को कवर करेंगे, लेकिन अभी तक पूरी तरह सेटअप नहीं हुए। प्रभावित लोग कह रहे हैं कि समय बहुत कम बचा है। नामांकन की आखिरी तारीख नजदीक है, ऐसे में लाखों सच्चे वोटर चुनाव से बाहर हो सकते हैं। कई गांवों में लोग चुनाव बहिष्कार की बात कर रहे हैं, जब तक इन मामलों की सुनवाई न हो। चुनाव आयोग का कहना है कि यह प्रक्रिया डुप्लिकेट, मृत, स्थानांतरित या संदिग्ध प्रविष्टियों को हटाने के लिए है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग दावा कर रहे हैं कि दस्तावेज देने के बावजूद उनका नाम बिना वजह काटा गया। यह मुद्दा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले काफी गर्माया हुआ है।

# रुपए में ऐतिहासिक गिरावट, डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 95 के पार

**ब्यूरो प्रयागराज-** डॉलर के मुकाबले में रुपए में सोमवार को दोपहर के बाद जबरदस्त गिरावट दिखाई दी और पहली बार ना सिर्फ 95 के लेवल के पार चला गया, बल्कि एक नए रिकॉर्ड लोअर लेवल पर पहुंच गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, जारी भू-राजनीतिक तनाव और मजबूत डॉलर के माहौल के कारण घरेलू मुद्रा दबाव में है। रुपये ने हालांकि बढ़त के साथ शुरुआत की, लेकिन बाद में इसने शुरुआती लाभ गंवा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.62 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 93.57 प्रति डॉलर तक पहुंच गया जो पिछले बंद स्तर से 128 पैसे की बढ़त दर्शाता है। यह बढ़त हालांकि बरकरार नहीं रह सकी और रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले दिन के कारोबार में 95.22 के सर्वकालिक निचले स्तर तक गिर गया। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 89 पैसे की भारी गिरावट के साथ 94.85 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

# क्या महंगी होगी खाद? यूरिया की किल्लत की खबरों के बीच मोदी सरकार ने जारी किया बयान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज-** पश्चिम एशिया संकट के बीच दुनिया भर में एलपीजी गैस की भारी किल्लत की खबर सामने आ रही है। एलपीजी गैस के बाद अब यूरिया की कमी की खबरों के बीच सरकार सरकार का बयान सामने आया है। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट और सप्लाई से जुड़ी दिक्कतों के बावजूद खाद का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। यह स्टॉक करीब 180 लाख मीट्रिक टन (LMT) है, जबकि एक साल पहले यह 147 LMT था। हालांकि, खाद विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा शर्मा ने कहा कि घरेलू यूरिया उत्पादन पर असर पड़ा है। उन्होंने मंत्रालयों के बीच हुई एक ब्रीफिंग में कहा कि आज की तारीख में, हमारे पास स्टॉक की स्थिति पर्याप्त है। यूरिया और डायअमोनियम फॉस्फेट (DAP) किसानों को तय कीमतों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सप्लाई नियंत्रण में है। शर्मा ने कहा कि वैश्विक खाद बाज़ार पर असर पड़ा है और मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण कीमतें बढ़ गई हैं। हमारी माल ढुलाई की लागत भी बढ़ गई है। 30 तक पांच साल की अवधि में भारत को सालाना 31 लाख मीट्रिक टन (LMT) DAP और NPK की सप्लाई की जाएगी। अपर्णा शर्मा ने आगे बताया कि अप्रैल और मई आम तौर पर ऐसे महीने होते हैं जब काम थोड़ा धीमा होता है और इस समय का इस्तेमाल स्टॉक जमा करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि सप्लाई की व्यवस्था पहले से ही कर ली गई थी। उन्होंने कहा, 'हम अपने सप्लाई के स्रोतों में विविधता ला रहे हैं और रूस, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, अल्जीरिया, मिस्र, इंडोनेशिया, मलेशिया, कनाडा आदि देशों से सप्लाई मंगा रहे हैं।'

## चकपालीनहर पुलिया पर अनियंत्रित ट्रैक्टर नहर में गिरा, बड़ा हादसा टला

**हंडिया (प्रयागराज):** हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत चौकी अंतर्गत चकपालीनहर पुलिया पर सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ग्राम सभा सेवा में लगा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नहर में जा गिरा। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और चालक पूरी तरह सुरक्षित बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर पुलिया पार करते समय संतुलन खो बैठा, जिससे वह सीधे नहर में जा गिरा। घटना के बाद आसपास के लोगों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ग्राम सभा सेवा कार्य में लगा हुआ था। चालक की सतर्कता और किस्मत के चलते वह समय रहते कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया संकरी और जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण अक्सर इस तरह की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से पुलिया की मरम्मत और सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# साइबर ठगी का शिकार हुई महिला को झूंसी पुलिस ने दिलाए 5 लाख रुपये




● **त्वरित कार्रवाई से बची पूरी रकम।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के झूंसी थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया, जिसमें पुलिस की तत्परता से पीड़िता को बड़ी राहत मिली। ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकार हुई महिला के खाते से निकाले गए पूरे 5 लाख रुपये साइबर हेल्प डेस्क द्वारा सफलतापूर्वक वापस कराए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवर्तिका निवासी पालीकरनपुर छिबैया, थाना झूंसी ने पुलिस को सूचना दी कि दिनांक 17 मार्च 2026 को उनके बैंक खाते से अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी कर 5 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। घटना के बाद पीड़िता ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए झूंसी थाना की साइबर हेल्प डेस्क ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित खातों को ट्रैक कर धनराशि को होल्ड करा दिया। लगातार प्रयास और तकनीकी सहयोग के माध्यम से 30 मार्च 2026 को पूरी 5 लाख रुपये की राशि सुरक्षित रूप से पीड़िता के खाते में वापस करा दी गई। अपनी पूरी धनराशि वापस मिलने पर पीड़िता और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली और खुशी व्यक्त करते हुए पुलिस टीम का आभार जताया। उन्होंने प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के साइबर हेल्प डेस्क के प्रयासों की सराहना की।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी के साथ ऑनलाइन फ्रॉड होता है, तो वह तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर 24 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज कराएं। यदि 24 घंटे से अधिक समय बीत जाता है, तो www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है।

# 20 अप्रैल से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की विशाल हनुमंत कथा

● **हिंदू राष्ट्र का स्वर बनेगा राष्ट्र हनुमंत कथा।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नैनी प्रयागराज।** सोमवार को प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा आगामी आयोजित होने वाले बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र शास्त्री की विशाल हनुमंत कथा को लेकर इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पत्रकार बंधुओ से चर्चा करते हुए प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 21 अप्रैल से 22 अप्रैल तक तीन दिवसीय बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी की विशाल हनुमंत कथा अरैल घाट माघ मेला क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। जो प्रयागराज वासियों के लिए गौरव का क्षण होगा और यह राष्ट्र हनुमंत कथा हिंदू राष्ट्र का उद्घोष का स्वर बनेगा जो सनातन धर्म के लिए एकत्रीकरण की शक्ति बनेगी।

प्रेस वार्ता के दौरान कथा की जानकारी देते हुए डॉक्टर उदय प्रताप सिंह ने आगे कहा कि हनुमंत कथा के पूर्व मंगल कलश यात्रा बड़ी दिव्यता और भव्यता के साथ निकाली जाएगी जिसमें विशेष आकर्षण के रूप में रामानंद सागर कृत रामायण सीरियल के राम सांसद अरुण गोविल, अभिनेत्री सीता दीपिका चिखलिया, और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुप्रसिद्ध अभिनेता सुनील लहरी शामिल रहेंगे। मंगल कलश यात्रा में डीजे बैंड ढोल नगाड़ा भांगड़ा वाद्य यंत्र और मनमोहक झांकियां शामिल रहेंगी इसके अलावा जिले के सम्मानित सांसद विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, पार्षदगण,और जिले के प्रमुख व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में माताएं बहनें और पुरुष शामिल होंगे। और कलश यात्रा मार्ग में जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

मंगल कलश यात्रा का शुभारंभ 20 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज से शुभारंभ होगा जो गऊघाट पुलिस चौकी,मुट्ठीगंज छोटा चौराहा, मुट्ठीगंज बड़ा चौराहा, राम भवन कोठा पार्चा , जीवन ज्योति हॉस्पिटल मार्ग से होते हुए श्री पथरचट्टी रामलीला मैदान में संपन्न होगी। और आगे कहा कि कथा के दौरान कथा स्थल परेड ग्राउंड में विशेष रूप से 21 अप्रैल मंगलवार को कथा स्थल पर बाबा बागेश्वर धाम की पीठ का दरबार लगाया जाएगा और आगे बताया कि कथा के दौरान स्वामी कैलाशानंद जी महाराज, स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज, स्वामी बालक नंद जी गिरी महाराज, सचिव महानिर्वाणी अखाड़ा स्वामी यमुना पुरी जी महाराज, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज, स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज, स्वामी संतोषाचार्य सतुवा बाबा महाराज, यज्ञ सम्राट स्वामी पागल बाबा जी महाराज, लेटे हुए हनुमान बंधवा महंत बलवीर गिरी जी महाराज, कथावाचक स्वामी देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज, कथावाचक स्वामी इंद्रेश जी महाराज, स्वामी बालकृष्ण जी महाराज, कथा वाचक स्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज, कथा वाचक स्वामी पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज, कथारस प्रवाहक डॉ अनिरुद्ध जी महाराज, कथा वाचक नरोत्तम दास जी महाराज, कथा वाचिका पंडित गौरंगी गौरी जी, कथा वाचक डॉक्टर श्यामसुंदर पाराशर जी महाराज, कथावाचक स्वामी राम जी झगलूर जी महाराज, स्वामी अभिरामाचार्य जी महाराज, शामिल होंगे और अपना आशीर्वचन देंगे।इसके अलावा भोजपुरी गायक सांसद मनोज तिवारी, भोजपुरी कलाकार सांसद रवि किशन, भोजपुरी स्टार पवन सिंह, पूर्व सांसद एवं भोजपुरी कलाकार दिनेश सिंह यादव निरहुआ, पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह, कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, भाजपा नेता बृजेश सिंह, महाभारत सीरियल में कृष्ण का किरदार निभाने वाले अभिनेता नितीश भारद्वाज, दुर्योधन का किरदार निभाने वाले अभिनेता पुनीत ईस्सर, अर्जुन का किरदार निभाने वाले अभिनेता फिरोज खान, युधिष्ठिर का किरदार निभाने वाले अभिनेता गजेंद्र सिंह, भजन सम्राट कन्हैया मित्तल एवं सुप्रसिद्ध कवियत्री अनामिका जैन अंबर शामिल होंगी।प्रेस वार्ता का संचालन समिति के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने किया।

# सनातन संवाद; शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का एलान- 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में उतारेंगे अपना प्रत्याशी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज:** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की ओर से 'सनातन संवाद' कार्यक्रम का आयोजन रविवार को बस्ती जीआईसी मैदान में किया गया. ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के लिए पूर्वांचल के ब्राह्मण नेता एकजुट होकर मंच पर पहुंचे और योगी सरकार के खिलाफ हुंकार भरी. अविमुक्तेश्वनंद ने कहा, अगर आने वाले 2027 के चुनाव में कोई भी राजनैतिक दल गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की बात नहीं करेगा, तो वे खुद अपना कोई प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार देंगे. उन्होंने सनातनियों को एक होकर आने वाले चुनाव में वोट करने की अपील की. शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, उत्तर प्रदेश में 16 करोड़ पशुओं को मारकर खा लिया गया. यूपी सरकार इस पर रोक नहीं लगा सकी. पहले के मुख्यमंत्री अगर गायों के मांस की बिक्री पर रोक नहीं लगाए, तो योगी सरकार ने भी उस पर क्यों रोक नहीं लगाया. इसका मतलब इनकी इच्छा ही नहीं है कि गाय को कटने से रोका जाए। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, एक व्यक्ति दो पद कैसे संभाल सकता है. जब योगी आदित्यनाथ महंत हैं. उत्तर प्रदेश सरकार से वेतन लेकर इस पद का गलत तरीके से निर्वहन कर रहे हैं. उन्हें चाहिए दोनों में से एक पद को छोड़ दें, मगर वे ऐसा नहीं कर रहे और खुद को संन्यासी कहकर दोनों पद लेकर चल रहे जो मर्यादा के अनुकूल नहीं है. संत सरकारी नहीं असरकारी होना चाहिए। उन्होंने कहा, भगवा पहनकर जो लोग इस तरह का काम करते हैं, उन्हें भगवा छोड़कर कुर्ता-पायजामा पहन लेना चाहिए. अगर वर्तमान बीजेपी सरकार गाय और सनातन की बात करती, तो विपक्ष को मौका नहीं मिलता. मगर वे ऐसा नहीं कर रहे जिसका फायदा विपक्ष उठा रहा है. सपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस पर कुछ भी बयान दिया, मगर जब तक वे गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की पार्टी स्तर पर घोषणा नहीं कर देते वे उनके साथ भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि धर्म के बिना किसी भी स्तर पर कल्याण संभव नहीं है. व्यक्ति, समाज और राष्ट्र तीनों का



उत्थान तभी संभव है, जब जीवन में धर्म का समावेश हो. यदि मनुष्य को ऊंचा उठना है तो उसे अपने जीवन में धर्म को अपनाना ही होगा, क्योंकि धर्मविहीन जीवन कभी उन्नति नहीं कर सकता। वहीं पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने खुलेमंच से आह्वान किया कि ब्राह्मण अब एकजुट हो जाएं और अहंकारी व अधर्मी सनातन विरोधी सरकार के खिलाफ फरसा उठा कर सत्ता से इस बार उखाड़ फेंके. पूर्व पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने भी कहा कि ब्राह्मण जरूरत पड़ने पर फरसा भी उठा सकता है और अब ब्राह्मण सुदामा नहीं परशुराम है, अलंकार ने 'हर घर फरसा, घर-घर फरसा' का नारा देकर ब्राह्मण समाज में जोश भरने का काम किया।

## हाईकोर्ट का आदेश- वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित हों न्यायिक मजिस्ट्रेट

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के झूंसी थाना क्षेत्र निवासी याची ने 2023 से लंबित चेक बाउंस से जुड़े मामले के शीघ्र निस्तारण की मांग करते हुए हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी। 10 दिसंबर 2025 को हाईकोर्ट ने संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट से परिवाद के निस्तारण में हो रही देरी का स्पष्टीकरण मांगा गया था। इस पर अब तक कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। हाईकोर्ट के कार्यालय की ओर से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रयागराज को इस संबंध में औपचारिक पत्र भी भेजा गया था, लेकिन ट्रायल कोर्ट की ओर से अनुपालन की कोई रिपोर्ट नहीं मिली। कोर्ट ने संबंधित अदालत के पीठासीन अधिकारी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कार्यालय को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पिछला और वर्तमान आदेश संबंधित अधिकारी तक समय पर पहुंच जाए ताकि आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### नमनदीप पब्लिक स्कूल, दनुआ में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के अंतर्गत ग्राम दनुआ स्थित नमनदीप पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम धूमधाम से घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय द्वारा नर्सरी से कक्षा सप्तम तक के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। जिसमें नर्सरी से टुकटुक कुमारी, एलकेजी से अहद आलम एवं रंजना कुमारी, यूकेजी से अनीश कुमार, कक्षा 1 से सादिक आलम, कक्षा 2 से स्वाति कुमारी, कक्षा 3 से ऋतिक केसरी, कक्षा 4 से पूजा कुमारी, कक्षा 5 से संध्या कुमारी, कक्षा 6 से श्रुति कुमारी तथा कक्षा 7 से प्रिंस केसरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर न केवल विद्यार्थियों बल्कि उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। जूनियर सेक्शन से टुकटुक कुमारी के अभिभावक संतोष यादव एवं सीनियर सेक्शन से ऋतिक केसरी के अभिभावक मिथुन केसरी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निर्देशक सतीश केसरी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय के शिक्षक महेश ठाकुर, अमित केसरी, रंजन रजक, उमेश कुमार, अंजली कुमारी, मोनिका कुमारी, राखी कुमारी सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### हनुमान जयंती पर संकट मोचन धाम पाथरोल में विशेष भजन संध्या, महाआरती व खिचड़ी प्रसाद का आयोजन कल



**पाथरोल, करौं, देवघर, झारखंडः-** संकट मोचन धाम पाथरोल में प्रत्येक पूर्णिमा की भाँति इस बार भी चैत पूर्णिमा सहहनुमान जयंती के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन 1 अप्रैल, बुधवार को किया जाएगा। मंदिर परिसर में 1 अप्रैल, बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ भजन संध्या, महाआरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। मंदिर प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, संध्या 8:30 बजे से भजन-कीर्तन का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें स्थानीय एवं आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे। इसके उपरांत रात्रि 9:00 बजे बाबा की महाआरती संपन्न की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन आपसी सहयोग और भक्तों की सहभागिता से निरंतर आयोजित होता आ रहा है, जो क्षेत्र में आध्यात्मिक एकता का प्रतीक बन चुका है। मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु इच्छुक श्रद्धालुओं से सहयोग की भी अपेक्षा की गई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या पर झारखंड HC सख्त, जनहित याचिका के रूप में दर्ज किया मामला

झारखंड के हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कुसुंबा से 12 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले को गंभीरता से लिया हैं। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने इस मामले को स्वतः संज्ञान में लेते हुए जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में दर्ज किया हैं। कोर्ट ने राज्य के डीजीपी, गृह सचिव और हजारीबाग के एसएसपी को इस मामले में पार्टी बनाया हैं। स्वतः संज्ञान को जनहित याचिका में दर्ज किया गया। ज्ञातव्य हो कि हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कुसुम्भा गांव में मंगलवार रात बच्ची मंगला जुलूस देखने गई थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन बुधवार सुबह गांव के एक मैदान में गड्ढे से उसका खून से लथपथ शव बरामद हुआ। आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए बच्ची के चेहरे को पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया था। खंडपीठ ने हजारीबाग एसपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया हैं।

# लायंस क्लब मधुपुर के नए नेतृत्व का हुआ चयन, निर्विरोध निर्वाचित हुए सुमंत गुटगुटिया अध्यक्ष व दीपक जायसवाल सचिव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सत्र 2026-27 के लिए अध्यक्ष एवं सचिव पद का चुनाव काली मंडा रोड स्थित एक निजी होटल के सभागार में संपन्न हुआ। यह चुनाव मधुपुर क्लब के चुनाव पदाधिकारी लायन नरेश पटेल, लायन रूपेश मोदी एवं लायन राजेश तिवारी की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। इस चुनाव में दोनों उम्मीदवार निर्विरोध रूप से अध्यक्ष एवं सचिव पद पर निर्वाचित हुए। तत्पश्चात चुनाव पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन सुमंत गुटगुटिया एवं सचिव लायन दीपक जायसवाल को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर दोनों का हार्दिक अभिनंदन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी चुनाव पदाधिकारियों तथा सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सत्र 2026-27 में क्लब को सामाजिक सरोकारों में और अधिक सक्रिय बनाते हुए नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। चुनाव पर्यवेक्षकों ने जानकारी दी कि नए सत्र की शुरुआत 1 जुलाई 2026 से होगी। इस अवसर पर क्लब के वर्तमान अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि 'लायंस क्लब ऑफ मधुपुर हमेशा से सेवा, समर्पण और सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव अपने नेतृत्व में क्लब को नई दिशा और नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे तथा समाज सेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे। पीएमजेएफ़ लायन डॉ. अरुण गुटगुटिया ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ मधुपुर की स्थापना वर्ष 1967 में हुई थी और आज यह एक विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित हो चुका है। क्लब ने वर्षों से अपने सामाजिक कार्यों के माध्यम से मधुपुर में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए अध्यक्ष एवं सचिव क्लब को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में वर्तमान सचिव लायन विजय आनंद लछिरामका, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा, लायन सुवेन्दु दा, लायन श्याम टिबड़ेवाल, लायन गौतम कुशवाहा, लायन आँचल गुटगुटिया, लायन डॉ. देवानंद तिवारी, लायन अटल चौरसिया, लायन विशाल चौरसिया, लायन आँचल मोदी सहित बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला सदस्य उपस्थित थे।

# 4 अप्रैल को लातेहार जिला स्थापना दिवसः भव्य आयोजन की तैयारियां तेज, उपायुक्त ने दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले के बहुप्रतीक्षित स्थापना दिवस 4 अप्रैल को भव्य एवं आकर्षक रूप से मनाने के लिए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय करते हुए संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 6:00 से 7:00 बजे तक प्रभात फेरी सह सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद कारगिल पार्क स्थित शहीद स्मारक पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसमें उपायुक्त ने सभी अधिकारियों, कर्मियों, समाजसेवियों एवं आम नागरिकों से स्वेच्छा से भाग लेने की अपील की है। जिला खेल स्टेडियम में विकास मेला का आयोजन किया जाएगा, जहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संध्या 6:00 बजे से जिला खेल स्टेडियम में आयोजित होने वाला भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल एवं यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने इसे जिले के गौरव का अवसर बताते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद सहित कई वरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे, जबकि सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# धर्म की रक्षा के लिए सनातनियों का एक होना आवश्यक : देवी स्वाति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर प्रवास के क्रम में वृंदावन की प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता विदुषी देवी स्वाति ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म के अनुयायियों का प्रमुख कर्तव्य है कि वे एकजुट रहें और नियमित रूप से भागवत भजन करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि सच्ची भक्ति और सामूहिक एकता से ही मानव जीवन का वास्तविक कल्याण संभव है। उन्होंने मानव जीवन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह जीवन अत्यंत दुर्लभ और सौभाग्य से प्राप्त होता है, इसलिए इसे व्यर्थ न गंवाकर ईश्वर की भक्ति में लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जहां यज्ञ, हवन और पूजा-अर्चना होती है, वहां स्वयं भगवान का वास होता है और वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। देवी स्वाति ने लोगों को दैनिक जीवन में आध्यात्मिक अनुशासन अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सूर्योदय से पहले उठना चाहिए, स्नान-ध्यान कर प्रभु का स्मरण करना चाहिए और फिर अपने दैनिक कार्यों में लगना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भौतिक जीवन में धन अर्जन और सुख-सुविधाओं का उपभोग करना गलत नहीं है, लेकिन इसके साथ-साथ ईश्वर की भक्ति को भी जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने गृहस्थ जीवन को सर्वोत्तम जीवन बताते हुए कहा कि व्यक्ति परिवार के साथ रहते हुए भी भक्ति कर सकता है और अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आध्यात्मिक उन्नति हासिल कर सकता है। परिवारजनों की सेवा और देखभाल भी एक प्रकार की भक्ति ही है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे माहौल में भक्ति एवं आध्यात्मिकता की भावना देखने को मिली। इस अवसर पर पुजारी सुरेश पाठक, मुकेश पोद्दार, रूपेश पोद्दार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# निःशुल्क कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर, 15 अप्रैल तक करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, प्रतापगढ़ के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के लिए निःशुल्क एक वर्षीय 'कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम' शुरू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जिसमें हाईस्कूल स्तर पर अंग्रेजी विषय होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों की आयु 01 अप्रैल 2026 को 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जबकि आरक्षित वर्ग को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य हिंदी, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, गणित और तर्कशक्ति जैसे विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही रेलवे, बैंकिंग, कर्मचारी चयन आयोग, समूह 'ग', समीक्षा अधिकारी, बीएड, पीईटी और टीईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों को 200 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, आवश्यक प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों, आधार, पैन कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक (एससी/एसटी के लिए) एवं दो फोटो के साथ 15 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का सेवायोजन कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। प्रवेश हेतु साक्षात्कार 16 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय, प्रतापगढ़ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होना होगा। इस दौरान किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में संचारी रोगो तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने कहा। इसके सफल आयोजन के लिए 11 विभागों को जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होने कहा कि 01 अप्रैल को भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह से संचारी वाहन जागरूकता रैली निकाली जायेंगी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा। उन्होने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग है, जो जनपद, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करके अभियान संचालित करें। अभियान के दौरान बुखार, इन्फ्लुएन्जा लाइक इलनेश (आईएलआई), क्षय रोग तथा कुपोषित बच्चों के प्राप्त सूची के अनुसार चिन्हित कर रोगियों का उपचार भी करायें। उन्होने अभियान से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित उत्तरदायित्व के अनुपालन में शिथिलता ना बरती जाय। उन्होने कहा कि नगर पालिका एवं नगर पंचायते मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से संचारी रोगो के साथ-साथ शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, खुले में शौच न करना तथा मच्छरों के रोक-थाम के लिए जागरूकता के लिए कार्य करें। उन्होने कहा कि वी0एच0एस0एन0सी0 के माध्यम से संचारी रोगो तथा दिमागी बुखार के रोकथाम के लिए सघन प्रचार-प्रसार कराया जाय। खराब इण्डिया मार्क टू हैण्डपम्प ठीक करा लिया जाय, जलाशय एवं नालियों की सफाई करा ली जाय, झाड़ियों की काट-छाट करा लिया जाय तथा मैलाथियान से फॉगिग करायी जाय। गॉव में कूडेदान की व्यवस्था भी करायी जाय तथा इस अभियान के दौरान टीबी के मरीजो को भी चिन्हित किया जाय। उन्होने कहा कि उद्यान विभाग मच्छररोधी पौधे लगाये। सूचना विभाग सभी गतिविधियों का जनमानस में व्यापक प्रचार-प्रसार कराये। बैठक का संचालन करते हुए जिला मलेरिया अधिकारी राजेश चौबे ने बताया कि संबधित विभागो द्वारा अपनी माइक्रोप्लान उपलब्ध करा दी गयी है। बैठक में सीएमओ डॉ. राजीव निगम, एसीएमओ डा. अजय चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, डीपीआरओ धनश्याम सागर, ईओ नगरपालिका अंगद गुप्ता, समस्त एमओआईसी, अधिशासी अधिकारी नगरपंचायत व सीडीपीओ तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हजारीबाग बंद का व्यापक असर, 12 वर्षीय नाबालिग की हत्या के विरोध में व्यापारियों ने जताया आक्रोश

## ●चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया बंद का समर्थन, की आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व कड़ी सजा की मांग




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** विष्णुगढ़ निवासी 12 वर्षीय नाबालिग की निर्मम हत्या के विरोध में जिलेभर में आक्रोश देखने को मिला। इस घटना के खिलाफ हजारीबाग के सांसद एवं विधायक द्वारा आहूत संपूर्ण बंद को फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का समर्थन मिला, जिसके चलते पूरे शहर में बंद का व्यापक असर देखा गया। बंद के दौरान हजारीबाग के अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान और दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। आम नागरिकों और व्यापारियों ने इस जघन्य हत्या की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम हो। इस विरोध प्रदर्शन में चैंबर अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, सचिव राकेश ठाकुर, सह सचिव तारीख अहमद सहित राजा सतीश होरा, चंद्र मोहन पटेल, गौरव यादव, रंजीत कसेरा, मनोज कुमार दास, गुलशन राज समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में इस घटना के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया और न्याय की मांग उठाई।

# 1 करोड़ से होगा नराद मुनि कुटी मंदिर का सुंदरीकरण

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर में नारद कुटी हनुमान मन्दिर का सोमवार को सुंदरीकरण के लिए पूर्व मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी व चेयरमैन अजय गुप्ता द्वारा शिलान्यास किया गया। मंदिर के सौन्दर्यकरण का कार्य लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा । इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने कहा कि मन्दिर का सुंदरीकरण होने से इस क्षेत्र मेंएक ऐतिहासिक कार्य होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि मंदिर के चारों तरफ चाहरदिवारी तालब का सुंदरीकरण सुचार रूप से किया जाएगा। इस मौके पर नारद कुटी मंदिर के महंत वेदांती महाराज जी, ईओ अखिलेश दीक्षित, कृष्णा मिश्रा,सभासद सत्यनारायण दुबे, निर्पेंद्र सिंह,गणेश वरुण, अरविंद गुप्ता, संदीप चौरसिया, गोवर्धन यादव, लड्डू पाल सोनी, पिंकू मोदनवाल, अटल प्रजापति, लालू, शिवजी तिवारी, राम नरेश पासवान आदि लोग मौजूद रहे।

# करोंग्राम में अखण्ड संकीर्तन के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, बंगला पाला 'राधार मान भंजन' ने बांधा समा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**करों, देवघर, झारखंडः-** करों प्रखण्ड स्थित कर्णेश्वर मंदिर परिसर, करोंग्राम में आयोजित तीन दिवसीय अखण्ड संकीर्तन के दूसरे दिन भी भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से नर-नारी, युवक-युवतियों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां सभी ने संकीर्तन का रसास्वादन कर भक्ति में लीनता का अनुभव किया। इस अवसर पर बंगाल प्रांत से आई चर्चित कीर्तनिया लोक गायिका सुश्री लक्खी दास ने बंगला पाला 'राधार मान भंजन' की अत्यंत प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने गीत, संगीत और नृत्य के समन्वय के माध्यम से राधा-कृष्ण की लीलाओं का सजीव चित्रण किया। प्रस्तुति के दौरान 'मान भंजन' के सात उपाय–साम, दाम, क्रिया, नति, भेद और रसान्तर–का भावपूर्ण वर्णन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कीर्तन के माध्यम से श्रीकृष्ण की महिमा का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि कृष्ण केवल एक देवता ही नहीं, बल्कि सभी के सखा हैं और वे अपने भक्तों के प्रेम एवं पुकार के वशीभूत होकर सदैव उनके समीप उपस्थित रहते हैं। महाभारत काल में द्रौपदी की रक्षा से लेकर गोपियों के साथ उनके प्रेम प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने भक्ति और समर्पण के महत्व को रेखांकित किया।

गायिका ने गोपालन प्रसंग का उल्लेख करते हुए श्रीकृष्ण को लोकिक एवं व्यवहारिक स्वरूप का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि कृष्ण गोपियों के साथ मिलकर गाय चराते थे और वे किसानों के हितैषी रूप में भी पूजनीय हैं। इसके साथ ही उन्होंने पारिवारिक कलह से दूर रहने तथा गीता, रामायण एवं अन्य शास्त्रों के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। अपने प्रवचन में उन्होंने कर्मयोग, ध्यानयोग और सांख्ययोग की व्याख्या करते हुए समाज में सकारात्मकता और समता स्थापित करने पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक स्थलों पर किसी प्रकार का ऊंच-नीच नहीं होता, यहां सभी श्रद्धालु समान होते हैं और आध्यात्मिकता के इस मंच पर सभी एक सूत्र में बंधे रहते हैं। देर रात तक चले संकीर्तन एवं भजन कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति में डूबे रहे। इस आयोजन में सार्वजनिक संकीर्तन समिति के सदस्यगण सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विष्णुगढ़ हत्याकांड के विरोध में भाजपा के आह्वान पर बरही बंद, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** विष्णुगढ़ क्षेत्र में 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी की निर्मम हत्या के विरोध में सोमवार को बरही में व्यापक आक्रोश देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर आयोजित इस सांकेतिक बंद के दौरान स्थानीय बाजारों को बंद कराया गया और प्रशासन के विरुद्ध जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया। घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आमजन में असंतोष गहराता जा रहा है। इसी के मद्देनजर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बरही चौक के आसपास दुकानों को बंद कराकर विरोध दर्ज कराया। बंद से पूर्व एनएच क्षेत्र में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें घटना की कड़ी निंदा करते हुए सर्वसम्मति से बंद का निर्णय लिया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बरही चौक पर कुछ समय के लिए सड़क जाम करने का प्रयास किया और सरकार तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आंदोलनकारियों को हिरासत में लिया और उन्हें थाना ले जाया गया। बाद में सभी को बांड भरवाकर छोड़ दिया गया। भाजपा नेताओं ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले में जल्द कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में न्याय की मांग उठाई।

### महराजगंज में मेडिकल स्टोर पर इंजेक्शन लगते ही किशोरी की हालत बिगड़ी, मौत

**महराजगंज।** बुखार के बाद मेडिकल स्टोर पर दवा कराने गए अमरूतिया वार्ड नंबर चार स्थित पासी टोला में रविवार की रात 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतका की पहचान रामसवारे पासवान की पुत्री मोनिका के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मोनिका को बुखार आने के बाद उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई थी, जिसके बाद स्वजन उसे इलाज के लिए दाल मिल के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर पर ले गए। स्वजन के अनुसार, मेडिकल स्टोर पर मौजूद व्यक्ति द्वारा मोनिका को इंजेक्शन लगाया गया। इंजेक्शन लगते ही उसकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी और वह अचेत हो गई। आनन-फानन में स्वजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। स्वजन ने मेडिकल स्टोर संचालक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि स्वजन द्वारा लापरवाही का आरोप लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# 11 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित, 2 सीडीपीओ कार्यालयों का शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका नियुक्ति पत्र वितरण, स्मार्टफोन वितरण, बाल विकास परियोजना कार्यालय का शिलान्यास व आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण का लोक भवन सभागार लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का आयोजन विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। सजीव प्रसारण का अवलोकन जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी दयाराम यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं द्वारा किया गया। इसी क्रम में विकास भवन सभागार में जनपद में 11 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों क्रमशः दिव्या सिंह, पूजा पाण्डेय, काजल सिंह, अर्चना देवी, अर्चना यादव, पुष्पा देवी, रेखा यादव, सरला सरोज, शिखा गुप्ता, रूची शुक्ला व ज्योति को जिलाधिकारी व भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी व भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालय सण्डवा चन्द्रिका और बाल विकास परियोजना कार्यालय सदर का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शुभकामना दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा यह नौकरी आपके लिए एक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी उपयोगिता देश सेवा से लेकर छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए है। उन्होने कहा कि इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से सुपोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइकों की आमने- सामने भिड़ंत में दो घायल


**कोंच(जालौन)**- सीएचसी कोंच के समीप बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए। इनमें से एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 9 बजे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी फोटोग्राफर शुभम वर्मा (24) किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोंच जा रहा था जबकि नया गांधीनगर कोंच निवासी भोलू (48) उरई रोड की ओर जा रहा था। उक्त दोनों की बाइक जैसे ही सीएचसी के समीप पहुंची, दोनों के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के चलते दोनों अपनी- अपनी बाइक से सड़क पर दूर जा गिरे और घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने शुभम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि भोलू का उपचार सीएचसी में किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जरूरी जांच पड़ताल पूरी की।

### आधी अधूरी तैयारियों के बीच सरकारी गेहूं खरीद केंद्र खुले



**कोंच(जालौन)**- आधी अधूरी तैयारियों के बीच सरकारी गेहूं खरीद केंद्र सरकारी निर्देशों के तहत 30 मार्च से खुल गए है। अभी आधा अधूरा ही सामान केंद्रों पर पहुंचा है। खरीद केंद्रों पर सबसे मुख्य ई-पॉप मशीन ही नहीं पहुंची है। अभी तक सिर्फ तीन केंद्र प्रभारियों ने मंडी कार्यालय से कांटा आदि सामान उठाया है। इस साल कोंच तहसील क्षेत्र में कुल दस सरकारी गेहूं खरीद केंद्र बनाए गए हैं जिनमें शामिल तीन केंद्र पीसीएफ, एफसीआई व आरएफसी मंडी परिसर के अंदर बनाए गए हैं जबकि सात केंद्र बी-पैक्स जुझारपुरा समिति, क्रय विक्रय समिति, सहकारी समिति पिरौना, दिरावटी, कैलिया व नदीगांव बनाए गए हैं। अभी किसी भी केंद्र पर ई-पॉप मशीन नहीं पहुंची है जिससे मशीन के बगैर खरीद सम्भव नहीं है। मंडी कार्यालय से अभी तक आरएफसी, एफसीआई व पीसीएफ ने कांटों सहित अन्य जरूरी सामान उठाया है। आरएफसी केंद्र प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि केंद्र की व्यवस्था पूरी की जा रही है। एक-दो दिन में ई-पॉप मशीन जिला मुख्यालय से आवंटन की जाएगी। मंडी सचिव सोनू ने बताया कि अभी तक तीन केंद्र प्रभारी कांटे सहित अन्य जरूरी सामान ले गए हैं।

### अजीर नदी पर चेकडैम की मंजूरी से जनता में खुशी की लहर, क्षेत्रवासियों को मिलेगा बड़ा फायदा



**ब्लॉक प्रमुख के प्रयास से योजना को मिली स्वीकृति, जल्द शुरू होगी निर्माण प्रक्रिया**

**बीजपुर/सोनभद्र**-म्योरपुर ब्लॉक क्षेत्र के जरहा गांव स्थित अजीर नदी पर चेकडैम निर्माण प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अजीरेश्वर धाम सरोवर तट के पास स्थित यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, जहां चेकडैम बनने से क्षेत्र की खूबसूरती और भी बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इस फैसले से मंदिर समिति और स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इस घाट पर छठ पूजा, जीवित्पुत्रिका जैसे कई पर्व धूमधाम से मनाए जाते हैं। ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गौड़ के अनुसार, जिलाधिकारी को भेजे गए प्रस्तावों में से इस कार्य को स्वीकृति मिली है और स्थलीय निरीक्षण के बाद लघु सिंचाई विभाग को रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया जारी है। चेकडैम बनने के बाद जहां सरोवर तट का स्वरूप और आकर्षक होगा, वहीं गर्मी के दौरान सूखने वाली नदी में जल संरक्षण होगा, जिससे पशु-पक्षियों और जंगली जानवरों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी और गांवों की ओर उनके भटकाव में भी कमी आएगी।

## विवादों में फिर घिरा ग्राम पंचायत रोरवा, ग्रामीणों ने लगाया नाली निर्माण में मानक की अनदेखी करने का आरोप

**● कार्य अधूरा ,उठी जाँच की मांग, कथित भ्रष्टाचार के मामले में काँग्रेसियों ने दिया धरना प्रदर्शन की चेतावनी**

**संबंधित विभाग के अधिकारियों के नाक के नीचे हो रहा भ्रष्टाचार , संबंधित अधिकारी मौन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र** - नव सृजित विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत रोरवा में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बतातें चलें कि शिकायतकर्ता मदन गुप्ता ने अनियमितता के मामले में कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया किन्तु कोई ठोस कारगर पहल नहीं हुई। कोई कार्रवाई न होता देख शिकायतकर्ता ने नवम्बर 25 में नाली मरम्मत व ढक्कन् लगाए जाने के बावत् जिलाधिकारी को शपथ पत्र देकर नाली मरम्मत व ढक्कन लगाने की गुहार लगाई गई थी। जिसके जाँच के क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी ने जाँच आख्या में दिखाया गया कि प्रकरण की जाँच ए डी ओ पंचायत कोन द्वारा कराया गया जिसकी जाँच में पाया गया कि नाली मरम्मत की अवश्यकता है और संबंधित सचिव द्वारा ग्राम पंचायत की कार्यवाही में सम्मिलित कर स्टीमेट तैयार कर लिया गया है। जबकि शिकायतकर्ता द्वारा कई वर्षों से संबंधित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, ग्राम प्रधान , सचिव से बार बार संपर्क किया गया किन्तु ग्राम प्रधान / प्रतिनिधि की मनमानी व दबंगई के बदौलत कार्य पूरा नहीं हो सका जो सूबे के मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस की नीति को फ्लाप साबित प्रतीत हो रहा है और वहीं संबंधित ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं । शिकायतकर्ताओं ने ढक्कन के निर्माण में मानक की अनदेखी व भारी अनियमितता के शिकायत ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों को साक्ष्य के साथ अवगत कराया किन्तु जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा सिर्फ जाँच के नाम पर भ्रमित किया गया और समस्या जस का तश बना हुआ है। जिसके क्रम में शिकायतकर्ता मदन गुप्ता ने पुन : मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए विकास खण्ड कार्यालय में शिकायती पत्र सौंपकर जाँच की मांग करते हुए संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। इस पूरे मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनयकांत चतुर्वेदी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि केवल ब्लॉक अध्यक्ष को ठेंगा नहीं दिखाया बल्कि पूरे कांग्रेस पार्टी को ठेंगा दिखाते हुए मजाक उड़ाया गया, जिससे पार्टी के लोगों को आघात पहुंची है। उन्होंने जिले के जिम्मेदार अधिकारियों व जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि व जिम्मेदार अधिकारियों के ऊपर कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने आगे स्पष्ट किया है कि अगर नाली कार्य तत्काल पूर्ण नहीं कराया गया तो जनपद के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कोन ब्लॉक में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को विवश होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रसाशन की होगी। बतादें कि ग्राम पंचायत रोरवा में कथित भ्रष्टाचार व अनियमितता के मामले में जनपद स्तरीय तीन सदस्यीय जाँच कमेटी गठित की गई थी जो वर्तमान में जाँच प्रक्रिया प्रचलित है । जिसके क्रम में पूर्व सांसद/ राज्यमंत्री स्व. सूबेदार प्रसाद के नजदीकी रिश्तेदार नागेंद्र नाथ ने बताया कि ग्राम पंचायत रोरवा में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर किन्तु शिकायतकर्ताओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जिसके क्रम में एडीओ पंचायत सुनील पाल ने कहा कि मामले की जाँच के लिए संबंधित सचिव को अवगत करा दिया है अगर जाँच में मानक के विपरीत कार्य पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।वहीं जिला पंचायत राज अधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रकरण की जाँच कराकर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा गया। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास से जुड़े प्रयासों को और सशक्त बनाने पर जोर दिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार कार्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के लोकार्पण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में महिला एवं बाल विकास से जुड़े प्रयासों को और सशक्त बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के तहत जिले में 31 आगनबाड़ी केन्द्र, 02 बाल विकास परियोजना कार्यालय का लोकार्पण मा. गोसेवा आयोग उपाध्यक्ष महेश शुक्ला द्वारा बटन दबाकर किया गया। मा. गोसेवा आयोग उपाध्यक्ष महेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, विधायक प्रतिनिधि हर्रैया सरोज मिश्रा, कप्तानगंज के गुलाब सोनकर, सदर के मो. सलीम, जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने संयुक्त रूप से चयनित 14 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 68 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर एक ग्रोथ मानीटरिंग डिवाइस भी दिया गया।गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री समाज के सबसे निचले स्तर तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा ने बधाई देते हुए कहा कि आपलोगों को नयी जिम्मेदारी मिली है, इस जिम्मेदारी को पूरी तत्पर्ता के साथ निभाये। उन्होने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा मानदेय बढाये जाने का प्रस्ताव भी मांगा गया है, जल्द ही आप लोगों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जायेंगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, डीपीओ राजेश कुमार, संबंधित सीडीपीओ, जिला कार्यक्रम समन्वयक सुधीर यादव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## बिना कोचिंग बनीं अफसर, बस्ती की रितिका शुक्ला की सफलता की कहानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के हर्रैया क्षेत्र ग्राम पंचायत महादेवरी के (देवरी) प्रतिभाशाली बेटी रितिका शुक्ला ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है. उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में असिस्टेंट कमिश्नर (कमर्शियल टैक्स) जैसे प्रतिष्ठित पद पर चयनित होकर यह साबित कर दिया कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है.रितिका शुक्ला की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है. जैसे ही उनके चयन की खबर फैली, परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का उनके घर तांता लग गया. लोगों ने मिठाई खिलाकर, फूल-मालाओं से स्वागत कर और शुभकामनाएं देकर उनकी सफलता का जश्न मनाया. गांव और आसपास के इलाकों में भी खुशी की लहर देखी जा रही है.



रितिका शुक्ला की प्रारम्भिक शिक्षा लिटिल फ्लावर्स कटरा, कक्षा 9 से 12 तक बालिका विद्या मंदिर राम बाग और स्नातक और बीएड की शिक्षा आर.सी.सी. डिग्री कालेज और एमएससी की शिक्षा शिव हर्ष किसान पी.जी. कालेज बस्ती से किया. रितिका शुक्ला के पिता शिव सहाय शुक्ल अधिवक्ता और माता गृहणी है. रितिका शुक्ला ने यह सफलता अपने प्रयास से अर्जित किया है और उसने कोई कोई कोचिंग नहीं किया.बस्ती की बेटी रितिका शुक्ला बनीं असिस्टेंट कमिश्नर, पहले प्रयास में रचा इतिहास परिवार के सदस्यों ने बताया कि रितिका शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं. उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया है. रितिका ने सीमित संसाधनों के बावजूद लगातार मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ तैयारी की, जिसका परिणाम आज सबके सामने है. स्थानीय लोगों का कहना है कि रितिका शुक्ला की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है. उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास किया जाए, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है. खासकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए रितिका एक मिसाल बनकर उभरी हैं, जिन्होंने यह साबित किया है कि वे भी किसी से कम नहीं हैं. शिक्षकों और समाज के बुद्धिजीवियों ने भी रितिका की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है. आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरणा लेकर अपने सपनों को साकार करने का प्रयास करेंगी. रितिका शुक्ला की इसहै ऐतिहासिक सफलता ने बस्ती जनपद को एक बार फिर गौरव बढ़ाया।

## CCTNS योजना में कुशीनगर को लगातार दूसरी बार प्रदेश में मिला पहला स्थान, पुलिस विभाग में उत्साह का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पडरौना।** अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा पुलिसिंग को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से संचालित सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) योजना में कुशीनगर ने प्रदेश में लगातार दूसरी बार पहला स्थान प्राप्त किया है। फरवरी 2026 की जारी रैंकिंग में जिले को 100 में 100 नंबर मिले हैं। इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में उत्साह का माहौल है। एसपी केशव कुमार ने इसे टीमवर्क व सतत मॉनिटरिंग का परिणाम बताया है।

शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल सीसीटीएनएस के शत-प्रतिशत उपयोग, समयबद्ध डाटा फीडिंग, लंबित प्रविष्टियों के त्वरित निस्तारण और रिकॉर्ड के नियमित सत्यापन पर एसपी का विशेष जोर है।



थानेदार व चौकी प्रभारियों को इसे लेकर स्पष्ट निर्देश है कि वे इसे लेकर सजगता बरतें। इसके लिए थाना स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए और नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपकर दैनिक समीक्षा की गई। इससे अपराधियों का डिजिटल डाटाबेस मजबूत हुआ। जांच प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनी।

ऑनलाइन एफआईआर, केस डायरी और अपराधियों की हिस्ट्रीशीट तक त्वरित पहुंच होने से पुलिस की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस आधार पर पुलिस तकनीकी सेवाएं मुख्यालय लखनऊ द्वारा की जाने वाली रैंकिंग में जनपद को लगातार दूसरी बार प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर एसपी ने सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को बधाई दी है।

## बलरामपुरः नगर के छह मार्गों के लिए 2.58 करोड़ स्वीकृत, जल्द चमकेगी सड़कें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर**- आदर्श नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के प्रयासों से शहर के विकास को नई रफ्तार मिलने वाली है। डूडा (जिला नगरीय विकास अभिकरण) ने नगर के छह महत्वपूर्ण मार्गों पर सीसी रोड और नाली निर्माण के लिए 2 करोड़ 58 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। योजना को धरातल पर उतारने के लिए पहली किस्त के रूप में 73.56 लाख रुपये की धनराशि भी जारी हो गई है। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि स्वीकृत बजट से शहर के विभिन्न वार्डों में बदहाल रास्तों और जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। इसके तहत नई बस्ती वार्ड में प्लेवे स्कूल से लेकर सोनू चौहान के मकान तक सीसी सड़क व नाली बनाई जाएगी। वहीं, खलवा दक्षिणी वार्ड में बबलू के मकान से लेकर संत गुरु रविदास मंदिर होते हुए राम सहाय के घर तक निर्माण कार्य होगा।

इन इलाकों की बदलेगी सूरतः-




प्रशासनिक मंजूरी के अनुसार, विशुनीपुर रिजर्व वार्ड में मिठाई लाल के घर से हरि के घर तक और मुरली के घर से शमशान मोड़ तक सड़क व नाली का निर्माण होगा। नई बस्ती में सकुर के मकान से अजय सिंह पिंकू के मकान तक मरम्मत व स्लैब का कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा, तुलसी पार्क वार्ड में बब्बल पांडे के घर से डॉ. अर्चना गुप्ता के आवास तक सीसी रोड का निर्माण प्रस्तावित है। नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी स्वीकृत कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण पूरा होने के बाद नगरवासियों को आवागमन और जल निकासी की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

### सीतापुर में 12 साल पुरानी मस्जिद पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर, कहा- अवैध रूप से तालाब की जमीन पर बनी थी मस्जिद

**सीतापुर**- उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के लहरपुर क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध रूप से निर्मित 12 साल पुरानी एक मस्जिद को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) नीतीश कुमार सोमवार तड़के अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन के अनुसार, यह मस्जिद तालाब की जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई थी। प्रशासन ने बताया कि नयागांव बेहटी स्थित इस मस्जिद के खिलाफ ग्राम सभा की शिकायत पर तहसील अदालत ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर एडीएम, एएसपी और एसएचओ सहित लगभग 500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक इस मस्जिद को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

## अदालत का फैसला हत्या के दोषी हीरालाल अगरिया को सश्रम आजीवन कारावास, 10 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद

**● - साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए चमेली हत्याकांड का मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** - साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए चमेली हत्याकांड के मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी हीरालाल अगरिया को सश्रम आजीवन कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मुन्ना पुत्र हीरालाल निवासी डूडीदह बसुधा कोटा, थाना चोपन, जिला सोनभद्र ने चोपन थाने में दी तहरीर में



अवगत कराया था कि 28 जून 2022 को सुबह 8 बजे उसकी मौसी चमेली (48) वर्ष जंगल में बकरी चराने गई थी। जहां गांव का हीरालाल अगरिया पुत्र रामबली अगरिया भी पहुंच गया और मौसी से भूत प्रेत को लेकर विवाद हो गया और हीरालाल अगरिया ने कुल्हाड़ी के डंडे से उसकी मौसी चमेली को मारकर गंभीर चोट पहुंचाई, जिसे लेकर अस्पताल जा रहा था तो रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान जहां अभियुक्त के अधिवक्ता ने पहला अपराध बताते हुए कम से कम दंड दिए जाने की याचना की, वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने हत्या का मामला बताते हुए अधिक से अधिक दंड देने की याचना की। अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषी हीरालाल अगरिया को सश्रम आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

## लालगंज में सरकारी गड़ही पर अवैध कब्जा, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल; केंद्र के सख्त कानून के बीच बढ़ा विवाद

**● जनपद के सभी तहसीलों पर के जिम्मेदार अधिकारियों पर जिला अधिकारी को शिकंजा कसना चाहिए सरकारी भूमि को तत्काल खाली कराया जाए यह मुख्यमंत्री का आदेश नहीं मान रहे जिले के जिम्मेदार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के जिला अधिकारी को मुख्यमंत्री के आदेशों को ध्यान में रखते हुए सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के ऊपर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए जनपद के सभी तहसीलों में सरकारी जमीनों पर दबंग भू माफिया का कब्जा बरकरार रहा और कर रहे जिम्मेदार अधिकारी को मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर एफआईआर दर्ज करवाना चाहिए ताजा मामला बस्ती के लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मेहनौना के कटाईजोत पुरवा में सरकारी जलमग्न भूमि (गड़ही) पर अवैध कब्जे का मामला गंभीर रूप लेता जा रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्थानीय



लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, अभिलेखों में दर्ज गड़ही संख्या 25 का क्षेत्रफल लगभग 81 एयर है, लेकिन वर्तमान में यह घटकर महज 15 से 20 एयर रह गया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने इस जमीन पर मिट्टी डालकर कब्जा कर लिया और स्थायी निर्माण भी कर लिया। विरोध करने पर ग्रामीणों को धमकी और विवाद का सामना करना पड़ा, जिससे मामला और तनावपूर्ण हो गया है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह गड़ही पूरे कटाईजोत पुरवा के लिए प्राकृतिक जल निकासी का मुख्य स्रोत है। इसके बावजूद यहां बिना किसी वैध अनुमति के खड़ंजा निर्माण करा दिया गया, जो नियमों के खिलाफ बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी सरकारी भूमि पर निर्माण के लिए उपजिलाधिकारी की अनुमति अनिवार्य होती है, लेकिन यहां इस प्रक्रिया को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया।

सरकारी नियमों और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार ग्राम समाज की भूमि – जैसे गड़ही, पोखरा, नाला और चारागाह – पर किसी भी प्रकार का निजी कब्जा पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद इस तरह के मामलों का सामने आना स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

इसी बीच केंद्र सरकार द्वारा सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे के खिलाफ सख्त प्रावधान लागू करने की दिशा में कदम उठाया गया है। जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026 के तहत अवैध कब्जाधारियों पर भारी जुर्माना और जेल तक की सजा का प्रावधान किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार, कब्जा करने पर पहले महीने में 40 गुना तक जुर्माना और उसके बाद हर महीने 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ दंड तय किया जाएगा। साथ ही दोषियों को छह महीने तक की सजा या जमीन के मूल्य के अनुसार आर्थिक दंड भी दिया जा सकता है।

ऐसे सख्त कानूनों के बावजूद लालगंज का यह मामला प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गड़ही को तत्काल कब्जामुक्त कराया जाए और इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उक्त समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार अवैध कब्जा हटाने के लिए प्रशासन से मांग किया गया लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## वाइब्रेन्ट इण्टरनेशनल एकेडमी के छात्र एवं छात्राओं ने अंक पत्र पाकर उत्साहित नजर आए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के वाइब्रेन्ट इण्टरनेशनल एकेडमी मड़वानगर में बच्चों को संस्कार रहित शिक्षा से संचालित विद्यालय के प्रबंधक अनुशासन में रहकर बच्चों का विकास के लिए समर्पित विद्यालयकेसत्र 2025 -26 का अंक पत्र वितरण कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने अंक पत्र पाकर उत्साहितनजर आए और इसका श्रेय अपने गुरुजनोंको और माता पिता कोदिया इस अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं अपने अंक पत्र पाकर उत्साहित नजर आए तथा विद्यालय में पहुंचे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया बच्चों के शिक्षा की गुणवत्ता के लिए विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य एवं शिक्षक गण की उपस्थिति में अंक वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लाह के साथ संपन्न हुआ विद्यालय में अभिभावककी उपस्थिति में हर्ष और उल्लास के साथ हुई ।




इस कार्यक्रम के दौरान सभी कक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अर्थात अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया ।

पूरे सत्र में अधिकतम उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा विद्यालय के साथ सुंदर एवं स्वच्छ गणवेश में विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य अध्यापक अध्यापिकाएं एवं समस्त कर्मचारी समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में अहम भूमिका निभाई । सुबह से अंक पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न होने तक विद्यालय का वातावरण पूरी तरह अनुपम झाकी प्रस्तुत करता रहा । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक ने सभी बच्चों से एवं अभिभावकों से आग्रह किया कि आप सभी शीघ्र अगले कक्षा की पाठ्य पुस्तक पठन-पाठन सामग्री से सुसज्जित होकर 02 अप्रैल से अपने नई कक्षा में प्रवेश लेकर अच्छी एवं सुदृढ़ शिक्षा प्राप्त करें तथा अपने पास - पड़ोस के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए हमारी संस्था में प्रवेश हेतु प्रेरित करें ऐसे उद्बोधन के साथ विद्यालय परिवार ने समस्त अभिभावकों एवं बच्चों का धन्यवाद स्थापित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट हादसे में दो मजदूरों की मृत्यु के प्रकरण में सुपरवाइजर के खिलाफ एफआईआर



**कानपुर।** दिनांक 24.03.2026 को थाना कल्याणपुर क्षेत्रान्तर्गत गूबा गार्डन (शिव कृपा अपार्टमेंट) में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई के दौरान दो मजदूरों (पिता-पुत्र) की मृत्यु हो जाने की घटना प्रकाश में आई थी। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना कल्याणपुर पर संबंधित सुपरवाइजर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 30.03.2026 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस. एम. कासिम आबिदी द्वारा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष एवं एडीएम कानपुर नगर के साथ संयुक्त रूप से घटना स्थल का निरीक्षण/मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। प्रकरण में विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### पूर्व छात्रा आरती मिश्रा बनीं डिप्टी जेलर, विद्यालय में हर्ष का माहौल



**गोण्डा।** पार्वती देवी इंटर कॉलेज, आर्य नगर की पूर्व छात्रा आरती मिश्रा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा उत्तीर्ण कर डिप्टी जेलर पद पर चयनित होकर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, आरती मिश्रा ने कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है, जिससे अन्य छात्र-छात्राएं भी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रति उत्साहित होंगे। विद्यालय के प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार राव ने आरती मिश्रा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रा के व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। विद्यालय परिवार ने आरती मिश्रा को इस सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के थाना गौरीबाजार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बैतालपुर के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त पर अवयस्क को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता को पूर्व में सकुशल बरामद किया जा चुका है।

### 2.342 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की कोतवाली पुलिस ने अवैध गांजा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 किलो 342 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### यातायात अभियान में 126 वाहनों का चालान, चार सीज

**देवरिया।** शहर में यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना लाइसेंस, अवैध हूटर और सड़क पर सवारी भरने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान में 126 वाहनों का ई-चालान किया गया जबकि चार वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

# अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा द्वारा ईद एवं होली मिलन/ सद्भावना दिवस मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** अखिल भारतीय सर्व धर्म महासभा द्वारा कुली बाजार स्थित कार्यालय में ईद एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसको सद्भावना दिवस के रूप में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी धर्म के धर्म गुरुओं एवं सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति में एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी गई। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक संस्था के महामंत्री महबूब आलम खान ने बताया कि सभी महत्वपूर्ण त्यौहार सकुशल संपन्न होने पर हर साल की तरह परंपरागत अनुसार इस साल भी सद्भावना दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें शहर भर के हर मजहब से संबंध रखने वाले धर्मगुरु बुद्धिजीवी मौजूद रहे जिसमें एकता का संदेश दिया गया वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है।

हमारी साझी विरासत गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा मिलता है इस तरह के आयोजन हर मौके मौके पर होना चाहिए संगठन अखिल भारतीय सर्व धर्म महासभा



लगातार लोगों में एकता का पैगाम देती रही है संगठन के माध्यम से हर विभिन्न आयोजन किया जा रहे हैं जो सराहनीय है इस तरह के आयोजनों से आपस में मोहब्बत कायम होती है सभी धर्म एवं मसलक के लोगों ने हाथों में हाथ डालकर यह संकल्प लिया की हम अपने शहर कानपुर को अमन शांति का गवारा बनाए रखने में हमेशा प्रयशरत रहेंगे एक दूसरे के त्योहारों को यूं ही मिलजुल कर मानेंगे यह भी कहा कि हम सबको असामाजिक तत्वों से भी सावधान रहने की जरूरत है संगठन के महामंत्री महबूब आलम खान ने कहा कि हमारा मुल्क एक गुलदस्ते की तरह है जहां सभी रंग के फूल महकते हैं हमें अपने देश की तरक्की के लिए काम करना चाहिए और देश की तरक्की तभी होगी जब देश प्रदेश व शहर में अमन कायम रहेगा हमारे बुजुर्गों ने भी इस शहर कानपुर के अमन को बरकरार रखने के लिए काम किया आज हम सब लोग भी सद्भावना का संदेश देने के लिए यह ईद होली मिलन समारोह मे इकट्ठा हुए हैं यहां से पूरे देश में पैगाम जाना चाहिए कि हम सब एक हैं जब भी हमारे देश भारत पर कोई भी आए गी तो हम सब पीछे नहीं रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर काजी कानपुर मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही ने की कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के नायब सदर कारी आरिफ रजा कादरी, नायब शहर काजी कारी सगीर आलम हबीबी, शिया धर्मगुरु शाहिद अब्बास, बड़ी ईदगाह कमेटी के खादिम शारिक, नवाब पादरी डायमंड, युसूफ, सरदार राजेंद्र सिंह, पंडित राजेश मिश्रा, पादरी कुलदीप बाबा संतोष राज, बौद्ध ईदगाह चंद मेरी कैंट के जनरल सेक्रेटरी फसी अनवर हाजी सलाउद्दीन, पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, प्रेस क्लब महामंत्री शैलेश अवस्थी, भाजपा नेता सलीम अहमद, विधायक कैंट हसन रूमी, विधायक आर्य नगर अमिताभ बाजपेई, आदि उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई

**लालगंज, प्रतापगढ़।** परिषदीय विद्यालय में समारोहपूर्वक सेवानिवृत्त शिक्षक का विदाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राथमिक विद्यालय डभियार के शिक्षक विनोद कुमार मिश्र प्रधानाध्यापक पद से एवं कंपोजिट विद्यालय उदयपुर से सहायक अध्यापक पद से सेवानिवृत्त श्रीनाथ विश्वकर्मा का सोमवार को डभियार में विदाई समारोह कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता है वह जहां भी रहता है समाज को नई दिशा देता रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ सांगीपुर के अध्यक्ष धर्मेन्द्र शुक्ल व संचालन सौरभ मिश्र ने किया। इस मौके पर गिरीश शुक्ल, आशुतोष मिश्र, विनोद यादव, पल्लवी शुक्ला, अनुज्ञा श्रीवास्तव, आलोक मिश्र, संदीप यादव, प्रफुल्लचंद्र पाण्डेय, कमलेश द्विवेदी, आशीष द्विवेदी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# जीटी रोड पर अवैध दुकानों पर कार्रवाई चलती रहेगी, जारी रहेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अरुण कुमार जयंत ने बताया कि गत रविवार को जीटी रोड पर अवैध रूप से निर्मित 14 दुकानों को हटाया गया है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर आवागमन सुचारू बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। रामादेवी और नारामऊ क्षेत्र में स्थित शराब की मॉडल शॉप के कारण लगने वाले जाम का मुद्दा भी बैठक में उठा। जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया कि संबंधित दुकानों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया जा चुका है।



निर्धारित समय में अतिक्रमण न हटाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। रामादेवी के निकट सड़कों पर लगने वाली सब्जी मंडी के कारण भी यातायात प्रभावित होने की बात बैठक में सामने आई। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार, एआरटीओ कहकशां खातून, परियोजना निदेशक एनएच पंकज यादव, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अनूप कुमार, अधिशासी अभियंता अखंडेश्वर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय परामर्श 2026 में पैनल लॉयर नेहा सम्मानित, उत्कृष्ट उद्बोधन और सेवाओं हेतु मिली सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश विज्ञान भवन में रविवार को आयोजित न्याय विभाग के 'राष्ट्रीय परामर्श 2026'कार्यक्रम में टेली-लॉ पैनल लॉयर नेहा को उनके उत्कृष्ट उद्बोधन और सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने उनके विचारों और जमीनी अनुभवों की खुले दिल से प्रशंसा की।

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि एवं अर्जुन राम मेघवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान एआई-आधारित 'न्याय सेतु' चैटबॉट का भी शुभारंभ किया गया, जो आम नागरिकों को कानूनी सहायता तक आसान पहुंच प्रदान करेगा।इस भव्य आयोजन के बीच पैनल लॉयर नेहा का योगदान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने अपने उद्बोधन में जमीनी स्तर पर टेली-लॉ सेवाओं की प्रभावशीलता को उदाहरण सहित प्रस्तुत किया। खासतौर पर जौनपुर जिले के एक मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी कानूनी सलाह से एक पीड़िता को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण मदद मिली। इस संवेदनशील और प्रभावी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों को प्रभावित किया। नेहा के इसी उत्कृष्ट योगदान और प्रेरक वक्तव्य को देखते हुए उन्हें मंच पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के टेली-लॉ राज्य समन्वयक वागीश सिंह ने कहा कि नेहा जैसी प्रतिबद्ध और संवेदनशील पैनल लॉयर टेली-लॉ पहल की असली ताकत हैं। उन्होंने न केवल जरूरतमंदों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि अपने अनुभवों के माध्यम से अन्य अधिवक्ताओं को भी प्रेरित किया है। उनका कार्य पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श है।कार्यक्रम में 'लाभार्थियों की आवाज' पुस्तिका, कानूनी जागरूकता से जुड़ी कॉमिक श्रृंखला और विभिन्न नवाचारों का भी विमोचन किया गया।

# जिला पंचायत बैठक में विजय यादव का उग्र तेवर, सड़क व स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला पंचायत भवन में शनिवार को आयोजित जिला पंचायत की बैठक में आसपुर देवसरा तृतीय के सदस्य विजय यादव ने जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाते हुए प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार किया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पंचायत सदस्य उपस्थित रहे, जहां वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट और विकास कार्यों पर चर्चा हुई।बैठक के दौरान विजय यादव ने क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्यों में बरती जा रही लापरवाही को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि कई मार्गों पर निर्माण कार्य अधूरे हैं या मानकों के विपरीत किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता



को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से जवाब मांगा गया, लेकिन वे संतोषजनक उत्तर देने में असफल रहे।

इसके साथ ही उन्होंने पट्टी क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था को भी सदन के सामने रखा। यादव ने आरोप लगाया कि अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही चरम पर है, मरीजों को सही इलाज नहीं मिल पा रहा है और कुछ चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवाएं लिखकर मरीजों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इस मुद्दे पर सदन में मौजूद कई अन्य सदस्यों ने भी उनका समर्थन किया और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग की। बैठक में मौजूद अधिकारियों की चुप्पी और उदासीन रवैये पर विजय यादव ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वे इस मुद्दे को उच्च स्तर तक उठाने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के मामलों में किसी भी प्रकार की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक में अन्य सदस्यों ने भी विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया, बैठक के दौरान अध्यक्ष के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आमसभा में मई माह के प्रथम सप्ताह में संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव का हुआ ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ की आमसभा में कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव को लेकर सोमवार को गहमागहमी का माहौल दिखा। संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में मई माह के प्रथम सप्ताह में चुनाव कराए जाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। इसके लिए मौजूदा कार्यकारिणी द्वारा एल्डर कमेटी को चुनाव समिति के चयन की सिफारिश भी की गयी। बैठक में चुनाव को लेकर नियमावली के मुद्दे पर माहौल खासा सरगर्म रहा। आम सभा में मौजूदा प्रक्रिया के तहत इस बार का चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं नियमावली को लेकर एल्डर कमेटी के द्वारा समिति गठित किये जाने पर भी सहमति बनीं। महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने बैठक के एजेण्डे पर प्रकाश डाला। संचालन पूर्व



अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय तथा उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने आमसभा में कार्यकारिणी की ओर से विभिन्न प्रस्ताव पेश किये। आमसभा को एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, टीपी यादव, राम मोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, राव वीरेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, केपी पाण्डेय, अजय शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, शिवाकांत उपाध्याय ने संबोधित करते हुए परामर्शी सुझाव सौंपे। वही आमसभा में संतोष पाण्डेय, राजेश तिवारी, सुशील शुक्ल, मो0 असलम, दिनेश सिंह, दिनेश मिश्र, अनूप पाण्डेय, विनोद मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, राहुल तिवारी, बाबा नरेन्द्र ओझा, मस्तराम पाल, शैलेन्द्र सिंह बघेल, गीता सिंह, दीपक पाण्डेय ने भी विचार रखे। इस मौके पर विपिन शुक्ल, नामवर सिंह, घनश्याम मिश्र, राजीव तिवारी, अंजनी मिश्रा, तपन पाण्डेय, प्रेम मिश्र, संतोष सरोज, घनश्याम सरोज, सिंटू मिश्र, पवन पाण्डेय, सुमित त्रिपाठी, जितेन्द्र त्रिपाठी आदि अधिवक्ता रहे।

# लॉजिकल यसएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल डेरवा में अभिभावक शिक्षक बैठक संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** लॉजिकल स्कूल में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय प्रबंधन शिक्षक और अभिभावकों ने मिलकर विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति और उनके समग्र विकास पर चर्चा की। संस्था के प्रबंधक शिव सागर शुक्ला ने कहा कि विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों के बीच संवाद का यह मंच शैक्षणिक उन्नति और समस्या समाधान के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों की शिक्षा में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। संस्था के कोऑर्डिनेटर धीरज पांडे ने कहा कि अभिभावकों का सहयोग और उनकी सक्रिय भागीदारी विद्यार्थियों के अकादमी और व्यक्तित्व विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्था के प्रबंधक ने अभिभावकों की ओर से मिले सुझाव पर भी उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान लायंस क्लब के संतोष पांडे, उमाकांत ओझा, नीलेश मिश्रा व अभिभावक संजय पांडेय,पूर्व प्रधान राजा पांडे, सुनील कुमार पांडे, संतोष प्रजापति ,रमेश दुबे , कृपा शंकर शुक्ला, सुप्रिया शुक्ला, रेनू मिश्रा, बच्चा पांडे, मोहम्मद शाबान, शशि सरोज, शाहजहां, सबीना बानो ,मोहम्मद तसलीम,राजा दुबे, रेनू प्रजापति, श्री बलवीर सिंह,सज्जन प्रजापति, मोहम्मद निज़ाम, कृपा शंकर पांडेय,धीरज मिश्रा, अवधेश सिंह आदि अभिभावक एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# कोन पुलिस को मिली सफलता, वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

**कोन /सोनभद्र-** वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोन पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी ओबरा के मार्गदर्शन में चल रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोन पुलिस टीम ने मा. न्यायालय विशेष न्यायाधीश सोनभद्र द्वारा जारी वारंट के आधार पर वारंटी अभियुक्त विवेक कुमार उर्फ विकाश पुत्र नन्दलाल उर्फ नन्दु निवासी बगिया थाना कोन जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध एसटी नंबर 499/25 में धारा 115(2), 352, 351(2) बीएनएस तथा 3(1)(द), ध व 3(2)VA एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। कोन पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### 31 मार्च को महावीर जयंती पर भी खुलेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

प्रतापगढ़। सहायक महानिरीक्षक निबन्धन यादवेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित 24100 लाख रुपये के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष फरवरी 2026 तक मात्र 19489.37 लाख रुपये की प्राप्ति हुई है, जो अपेक्षित लक्ष्य से काफी कम है। यह स्थिति संतोषजनक नहीं है।इसी क्रम में 31 मार्च को महावीर जयंती के सार्वजनिक अवकाश के दिन भी जनपद के सभी उप-निबन्धक कार्यालय सामान्य कार्यदिवसों की भांति खुले रहेंगे और विलेख पंजीकरण का कार्य नियमित रूप से किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य न केवल राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करना है, बल्कि आम नागरिकों को भी अतिरिक्त सुविधा प्रदान करना है, जिससे वे अवकाश के दिन भी अपने जरूरी कार्य आसानी से निपटा सकें।

# सीएम पोर्टल पर शिकायत के समाधान का डीएम व एसपी ने लिया संज्ञान, किया स्थलीय निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दो भाईयों के बीच जलनिकासी के विवाद के समाधान को लेकर सोमवार को अचानक डीएम व एसपी गांव आ पहुंचे। सांगीपुर थाना क्षेत्र के भुड़हा गांव में दो सगे भाई फौजी हैं। इनमें से एक सदाशिव सेना में तैनात है। दूसरा भाई शैलेन्द्र सिंह सेना से रिटायर्ड हैं। दोनों भाईयों के बीच लम्बे समय से जलनिकासी को लेकर विवाद बना हुआ है। सेना में तैनात सदाशिव सिंह ने सीएम दरबार में समस्या को लेकर शिकायत दर्ज करा दी। शासन द्वारा मानीटरिंग में फौजी की शिकायत को गंभीरता से लिया गया। शासन के फरमान पर जिले के डीएम शिव सहाय अवस्थी तथा एसपी दीपक भूकर दोपहर प्रशासनिक अमले के साथ गांव पहुंच गये। डीएम व एसपी ने दोनों पक्षों की शिकायत को संयुक्त रूप से सुना। डीएम



और एसपी ने शिकायत को लेकर दोनों पक्षों से मिलजुलकर समाधान करने के कड़े निर्देश दिये।अफसरो ने दोनों पक्षों को आगाह किया कि शांति व्यवस्था में कहीं से भी बाधा आयी तो स्थानीय प्रशासन के स्तर पर कडी कार्रवाई होगी। इसके बाद डीएम व एसपी लालगंज निरीक्षण गृह पहुंचे। यहां भी अफसरो ने मौजूद लोगों की शिकायतो की सुनवाई करते हुए समाधान कराए जाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान लालगंज एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा भी मौजूद रहे।

# पीसीएस परीक्षा में लालगंज के मेधावियों ने लहराया परचम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीसीएस परीक्षा में लालगंज के प्रतिभाशाली मेधावियों ने सफलता का परचम लहराया है। पीसीएस परीक्षा का परिणाम आने पर सफल मेधावियों को क्षेत्रवासियों ने बधाई दी और जनपद के लिए गौरवपूर्ण ठहराया है। लालगंज नगर के जैनपुर निवासी अजीत शुक्ल की पुत्री अवंतिका ने नायब तहसीलदार पद पर सफलता हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। अवंतिका के पति अभिषेक तिवारी उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर तैनात हैं। अवंतिका की सफलता पर अंकुर पाण्डेय, महेन्द्र प्रताप मिश्र, कपिल, प्रेमप्रकाश पाण्डेय आदि ने खुशी जतायी है।लालगंज के रामगढ़ रैला निवासी



श्रीप्रकाश पाण्डेय पुत्र स्व0 रामफेर पाण्डेय ने बीडीओ पद पर सफलता हासिल की है। श्रीप्रकाश की सफलता पर देवानंद मिश्र, हनुमान प्रसाद तिवारी, जयप्रकाश पाण्डेय, सत्यप्रकाश पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, लालमणि शुक्ल, बद्री विशाल पाण्डेय, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, शशांक शेखर आदि ने खुशी जताई है। चकौड़िया निवासी सुशील पाण्डेय की पुत्री ज्योति पाण्डेय ने भी नायब तहसीलदार पद पर सफलता का परचम





लहराया है। ज्योति की सफलता पर राजेश पाण्डेय, राजू पाण्डेय, देवेश त्रिपाठी आदि ने खुशी साझा की।

# मुख्य सड़क पर बहाया जा रहा है गंदा पानी, राहगीरों व स्कूली बच्चों को हो रही है भारी परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंड:-** हिरणपुर-पाकुड़ मुख्य सड़क पर हाथकाठी मंडल टोला क्षेत्र में कुछ घरों द्वारा बाथरूम एवं शौचालय का गंदा पानी सीधे सड़क पर बहाए जाने से गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। रवींद्रनाथ टैगोर चौक (सुंदरी चौक) से लेकर हाई स्कूल मुख्य सड़क तक कई स्थानों पर जलजमाव एवं गड्ढों की स्थिति बन गई है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रतिदिन सड़क पर बहाए जा रहे गंदे पानी के कारण जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी जमा रहता है। इससे राहगीरों, विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फिसलन एवं दुर्गंध के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि एक ओर जिला प्रशासन द्वारा सड़कों की मरम्मत कर उन्हें दुरुस्त रखने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं कुछ लोगों की लापरवाही से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों ने विभागीय अधिकारियों और जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर ऐसे लोगों के विरुद्ध शीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके और आमजन को राहत मिल सके।

# 41 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण, 89 का शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम के क्रम में जनपद में 41 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण तथा 3 परियोजना कार्यालयों सहित 89 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया गया। साथ ही 576 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक जय प्रकाश निषाद, विधायक दीपक मिश्र 'शाका' तथा




विधायक सुरेंद्र चौरसिया सहित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न परियोजनाओं में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इसी क्रम में विकास खंड बैतालपुर सभागार में बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा 38 नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र मुख्य अतिथि विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की योजनाओं, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में आईसीडीएस विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्धार्थनगर में पुरानी रंजिश में युवक को मारा चाकू, हालत गंभीर, प्राथमिकी दर्ज

**सिद्धार्थनगर।** जिले के पथरा बाजार थाना क्षेत्र में रविवार की रात एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। बसडीला मोदीनानकार गांव में पुरानी रंजिश के चलते हुए इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। गांव निवासी अशफाक पर उसी गांव के समीर अहमद अंसारी ने रविवार की रात हमला किया। बताया जाता है कि आरोपी पहले अशफाक के घर पहुंचा और उसके बारे में पूछताछ की। इसके बाद वह वापस चला गया और गांव के पोखरे के पास घात लगाकर अशफाक पर अचानक हमला कर दिया। आरोपी ने अशफाक के पेट पर कई वार किए, जिससे उसकी आंतें बाहर आ गईं। वह मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए बस्ती के एक निजी अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अशफाक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेफर कर दिया। कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि उसकी स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी समीर अहमद अंसारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।


### दो पक्षों में मारपीट तीन जखमी




**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के कुसम्ही गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन लोग जख्मी हो गए , जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना सोमवार की सुबह की बताई जा रही है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार में भर्ती कराया गया। पीएससी के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर स्थित बेहतर होने पर दो घायलों को छुट्टी दे दी है। ग्रामीणों ने बताया कि कुसम्ही गांव निवासी कन्हैया शर्मा पुत्र मिठाई शर्मा के जमीन में से विपक्षी रास्ता निकाल रहा था। मना करने पर दोनों पक्ष आक्रोशित हो कर दोनों पक्ष के बीच मारपीट होने लगी। मारपीट के दौरान एक पक्ष के कन्हैया शर्मा 45 वर्ष एवं उनकी पत्नी परम शीला 40 वर्ष व पुत्र रोहित शर्मा 21 वर्ष घायल हो गए जिसमें कन्हैया शर्मा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा विपक्षियों को पकड़ कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

### अनियंत्रित कार ने पैदल जा रहे दो लोगों को मारी टक्कर

#### जिसमें एक किशोर की मौत, दूसरा ट्रामा सेण्टर रेफर



**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लालगंज हलिया मार्ग पर बरी गाँव में सोमवार को तीन बजे दिन अनियंत्रित कार के टक्कर से पैदल जा रहे एक किशोर की मौत हो गयी कार के टक्कर से आगे जा रहा दूसरा ब्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की सूचना पर एम्बुलेंस से घायल को हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेण्टर रेफर कर दिया है। हलिया गाँव निवासी इश्माल का 15 वर्षीय पुत्र मुक्तार मुहम्मद किसी काम से बरी गाँव गया था जहाँ से लौट रहा था कि मीरजापुर की तरफ से आ रही अनियंत्रित क्रेटा कार ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे किशोर की घटना स्थल पर मौत हो गयी वही आगे पैदल चल रहे हलिया? कस्बा निवासी राहुल 19 वर्ष को टक्कर मारते हुए आगे खडी बसुहरा गाँव निवासी शिवचरन की बाइक को टक्कर मारते हुए कार चालक ने गाड़ी को थाने पर खडी कर दिया है सूचना पर पहुचे थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने घटना स्थल का मुआयना करते हुए शव को पीएम के लिये भेज दिया है मृतक अकेला लडका था । पिता श्माइल मौत की सूचना पर बेहोश हो गये माता इश्वरी का रो रो कर बुरा हाल है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान को प्रभावी बनाने हेतु जिला पंचायत में बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**शहडोल।** जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को जन आन्दोलन बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों का कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति की अध्यक्षता में जिला पंचायत में बैठक सम्पन्न हुई। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि गांव-गांव में जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने जन अभियान परिषद को निर्देश दिए कि दीवार लेखन, रैली, संगोष्ठी आदि का आयोजन कर श्रमदान के माध्यम से जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण एवं पुराने जल स्त्रोंतों का जीर्णोद्धार पर विशेष ध्यान दिया जाए। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभाग एवं वन समितियों के माध्यम से बोल्डर चेकडेम, कन्टूरट्रेंच , परकुलेशन टैंक तथा नए तालाबों का निर्माण एवं पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार कार्य प्राथमिकता से करें। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों में रूफ हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा विभाग डीपीसी तथा जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को अभियान चलाकर पानी की टंकियों की सफाई करने, स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था करने तथा रूफ हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग को हैण्डपंपों के आस-पास साफ-सफाई एवं सोख पिट बनाने स्कूल, छात्रावास तथा अस्पतालों में पेयजल की टेस्टिंग करने तथा जल समितियों का गठन कर पंप ऑपरेटरों, जल समितियों के सदस्यों एवं जन अभियान परिषद की समितियों को पानी टेस्टिंग एवं नल जल संधारण के प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए।

जल संसाधन विभाग को लघु सिंचाई योजनाओं, नहरों की मरम्मत, स्टॉप डैम, बैराज आदि के गेट की मरम्मत के साथ ही जल संरचनाओं के आस पास के अतिक्रमण हटाने तथा जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग को माईक्रों एरिगेशन क्षेत्र के विस्तार एवं जल चौपाल तथा कार्यशालाओं का आयोजन कर जन जागरूकता लाने के निर्देश दिए। इसी तरह किसान कल्याण विभाग को नए बलराम तालाबों का निर्माण तथा पुराने बलराम तालाबों की डिसिल्टिंग कर पुनः उपयोगी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा ने आयोजित की दो दिवसीय कार्यशाला



**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकास खंड के गलरा गांव स्थित पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी गड़बड़ा मंडल द्वारा सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, सांगठनिक संरचना और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए प्रशिक्षित और ऊर्जावान बनाने पर जोर दिया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष बालेन्दु मणि त्रिपाठी द्वारा भाजपा का इतिहास व वैचारिक अधिष्ठान बारे में बताया । भाजपा जिला मंत्री स्वामी नाथ सिंह ने कार्य पद्धति बारे में बताया। जिला उपाध्यक्ष गौरव उमर ने संगठन का विस्तार व सुदृढ़ीकरण बारे में बताया। इस दौरान विपुल सिंह ज्ञानेश्वर दुबे मिथिलेश सिंह जयप्रकाश तिवारी संजय तिवारी कुलदीप सरोज धीरज केसरी सौरभ प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## 'नहीं दूंगा, जो करना है कर लो', सिलेंडर मांगने पर एजेंसी मैनेजर ने युवक के साथ की हाथापाई, दर्ज हुई शिकायत




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल (मध्य प्रदेश):** प्रदेश में एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत और डिलीवरी में हो रही देरी अब विवादों का कारण बनने लगी है। ताजा मामला शहडोल जिले के जयसिंहनगर का है, जहां एक एचपी गैस एजेंसी (अमझोर) पर सिलेंडर की जानकारी लेने पहुंचे युवक के साथ मैनेजर द्वारा अभद्रता करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक अभिजीत कुमार यादव जब अपनी बुकिंग के बावजूद सिलेंडर न मिलने की शिकायत लेकर एजेंसी पहुंचे, तो वहां हंगामा खड़ा हो गया। युवक का आरोप है कि उसे सिलेंडर डिलीवर होने का मैसेज तो मिल गया था, लेकिन असल में गैस नहीं दी गई थी। जब उसने इस पूरी प्रक्रिया का वीडियो बनाना शुरू किया, तो मैनेजर अपना आपा खो बैठा। वीडियो में मैनेजर को साफ तौर पर यह कहते सुना जा सकता है कि, 'तू वीडियो बना, तुझे जहां भेजना है भेज दे, मैं तुझे गैस नहीं दूंगा। मैनेजर ने युवक को धमकी देते हुए वीडियो रिकॉर्डिंग बंद करने की कोशिश की।

**पीड़ित ने पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत**

अभिजीत यादव के अनुसार, जब उन्होंने सिलेंडर मिलने का समय पूछा, तो मैनेजर ने न केवल बदतमीजी की बल्कि कैमरा नीचे करने का दबाव बनाते हुए मोबाइल छीनने और हाथापाई करने लगे. पीड़ित युवक ने इस घटना की लिखित शिकायत जयसिंहनगर थाने में दर्ज कराई है। युवक ने घटना का वीडियो साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंप दिया है।

**घटना ने गैस वितरण प्रणाली पर उठाए सवाल**

मध्य प्रदेश के कई हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जहां समय पर डिलीवरी न होने के कारण एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा हो रही है। इस घटना ने एक बार फिर गैस वितरण प्रणाली और एजेंसी प्रबंधकों के व्यवहार पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## दिल्ली पुलिस ने पीएचक्यू में पिप्पिंग सेरेमनी का आयोजन किया: रिटायरमेंट पर 145 कर्मियों को मानद रैंक से सम्मानित किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली:** स्थित पुलिस मुख्यालय के 'आदर्श ऑडिटोरियम' में एक भव्य 'पिप्पिंग सेरेमनी' का आयोजन किया गया। इस समारोह में, 'मानद रैंक पदोन्नति योजना' (मानद रैंक पदोन्नति योजना) के तहत रिटायर हो रहे 145 पुलिस कर्मियों को मानद रैंक से सम्मानित किया गया। दिसंबर में इस पहल की शुरुआत होने के बाद से, यह इस तरह का चौथा समारोह था।?इस समारोह की अध्यक्षता दिल्ली के पुलिस कमिश्नर, श्री सतीश गोलछा ( आईपीएस) ने की। उन्होंने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर, रिटायर हो रहे पुलिस कर्मी जो कांस्टेबल से लेकर सब-इंस्पेक्टर रैंक तक के थे उनको अगले उच्च मानद रैंक के बैज लगाकर औपचारिक रूप से सम्मानित किया।अपने संबोधन में, दिल्ली के पुलिस कमिश्नर ने समारोह में उपस्थित दिल्ली पुलिस परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रिटायर हो रहे कर्मियों और उनके परिवारों के चेहरों पर दिखाई देने वाली खुशी और गर्व, हमें और भी अधिक मेहनत और लगन से काम करने के लिए प्रेरित करता है और हमारे साहस व संकल्प को और भी मजबूत बनाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रिटायरमेंट का मतलब दिल्ली पुलिस के साथ उनके जुड़ाव का अंत नहीं है; वे हमेशा पुलिस परिवार का एक अभिन्न अंग बने रहेंगे। आगे बोलते हुए, दिल्ली के पुलिस कमिश्नर ने कहा कि आज ये पुलिस कर्मी एक गौरवशाली सेवा देने के बाद रिटायर हो रहे हैं। पुलिस की नौकरी केवल एक 'जॉब' (काम) नहीं है, बल्कि यह वास्तव में एक 'जुनून' है–एक ऐसा जुनून जो 35-40 वर्षों की सेवा के दौरान, लंबे-लंबे घंटों तक कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने पुलिस कर्मियों के परिवारों द्वारा दिए गए बलिदानों की भी सराहना की, विशेष रूप से उस समय घर-परिवार की जिम्मेदारियों को संभालने के लिए, जब पुलिस कर्मी अपनी कठिन और व्यस्त ड्यूटी में लगे रहते हैं। रिटायर हो रहे पुलिस कर्मियों को राष्ट्र और समाज की सेवा में रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दिल्ली के पुलिस कमिश्नर ने उनके रिटायरमेंट के बाद के जीवन के लिए भी उन्हें स्वस्थ, सुखी और संतोषजनक जीवन की शुभकामनाएं दीं।जिन कर्मियों को मानद रैंक से सम्मानित किया गया, उनमें शामिल थेः हेड कांस्टेबल से असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर एऐसआई) बनने वाले 10 कर्मी; असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर ए एस आई से सब-इंस्पेक्टर बनने वाले 38 कर्मी। और सब-इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर बनने वाले 97 कर्मी।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ, रिटायर हो रहे पुलिस कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों ने भी इस समारोह में शिरकत की, जिससे यह अवसर और भी अधिक यादगार बन गया।

## पत्रकार रवि गर्गवंशी रवि शुक्ल की अवैधानिक गिरफ्तारी व उत्पीड़न के विरोध में पत्रकारों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** जनपद में पत्रकारों ने एकजुट होकर पत्रकार रवि गर्गवंशी रवि शुक्ल की अवैधानिक गिरफ्तारी व उत्पीड़न और पत्रकारों के सम्मान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कथित हमले के खिलाफ जनपद गोंडा में पत्रकारों का आक्रोश खुलकर सामने आया। द जर्नलिस्ट एसोसिएशन (पत्रकार संगठन), जनपद गोंडा के बैनर तले शनिवार को पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा एवं आईजी देवीपाटन रेंज गोंडा को ज्ञापन सौंपकर पत्रकार की ससम्मान रिहाई व दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के साथ ही न्याय की मांग की है।संगठन के जिलाध्यक्ष एमडी मौर्य के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में पत्रकार पवनदेव सिंह, लखनलाल मिश्रा, अमरेश प्रजापति, महेश गोस्वामी, कुलदीप शुक्ल, कांशीराम मौर्य, अनुराग मिश्र, सुधीर पाण्डेय, वीरेंद्र तिवारी, अंकज मिश्र, सलीम अहमद खान, सुधीर तिवारी, श्यामफूल तिवारी, खुशबू कनौजिया, ज्ञान प्रकाश चौहान सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि पत्रकार रवि गर्गवंशी उर्फ रवि प्रकाश शुक्ल निवासी बलरामपुर को दिल्ली पुलिस द्वारा कथित रूप से अवैधानिक तरीके से गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेजा गया तथा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया,जो बेहद निंदनीय और चिंताजनक है। पत्रकारों ने इसे न केवल एक व्यक्ति विशेष पर कार्रवाई बताया, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला करार दिया। पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार समाज सदैव निष्पक्ष और निर्भीक होकर जनहित के मुद्दों को उठाता है। ऐसे में किसी पत्रकार के साथ इस प्रकार की कार्रवाई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का प्रयास है, जिससे पूरे पत्रकार समुदाय में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने तीन प्रमुख मांगें रखीं गई हैं कि पत्रकार रवि गर्गवंशी (रवि शुक्ल) की ससम्मान रिहाई कराकर प्रकरण



की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए, अवैधानिक गिरफ्तारी में संलिप्त दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाया जाए भविष्य में पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने हेतु ठोस दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। पत्रकारों ने प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान सभी पत्रकारों ने एकजुटता दिखाते हुए लोकतंत्र और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा का संकल्प दोहराया।

## दिल्ली सरकार ने गोशालाओं के लिए जारी किए 20.26 करोड़ रुपये, लाइसेंस नवीनीकृत




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी के चार गोशालाओं के लंबे समय से लंबित लाइसेंस और लीज समझौते को नवीनीकृत कर दिया है। मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गोशालाओं के प्रतिनिधियों को लीज एक्सटेंशन समझौते के प्रमाणपत्र प्रदान किए। गोशालाओं के बकाया भुगतान के साथ ही आधुनिक बायोगैस का आधारभूत ढांचा स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता भी दी गई।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की पशुपालन इकाई के अंतर्गत चल रही चार गोशालाओं सुल्तानपुर डबास, रेवला खानपुर, हरेवली और सुरहेड़ा के प्रतिनिधियों को चारा भुगतान और बकाया राशि के 20.26 करोड़ रुपये दिए। इसमें 7.64 करोड़ रुपये जून 2024 से मार्च 2025 तक के बकाया भुगतान के लिए और 12.62 करोड़ रुपये अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक के चारे के खर्च के लिए दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य शीघ्र ही 40 गोशालाओं में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रथम चरण में 10 आधुनिक गोशालाओं के विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। गोवंश की सेवा में किसी भी वित्तीय या प्रशासनिक बाधा को आड़े नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि गोशालाओं का उचित प्रबंधन केवल सरकारी बजट से नहीं, बल्कि सरकार और समाज के बीच निरंतर सहयोग और मानवीय संवेदनाओं के मेल से ही संभव है।

## महिला संबंधी अपराध में लिप्त अभियुक्त गिरफ्तार




**चुनार, मीरजापुर।** रविवार को कोतवाली में एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादिनी के घर में घुसकर छेड़खानी, अश्लील हरकत करने तथा घर के सामान में तोड़फोड करते हुए गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त महिला सम्बन्धित अपराध की घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना चुनार पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में सोमवार को उप निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम धौरहरा से नामजद अभियुक्त अमित साहनी पुत्र पंचम साहनी निवासी सराय टेकउर थाना चुनार को जेल भेजा गया।

## डस्टबिन में मिले जुड़वां बच्चियों के शव, आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार: बलिया के पूर्वांचल अस्पताल कांड में बड़ी कार्रवाई

### ● ऑपरेशन के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में फरार चल रहे डॉक्टर को पुलिस ने दबोचा, अस्पताल पहले ही हो चुका है सील




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया** जनपद के चर्चित पूर्वांचल अस्पताल कांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉक्टर आदित्य सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने उसे पकड़कर मेडिकल परीक्षण के बाद कोतवाली लाकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। यह मामला 14 मार्च का है, जब महिला अस्पताल रोड स्थित पूर्वांचल अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान एक प्रसूता और उसकी जुड़वां बच्चियों की मौत हो गई थी। मृतका की पहचान दुबहड़ थाना क्षेत्र के रामपुर बोहा गांव निवासी 28 वर्षीय रिंकू यादव के रूप में हुई थी।

**परिजनों का आरोप- लापरवाही से गई जान**

मृतका के पति सोनू यादव ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन को पहले ही रिंकू की गंभीर स्थिति, खासकर कम रक्तचाप के बारे में जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद दोनों नवजात बच्चियों को मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, प्रसूता की हालत बिगड़ने पर उसे मऊ रेफर किया गया, जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**डस्टबिन में मिले नवजातों के शव, मचा हड़कंप**

घटना के बाद अस्पताल में हंगामा शुरू हो गया। जब परिजनों को नवजात बच्चियों के शव नहीं सौंपे गए, तो उन्होंने खुद तलाश शुरू की। इसी दौरान अस्पताल के बाथरूम के पास डस्टबिन में दोनों बच्चियों के शव मिलने से सनसनी फैल गई।

**स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई**

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पूर्वांचल अस्पताल को सील कर दिया था। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) द्वारा पांच सदस्यीय जांच टीम का गठन कर जांच शुरू कर दी गई है।

**पुलिस कार्रवाई जारी**

पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर आरोपी डॉक्टर आदित्य सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद अब आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर अन्य जिम्मेदार लोगों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

## वार्षिक परीक्षा अंक पत्र व पुरस्कार पाकर बच्चे हुए खुश

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के न्याय पंचायत मड़वा के प्राथमिक विद्यालय नहरी में सोमवार को शारदा संगोष्ठी, वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को हुआ। वार्षिक परीक्षा अंक पत्र , मेडल व पुरस्कार पाकर बच्चे खुश हुये। मुख्य अतिथि न्याय पंचायत के कम्पोजिट विद्यालय मगलवा प्रधानाध्यापिका व न्याय पंचायत की वरिष्ठ शिक्षिका गायत्री देवी ने बच्चों को वार्षिक परीक्षा अंक पत्र देते हुये बच्चों व अभिभावकों से कहा कि अगर आप चाहते हैं बच्चा अच्छी पढ़ाई लिखाई करके कुछ बन जायें तो वे बच्चों के आगे कक्षा की पढ़ाई जरूर जारी रखें। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को समाज में शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी साझा किया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शारदा संगोष्ठी व वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम भी पेश किया।




इस दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापक बजरंगी, कविता, वीरेंद्र, विनीता मिश्रा, जय प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

## सिद्धार्थनगर में 141 नव-नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ के लोक भवन सभागार में आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय,गोदाम के लोकार्पण,शिलान्यास किया गया जिसका सजीव प्रसारण जनपद मुख्यालय स्थित अंबेडकर सभागार में देखा गया, इस दौरान जिले की 141 नव-नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। साथ ही जनपद में करोड़ों की लागत से बने आंगनबाड़ी केंद्रों और गोदामों का लोकार्पण व शिलान्यास भी संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री व इटवा विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. सतीश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में महिला व बाल कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन देकर तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों तक पहुंच सकें।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर बच्चे को उसके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा देना है। इसी कड़ी में जनपद में 45 नए आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का लोकार्पण, 3 केंद्रों का शिलान्यास और 5 बाल विकास परियोजना कार्यालय सह गोदाम की आधारशिला रखी गई है। उन्होंने नवनियुक्त सहायिकाओं से बच्चों के सर्वांगीण विकास और पुष्टाहार वितरण में पारदर्शिता बरतने की अपील की।



सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल ने भी सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना की, इससे पूर्व, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सीडीओ बलराम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधकारी राजमणि वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।